सूर्योदय 6:26 सूर्यास्त 5:45

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12.6 न्यू | 22.4 अधि |
| धर्मशाला | 112.2 न्यू | 29.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,952.19 |
| निफ्टी | 25,709.85 |
| सोना 1,34,800 | चांदी 1,77,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 22 अक्तूबर 2025 | 7 कार्तिक, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 294, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702




# हिमाचल में पंचायत चुनाव पर संकट जिलाधीशों ने नहीं बनाया रोस्टर

## हाईकोर्ट और सरकार के आदेशों की अनदेखी, 25 सितंबर थी अंतिम तिथि

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनाव पर संशय गहराता जा रहा है। राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों ने अब तक आरक्षण रोस्टर जारी नहीं किया है, जबकि हाईकोर्ट और पंचायतीराज विभाग के आदेश साफ तौर पर कह रहे हैं कि रोस्टर 25 सितंबर तक हर हाल में लगाया जाना चाहिए था। इस देरी ने न केवल प्रशासनिक गंभीरता पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि चुनाव समय पर होने पर भी संशय पैदा कर दिया है।

जानकारी के अनुसार, साल 2020 में मनीष धर्मेक बनाम राज्य सरकार मामले में हिमाचल हाईकोर्ट ने साफ निर्देश दिए थे कि पंचायत और नगर निकाय चुनावों के लिए आरक्षण रोस्टर चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से तीन महीने पहले जारी किया जाए। अदालत ने यह व्यवस्था इसलिए दी थी, ताकि यदि किसी व्यक्ति को आरक्षण रोस्टर पर आपत्ति हो तो वह समय रहते अदालत में अपील कर सके और कोर्ट को भी निपटारे के लिए पर्याप्त समय मिले। अदालत ने चेतावनी दी थी कि अगर आरक्षण रोस्टर में देरी होगी तो इससे न केवल चुनाव टल सकते हैं, बल्कि नागरिकों के अधिकारों का भी हनन होगा। पंचायती राज विभाग के सचिव ने 15 सितंबर को सभी जिलों के उपायुक्तों को पत्र लिखकर निर्देश दिए थे कि 25 सितंबर तक प्रधान, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति और जिला परिषद सदस्यों के लिए आरक्षण रोस्टर जारी कर दिया जाए। यह तिथि इसलिए तय की गई थी, क्योंकि 2020 में पंचायतों की पहली बैठक एक फरवरी 2021 को हुई थी और उससे पहले चुनाव प्रक्रिया में लगभग 35 दिन लगे थे। इसी आधार पर इस बार भी आरक्षण रोस्टर सितंबर तक लगना जरूरी था, मगर अब एक महीने से अधिक का समय बीत चुका है और अभी तक किसी भी जिले में यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है।

आरक्षण रोस्टर में हो रही देरी पर भारतीय जनता पार्टी लगातार सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार पर निशाना साध रही है। मौजूदा प्रतिनिधियों का कार्यकाल 23 जनवरी 2026 को समाप्त हो रहा है। संविधान के अनुसार राज्य चुनाव आयोग को इस तिथि से पहले चुनाव कराना अनिवार्य है।




### कब होगा रोस्टर जारी

**हाईकोर्ट** के आदेश, सरकारी निर्देश और संवैधानिक बाध्यताओं के बावजूद रोस्टर जारी न होना एक गंभीर लापरवाही मानी जा रही है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो हिमाचल में पंचायत चुनाव टलना तय माना जा रहा है। अब सबकी नजर सरकार और राज्य चुनाव आयोग पर है कि वे इस स्थिति से कैसे निपटते हैं।

# कोटला-बड़ोग में बनेगा आधुनिक नशा मुक्ति केंद्र : सीएम सुक्खू



नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र की समीक्षा बैठक में उपस्थित मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व अन्य।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**100 बिस्तरों की होगी क्षमता, एक ही छत के नीचे मिलेगी हर सुविधा**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सिरमौर जिले के कोटला-बड़ोग में प्रस्तावित आधुनिक नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र के निर्माण कार्यों की मंगलवार को शिमला में समीक्षा की। बैठक में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नशा मुक्ति की दिशा में ठोस कदम उठा रही है और इस केंद्र को प्रदेश में एक मॉडल सुविधा के रूप में विकसित किया जाएगा। इस केंद्र में कुल 100 बिस्तरों की क्षमता होगी। यहां पुस्तकालय, व्यायामशाला, खेलकूद गतिविधियां, योग साधना, कौशल और व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। चिकित्सा सुविधा के लिए चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ आदि तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना के लिए राज्य सरकार द्वारा 534.36 लाख रुपए स्वीकृत किए जा चुके हैं।

बैठक में सोलन और सिरमौर के उपायुक्त वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने उन्हें निर्देश दिए कि केंद्र की स्थापना के लिए पशुपालन विभाग की भूमि को शीघ्र सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को हस्तांतरित किया जाए। बैठक में मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, अतिरिक्त मुख्य सचिव श्याम भगत नेगी आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज शॉर्ट्स

### अमृतसर में दो लोग हथगोले समेत दबोचे

**एजेंसी, अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने अमृतसर में आतंकी हमले की बड़ी साजिश को नाकाम करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान महकदीप सिंह उर्फमहक और आदित्य उर्फ अधी के रूप में हुई है। इनके पास से एक रॉकेट चालित हथगोला भी बरामद किया गया है, जिसका इस्तेमाल एक लक्षित आतंकी हमले में किया जाना था। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि कार्रवाई अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के सहयोग से खुफिया सूचना के आधार पर की। (अनंत ज्ञान)

### 'हैप्पी दिवाली' कहकर अलविदा हुए असरानी

**एजेंसी, मुंबई।** जयपुर निवासी मशहूर अभिनेता गोवर्धन असरानी (84) का



दिवाली वाले दिन सोमवार को निधन हो गया। उनकी लंग्स में पानी भर गया था। उनको जुहू अस्पताल में भर्ती करवाया था। उन्होंने दिन में इंस्टाग्राम पर 'हैप्पी दिवाली' का पोस्ट किया और इसके चंद घंटे बाद वह दुनिया को अलविदा कह गए। (अनंत ज्ञान)

### हिमाचल मंत्रिमंडल की बैठक 25 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक 25 अक्तूबर को राज्य सचिवालय शिमला में आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में प्रदेश सरकार कई अहम फैसले ले सकती है। बैठक में आगामी शीतकालीन सत्र की तैयारियों को अंतिम रूप देने के साथ-साथ जनहित से जुड़े नए प्रस्तावों को भी मंजूरी दी जा सकती है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- सलौणी में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान जलकर राख, लाखों का नुकसान -पेज 2
- डोहग प्लोटी में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत -पेज 5
- दिवाली पर बिलासपुर में खरीदारी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड -पेज 6
- 15 मील में बनेगा 15 करोड़ का नया मोटरेबल पुल -पेज 11
- शुगर और हाई बीपी के लिए रामबाण काला गेहूं -पेज 12

# हाईकोर्ट का बड़ा फैसला : नाबालिग के प्राइवेट पार्ट को छूना भी रेप

एजेंसी, मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने पोक्सो मामलों में अहम फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि नाबालिग के साथ यौन अपराध में थोड़ी भी पेनिट्रेशन को बलात्कार माना जाएगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसे मामलों में नाबालिग की सहमति का कोई महत्व नहीं होगा।




वर्धा जिले के 38 वर्षीय ड्राइवर की अपील खारिज करते हुए कोर्ट ने उसकी 10 साल की सजा और 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा बरकरार रखी। आरोपी पर दो नाबालिग लड़कियों के यौन उत्पीड़न का आरोप था। जस्टिस निवेदिता मेहता की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि बच्चियों, उनकी मां के बयानों और मेडिकल-फोरेंसिक सबूतों से अपराध साबित हुआ है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि घटना के 15 दिन बाद की गई मेडिकल जांच में चोट न होना, आरोपी की हरकत को केवल 'कोशिश' मानने का आधार नहीं बन सकता। मामले के अनुसार आरोपी ने अमरूद का लालच देकर 5 और 6 साल की दो बच्चियों को अपने पास बुलाया और उन्हें अश्लील फिल्म दिखाकर गलत हरकत की। आरोपी को पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी ठहराया गया था। इस फैसले को कानूनी विशेषज्ञ पॉक्सो एक्ट के तहत नाबालिगों की सुरक्षा को मजबूत करने वाला अहम कदम बता रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप ने चीन पर 155 फीसदी तक टैरिफ लगाने की दी धमकी

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने धमकी दी कि अगर राष्ट्रपति शी जिनपिंग वॉशिंगटन के साथ 'निष्पक्ष समझौते' पर हस्ताक्षर नहीं करते हैं, तो वे चीनी वस्तुओं पर 155 फीसदी तक का टैरिफ लगा देंगे। ट्रंप के इस बयान के बाद दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार को लेकर तनाव फिर से बढ़ गया है। यह चेतावनी ऐसे वक्त में आई है, जब ट्रंप ने व्हाइट हाउस में ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के साथ एक महत्वपूर्ण खनिज समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने और चीन पर निर्भरता कम करने की कोशिशों का हिस्सा है। (अनंत ज्ञान)



# पंजाब के पूर्व डीजीपी ने बहू से अवैध संबंधों के चलते की बेटे की हत्या

एजेंसी, पंचकूला

**पूर्व मंत्री मां सहित चार लोगों पर एफआईआर दर्ज**

हरियाणा के पंचकूला के मनसा देवी कांप्लेक्स (एमडीसी) में पंजाब के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा के बेटे अकील अख्तर की संदिग्ध मौत में अब पुलिस ने हत्या और आपराधिक षड्यंत्र रचने का मामला दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस ने पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा, उनकी पत्नी, बेटी, बहू पर केस दर्ज किया गया है।

अहम बात है कि इस मामले में पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा और उनकी बहू के अवैध संबंधों का दावा किया गया है। खुद अकील अख्तर ने अपने पिता और पत्नी के अवैध संबंधों का जिक्र एक वीडियो में किया था। जानकारी के अनुसार, पंजाब की पूर्व मंत्री रजिया सुल्ताना और पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा के बेटे अकील की मौत हाल ही में हुई थी। पहले कहा गया था कि ड्रग ओवरडोज के चलते अकील की मौत हुई है, लेकिन मामले में पड़ोसी शमसुद्दीन ने गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि अकील की पत्नी और पिता के बीच अवैध संबंध थे, जिसमें रजिया सुल्ताना भी शामिल थी। घटना के तुरंत बाद ही पूर्व डीजीपी अपने बेटे के शव को यूपी के सहारनपुर ले गए थे। (अनंत ज्ञान)

# एशिया कप ट्रॉफी देने को तैयार हुए मोहसिन नकवी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एशिया कप-2025 के फाइनल में ट्रॉफी लेकर भागने वाले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और एशियन क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन मोहसिन नकवी 10 नवंबर को भारत को ट्रॉफी देने को तैयार तो हैं, लेकिन उन्होंने बीसीसीआई के सामने एक शर्त रख दी है। उन्होंने कहा कि दुबई में होने वाले कार्यक्रम में यदि भारत आ जाता है तो उसे ट्रॉफी सौंप दी जाएगी। टीम इंडिया ने फाइनल में पाकिस्तान को मात देकर एशिया कप का खिताब अपने नाम किया था। भारत ने पहलगाम में हुए हमले के कारण फैसला किया था कि वह न तो पाकिस्तानी टीम से हाथ मिलाएगा और न ही किसी पाकिस्तानी अधिकारी से ट्रॉफी लेगा। (अनंत ज्ञान)

# भारत ने मर्यादा का पालन किया, ऑपरेशन सिंदूर के जरिए अन्याय का बदला लिया : पीएम मोदी

एजेंसी, नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दीपावली के अवसर पर देश के नागरिकों को एक पत्र लिखा। इसमें उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलताओं और नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई पर प्रकाश डाला। साथ ही कहा कि जब दुनिया संकटों से घिरी हुई है, तब ऐसे समय में भारत स्थिरता के प्रतीक के रूप में उभरा है।

मोदी ने पत्र में कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारत ने न केवल धर्म का पालन किया, बल्कि अन्याय का बदला भी लिया। उन्होंने जीएसटी दरों को कम करने के निर्णय को अपनी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। साथ ही कहा कि 'जीएसटी बचत उत्सव' के दौरान नागरिक हजारों करोड़ रुपए बचा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को बढ़ावा देने के लिए स्वदेशी अपनाने, सभी भाषाओं का सम्मान करने, स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और योग को अपनाने का भी आग्रह किया।

मोदी ने स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर नौसैन्य कर्मियों के साथ दिवाली मनाने के एक दिन बाद देशवासियों को लिखे एक पत्र में कहा कि ये सभी प्रयास हमें तेजी से विकसित भारत की ओर ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी को ऊर्जा और उत्साह से भरे पावन पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। अयोध्या में राम मंदिर के भव्य निर्माण के बाद यह दूसरी दीपावली है। (अनंत ज्ञान)




**उपलब्धि** डीएमआर सोलन ने विकसित की औषधीय गुणों से भरपूर नई प्रजाति

# ब्लड शुगर को कंट्रोल करेगी मिल्की मशरूम

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो



मिल्की मशरूम।

अनंत ज्ञान स्पैशल

**सोलन।** देश के एकमात्र खुंब अनुसंधान निदेशालय सोलन ने मिल्की मशरूम की नई प्रजाति पर शोध कर पाया कि यह ब्लड शुगर को रोकने में सहायक है। ऐसे में यह मशरूम उन लोगों के लिए वरदान साबित होगी, जो ब्लड शुगर से ग्रसित हैं। शोध विज्ञानियों का मानना है कि मिल्की मशरूम 321 का उपयोग खाद्य और औषधीय दोनों ही रूप में होता है। इसमें कई औषधीय गुण होते हैं, यह प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है। इसमें फाइबर और बायोएक्टिव कंपाउंड्स ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में सहायक हो सकते हैं।

दावा यह भी है कि इसके सेवन से व्यक्ति जवान रहेगा। यह शाकाहारी लोगों के लिए प्लांट बेस्ड प्रोटीन का बेहतरीन स्रोत है। मिल्की मशरूम विटामिन व प्रोटीन का भी अच्छा स्रोत है। वहीं, कोलेस्ट्रोल, मधुमेह व पित्त के रोगों के लिए लाभकारी है। इसका सबसे ज्यादा उत्पादन दक्षिण भारत में होता है, लेकिन औषधीय गुणों के चलते अब इससे हिमाचल और अन्य राज्यों में भी इसे उगाया जा रहा है। इसे एक महीने में तैयार किया जा सकता है। यह सफेद रंग की होती है और कड़वी नहीं है। किसानों के लिए भी यह फायदेमंद है, क्योंकि इसका उत्पादन अन्य किस्मों से 10 फीसदी अधिक होगा। यह मशरूम खाद्य और औषधीय दोनों रूपों में उपयोगी है प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है। खुंब अनुसंधान निदेशालय इससे पहले वाइट बटन, शिटाके मशरूम उत्पादन की विशषताओं पर शोध कर चुका है, पर मिल्की मशरूम की खूबियां इसकी मांग बढ़ा रहा है। यह वाइट बटन मशरूम से भी सफेद है।

मशरूम कोई हो, उसमें 90 प्रतिशत पानी ही होता है। इस मशरूम की विशेषता यह है कि यह कड़वी नहीं है। मरीज तो इसका फायदा है ही किसानों के लिए भी इसका उत्पादन परंपरागत किस्मों की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक होगा। डीएमआर के देशभर में स्थित 32 केंद्रों पर तीन वर्ष तक चले परीक्षण में विज्ञानियों ने यह सफलता पाई है। मिल्की मशरूम की खेती भारत में 30-35 डिग्री सेल्सियस के उच्च तापमान में होती है।

वहीं, डीएमआर के डॉ. मनोज नाथ ने बताया कि मिल्की मशरूम में सुधार किया गया है। इसके लिए नया बीज तैयार कर इसे उगाने में भी सफलता हासिल की है। इसकी खास बात यह रहेगी कि इसके कसैले स्वाद को खत्म कर दिया गया है। इससे अब इसकी बाजार में भी मांग बढ़ेगी। यह मशरूम कैल्शियम, आयरन समेत अन्य पोषक तत्वों का बेहतरीन स्रोत है।

### बाजार में रहेगी अधिक मांग

**डीएमआर** के निदेशक डॉ. वीपी शर्मा ने बताया कि मिल्की मशरूम की नई प्रजाति का सफल शोध किया है। यह मशरूम बटन से दो गुना अधिक उत्पादन देगी। इसमें कैल्शियम, आयरन, जिंक, विटामिन, फॉस्फोरस सेलेनियम, पोटैशियम और अन्य पोषक तत्वों का बेहतरीन स्रोत है। डीएमआर में बीज तैयार किया जा रहा है। इसे उत्पादकों को प्रदान करने के साथ इसका प्रशिक्षण भी जल्द दिया जाएगा।





## न्यूज ब्रीफ

### सीर खड्ड में अवैध खनन पर 5 ट्रैक्टर जब्त



**अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज उपमंडल के तहत जाहू में सीर खड्ड में दिन प्रतिदिन अवैध खनन होने पर जाहू पुलिस ने पांच ट्रैक्टरों को माइनिंग एक्ट के तहत जब्त कर लिया है। जाहू में लोगों के द्वारा खनन की शिकायतों के आधार पर जाहू पुलिस ने खनन करने वालों के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जाहू पुलिस चैकी प्रभारी प्रताप सिंह की अगुवाई में नाके के दौरान पत्थरों से भरे ट्रैक्टरों के ड्राइवरों ने एम फार्म मांगे तो अपने एम फार्म दिखा नहीं पाए। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पांच ट्रैक्टरों को कब्जे में ले लिया। जाहू पुलिस चैकी प्रभारी प्रताप सिंह ने बताया कि अवैध खनन करने वालों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि पांच ट्रैक्टरों को कानूनी कार्रवाई के अनुसार जबत किया गया है। खनन के विरुद्ध पुलिस की इस कार्रवाई की ग्रामीणों राकेश कुमार, प्रदीप कुमार, अशोक कुमार, कमल कुमार, सोनू कुमार, अमर सिंह, कर्म सिंह मनोज कुमार ने सराहना की है।

### बैडमिंटन टूर्नामेंट शुरू, 32 टीमें ले रहीं भाग




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति हमीरपुर इकाई द्वारा कुठेड़ा में दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 32 टीमें भाग ले रही हैं। यह टूर्नामेंट दो आयु वर्गों 15 वर्ष से ऊपर और नीचे के खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड प्रिंसिपल जगदीश कौशिक रहे, जिन्हें समिति के अध्यक्ष अजय शर्मा ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। शर्मा ने युवाओं को नशे के खिलाफ समिति की मुहिम से जुड़ने का आह्वान किया। मुख्यातिथि कौशिक ने कहा कि खेल गतिविधियां युवाओं को नशे से दूर रखने में मददगार हैं और ऐसी प्रतियोगिताओं को नियमित रूप से आयोजित किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में रेखा गौतम, विजय कुमार, जोगिंदर कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। टूर्नामेंट का समापन कल किया जाएगा।

### जरूरतमंदों को राहत सामग्री की वितरित



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** लहड़ा और पाहलू बल्ही गांवों के आपदा पीड़ित परिवारों के लिए दीपावली इस बार थोड़ी राहत लेकर आई, जब विभिन्न समाजसेवी संस्थाएं उनके लिए मसीहा बनकर सामने आईं। समाजसेवी सज्जनों जगन्नाथ शर्मा, सिमरो देवी, रजनीश जम्वाल और मदनलाल ने सोनिया कुमारी (गांव लहड़ा) और कमल देव (पाहलू बल्ही) को कुल 42,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। इससे पूर्व वरिष्ठ नागरिक संस्था हमीरपुर ने लोहाड़ा और बल्ह गांव के पीड़ितों को चार लाख रुपये की मदद दी थी। साथ ही सनातन सेवा समिति बड़सर और सेवा भारती द्वारा जिला हमीरपुर के 35 आपदा प्रभावित परिवारों को दीपावली से पूर्व सहायता सामग्री वितरित की गई। इसमें गैस चूल्हे, कुक्कर, बिस्तर, कंबल, खाद्य सामग्री, कपड़े, जूते, टॉर्च, तिरपाल, बैग और बच्चों के लिए कॉपियां शामिल थीं। सनातन सेवा समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने कहा कि आने वाले समय में भी संस्थाएं पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी रहेंगी और हर संभव सहायता प्रदान करेंगी।

### दुबई में ड्राइवर बनना है तो 27 को आएं पालकवाह

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** युवाओं को विदेशों में रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एचपीएसईडीसी) के माध्यम से किए गए विशेष प्रावधान के तहत मैसर्स जालंधर कौशल विकास निगम 27 अक्टूबर को सुबह 9 बजे जिला ऊना की तहसील हरोली के गांव पालकवाह के कौशल विकास केंद्र में साक्षात्कार लेगी। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि ये साक्षात्कार दुबई के जेबी अली पोर्ट में आईटीवी ट्रेलर ड्राइवर के पदों हेतु लिए जाएंगे। आवेदक के पास पासपोर्ट और भारी मोटर वाहन का ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए। वह कम से कम दसवीं पास हो और उसे अंग्रेजी का ज्ञान हो। आयु 24 से 41 वर्ष के बीच होनी चाहिए और उसके शरीर पर किसी भी प्रकार का टैटू नहीं होना चाहिए। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि चयनित उम्मीदवारों को 2250 दिरहम (लगभग 52000 रुपये) मासिक वेतन के अलावा 900, 300 और 1050 दिरहम के आवास, भोजन और ओवरटाइम भत्ता इत्यादि भत्ते दिए जाएंगे। चयन होने पर उम्मीदवारों को विदेश मंत्रालय के नियमों के अनुसार 30 हजार रुपये का शुल्क एवं जीएसटी का भुगतान करना होगा।

# सलौणी में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान जलकर राख, लाखों का नुकसान

## दीपावली की रात बाजार में बड़ा हादसा, आग की लपटों में स्वाह हुआ सारा सामान

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के सलौणी कस्बे में दीपावली की रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब बाजार की एक प्रतिष्ठित शारदा इलेक्ट्रॉनिक शॉप में अचानक आग लग गई। इस हादसे में दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गई और लाखों का सामान नष्ट हो गया। अनुमान है कि लाखों का नुकसान हुआ है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग रात करीब 10:00 बजे लगी, जब अधिकांश दुकानदार अपनी दुकानों को बंद कर घर जा चुके थे। लोगों ने दुकान से आग की लपटें निकलती देखीं और उसे बुझाने की कोशिश भी की, लेकिन आग इतनी तेजी से फैली कि कोई कुछ नहीं कर सका। सलोणी बाजार कमेटी के प्रधान संजय चौहान ने बताया कि वे रात 9:30 बजे तक बाजार में मौजूद थे। मात्र 25 मिनट बाद उन्हें सूचना मिली कि बाजार में आग लग गई है। जब तक लोग मौके पर पहुंचे, तब तक दुकान पूरी तरह जल चुकी थी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी बिझड़ी से मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया, जिससे अन्य दुकानों को बचा लिया गया। हालांकि, शारदा इलेक्ट्रॉनिक शॉप में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो चुका था। अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।


सलौणी में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान जलकर राख।

### भाजपा नेता संजीव शर्मा ने जताया दुख

**घटना** की सूचना मिलते ही वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव शर्मा मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित परिवार से मुलाकात कर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। संजीव शर्मा ने प्रशासन से मांग की कि पीड़ित परिवार को शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, ताकि उनका जीवन दोबारा सामान्य हो सके। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दुःखद और पीड़ादायक है, और प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ त्वरित कदम उठाने चाहिए।

प्रशासन द्वारा आगजनी की जांच की जा रही है। दीपावली की रात हुए इस हादसे ने बाजार की खुशियों को मातम में बदल दिया।

# जाहू में दो मंजिला स्लेटपोश गोशाला जलकर हुई राख


भोरंज उपमंडल के जाहू में स्लेशपोश गोशाला में आग लगने के बाद इकट्ठा हुए लोग।

**अनंत ज्ञान, जाहू**

भोरंज उपमंडल के जाहू खूर्द में सोमवार रात को दो मंजिला स्लेशपोश गोशाला जलकर राख हो गई। गोशाला के आग की भेंट चढने से हजारों रूपए का नुकसान होने का अनुमान है। जाहू खूर्द के विजय कुमार व ओम कुमार की गोशाला एक साथ आग लगने से पूरी तरह जलकर राख हो गई। हलांकि अग्निशमन की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई परंतु तब तक गोशाला जलकर राख हो गई थी। दोनों परिवार के सदस्य दीपावली मना रहे थे तब अचानक गोशाला से आग की लपटें देखकर घर के सदस्य व अन्य लोग इक्ट्ठा हो गए ओर आग को बुझाने का कार्य शुरू किया, लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता गोशाला में रखा घास, तूड़ी लकड़ी व अन्य समान जल कर राख हो गया। आग लगने पर गोशाला में बांधे पशुओं को लोगों के द्वारा बाहर निकाला। जाहू पुलिस चौकी प्रभारी प्रताप सिंह ने जाहू खुर्द में दो मंजिला गोशाला के जलने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों की गहनता से जांच की जा रही है।

# पुलिस लाइन हमीरपुर में वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पुलिस कर्मियों व अर्धसैनिक बलों के जवान जो कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी वीर शहीदों को हर साल 21 अक्टूबर को श्रद्धांजलि दी जाती है। उनकी याद में इस दिन को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

मंगलवार को जिला हमीरपुर पुलिस भगत सिंह ठाकुर के नेतृत्व में कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी राज्यों की पुलिस और अर्धसैनिक बलों के सभी वीर शहीद पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन हमीरपुर में भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई तथा माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग से सेवानिवृत हुए कर्मचारी, नगर निगम हमीरपुर के सदस्य उपस्थित रहे, जिनके द्वारा राज्यों की पुलिस और अर्ध सैनिक बलों के सभी वीर शहीद पुलिसकर्मियों को पुलिस लाईन्स हमीरपुर में भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

### पुलिस थाना हमीरपुर में अपहरण का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महिला थाना हमीरपुर में पंजीकृत बिहार निवासी महिला ने नाबालिग बेटी के अपहरण का मामला दर्ज करवाया है। शिकायत में बताया है कि इसकी नाबालिग बेटी को कोई नामालूम व्यक्ति अपहरण करके ले गया है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### ब्यास नदी में मिली लापता व्यक्ति की लाश

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पुलिस थाना नादौन में 8 अक्तूबर को रीना देवी पत्नी सुदेश कुमार गांव कोट वार्ड न0 1 नादौन जिला हमीरपुर ने अपने पति के गुम होने के बारे शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसके बारे गुमशुदगी रिपोर्ट थाना में दर्ज की थी। मंगलवार को उपरोक्त गुमशुदा व्यक्ति का शव पुलिस जिला देहरा के थाना देहरा के क्षेत्राधिकार में व्यास नदी से बरामद किया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# अनुराग ने समीरपुर में परिवार संग मनाई दीपावली

## हमीरपुर और हिमाचल के लोगों को दी शुभकामनाएं, विकास का दिया आश्वासन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**पूर्व** केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने दीपावली अपने पैतृक गांव समीरपुर में परिवार संग मनाई। इस अवसर पर उन्होंने अपने पिता व पूर्व सीएम प्रो. प्रेम कुमार धूमल, माता शीला धूमल और भाई व आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल से आशीर्वाद लिया। अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश और हमीरपुर के लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दीपावली सिर्फ रोशनी का त्योहार नहीं, बल्कि यह विश्वास, आशा और सामूहिक शक्ति का उत्सव है। यह पर्व हर घर में खुशियां और हर दिल में राष्ट्र सेवा का संकल्प जगाए। उन्होंने जनता के निरंतर समर्थन के लिए आभार जताते हुए कहा कि राज्य के विकास और सशक्तिकरण के लिए वह निरंतर कार्य करते रहेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने सेवा, एकता और राष्ट्र निर्माण के मूल्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।



### प्रो. धूमल व अनुराग से मिला भाजपा प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में समीरपुर पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल और हमीरपुर से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बड़सर से विधायक इंद्रदत्त लखनपाल भी उपस्थित रहे। प्रो. धूमल ने सभी कार्यकर्ताओं को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व प्रकाश, सद्भाव और सुशासन का प्रतीक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के प्रति ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करते रहने की अपील की। अनुराग ठाकुर ने भी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि दीपावली प्रगति, आत्मनिर्भरता और एकता का पर्व है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को राज्य के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं से मिलना हर कार्यकर्ता के लिए प्रेरणादायक होता है। उन्होंने प्रो. धूमल और अनुराग ठाकुर को हमीरपुर भाजपा परिवार का मार्गदर्शक बताया। मुलाकात का समापन मिठाइयों और बधाइयों के आदान-प्रदान के साथ हुआ।

# हिंद संग्राम परिषद ने बच्चों के साथ मनाई दीपावली जरूरतमंदों को दी 51,000 रुपए की आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, नादौन**

उपमंडल में जहां लोगों ने दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया वहीं प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था हिन्द संग्राम परिषद ने बच्चों के साथ यह पर्व मना कर बच्चों को खूब उत्साहित किया। तथा जरूरतमंद परिवारों को 51 हजार की आर्थिक सहायता भी वितरित की। परिषद की इकाई नादौन व कांगू की संयुक्त बैठक राम लीला क्लब परिसर नौंहगी में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता परिषद के प्रदेश प्रभारी मोहन सिंह ठाकुर ने की।

इस बैठक में परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता सुदर्शन जरियाल, प्रदेश उपाध्यक्ष के एस धीमान, प्रदेश सलाहकार गुरदयाल सिंह, महासचिव ब्रह्म दास शर्मा, उपाध्यक्ष बेद प्रकाश, मान चन्द, रसीला राम, सुशील कुमार व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया । संस्था के महासचिव ब्रह्म दास शर्मा ने संस्था का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। संस्था में आए प्रार्थना पत्रों पर विचार विमर्श किया गया। मुख्यातिथि राष्ट्रीय पंडित वासुदेव शर्मा व प्रदेश प्रभारी मोहन सिंह के अलावा अतिथियों का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया।




### परिषद ने इन्हें दी आर्थिक सहायता

**इस** बैठक में संस्था ने 51,000 रुपए की आर्थिक सहायता के साथ दिपावली पर्व के उपलक्ष्य पर मिठाइयां भी बांटी। संस्था ने कांगड़ा की सीमा देवी को 2500 रुपए, पवना देवी को 2500 रुपए। हमीरपुर के गलोड़ की प्रवीण कुमारी व उर्मिला कुमारी, नैहरी की निशा देवी, अंशीका, रैल की रितिका,नैना, विशाल को 3000-3000 रुपए की आर्थिक सहायता दी। जंगलू की मीरा देवी व चौक की शशि वाला को 2500-2500 रुपए की आर्थिक सहायता दी। जलाड़ी के आशीष कुमार, सागुन व बवीता को 2000-2000 हजार रुपए व जलाड़ी की पायल को 1500 रुपए दिए गए।

### गरीबों के साथ मनाएं दिवाली पर्व : शर्मा

**इस** बैठक में मुख्य अतिथि पंडित वासुदेव शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली हिंदुओं का मुख्य त्योहार है इस इसलिए दीन दुखियों साथ मिलकर मनाना चाहिए। शर्मा ने कहा कि संस्था लगातार 25 वर्षों से मनाती आ रही है

### भोरंज में रास्ता रोककर की मारपीट

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** पुलिस थाना भोरंज में शिकायतकर्ता मनीष कुमार पुत्र स्व प्रकाश चंद गांव सालवी डा. डेरा परोल ने शिकायत दर्ज करवाया कि जब यह घर के साथ मंदिर में मौजूद था तो कालू नाम के व्यक्ति व अन्य लोगों ने उसका रास्ता रोक कर मारपीट व गाली-गलौज की गई। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### पुलिस थाना सुजानपुर में मारपीट का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** पुलिस थाना सुजानपुर में रक्षा देवी पत्नी हरनाम सिंह गांव व रंगड़ तह सुजानपुर शिकायत दर्ज करवाई है कि जब वह घर में मौजूद थी तो इनके पड़ोसी चन्द्रभान, पूजा पत्नी चन्द्रभान, निर्मला देवी पत्नीयुधवीर सिंह व अमूल प्रकाश ने शिकायतकर्ता के घर पर आकर शिकायतकर्ता व उसके बेटे के साथ गाली-गलौज व मारपीट करी। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# प्रदेश के युवाओं को नशे से बचाकर खेल की राह पर लाना मेरा संकल्प : राजीव राणा


नगरोटा गाजियां में शशि मेमोरियल वॉलीबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया।

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज विधानसभा की ग्राम पंचायत धीरड़ के नगरोटा गाजियां में आयोजित शशि मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (के.के.सी.) के प्रदेश चेयरमैन राजीव राणा ने किया। यह प्रतियोगिता स्व. शशि ठाकुर की स्मृति को समर्पित थी, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर वॉलीबॉल में क्षेत्र और प्रदेश का गौरव बढ़ाया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजीव राणा ने युवाओं से भावनात्मक रूप से जुड़े शब्दों में कहा कि नगरोटा गाजियां और भोरंज की मिट्टी में प्रतिभा की कमी नहीं, कमी है सही दिशा की। नशा हमारे युवाओं के सपनों को छीन रहा है और यह लड़ाई केवल सामाजिक नहीं यह मेरी राजनीतिक प्रतिबद्धता भी है कि इस धरती को नशामुक्त कर खेल और शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने आगे कहा स्व. शशि ठाकुर जैसे खिलाड़ियों की सोच, अनुशासन और उपलब्धियां हमें याद दिलाती हैं कि मैदान से जुड़ा युवा कभी भटकता नहीं। यह टूर्नामेंट युवा मंडल धीरड़ एवं युवा मंडल सौटा द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें 14 टीमों ने भाग लिया। आयोजन में रजत नेगी, गौरव नेगी, विनीत नेगी, प्रियांशु नेगी, प्रशांत शर्मा और निशांत शर्मा ने विशेष भूमिका निभाई।

**सुविधा** दिवाली मनाकर वापस जाने वाले यात्रियों के लिए एचआरटीसी ने चलाई चार अतिरिक्त बसें

# दिल्ली व चंडीगढ़ के लिए चलाई स्पेशल बसें

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** दिवाली का त्योहार सबसे बड़ा त्योहार होता है इसलिए दूसरे प्रदेशों में नौकरी पेशा करने वाले लोग दिवाली मनाने के बाद वापस जाते हैं। ऐसे में घर आने के लिए उन्हें बस का सहारा लेना पड़ता है। इस बार एचआरटीसी हमीरपुर मंडल ने दिवाली को लेकर दिल्ली, चंडीगढ़, नालागढ़ और बद्दी से आने वाले यात्रियों के लिए 107 बसें चलाई थी जिसका यात्रियों ने भरपूर लाभ उठाया। दिवाली के बाद भईयादूज का त्योहार मनाया जाता है उसके बाद यात्रियों की संख्या फिर से बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में एचआरटीसी ने पहले से ही दिल्ली व चंडीगढ़ जाने वाले यात्रियों के लिए 4 बसें 22 अक्तूबर से शुरू कर दी हैं। इसके लिए ऑनलाइन बुकिंग भी शुरू कर दी है। गौर रहे कि भईयादूज के बाद बस स्टैंड पर लोगों की खासी भीड़ नजर आने की संभावना है इसके लिए पहले से ही एचआरटीसी ने प्रबंध कर दिए हैं। गौर रहे कि दिवाली को लेकर सभी लोग अपने घर आते हैं ऐसे में यात्रियों की बहुत अधिक भीड़ हो जाती है जिससे लोगों को आने और जाने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोगों की सुविधा के लिए प्रत्येक वर्ष परिवहन निगम बसें चलाता है जिससे किसी को परेशानी का सामना न करना पड़े। इसलिए जो लोग वापस जाना चाहते हैं वे ऑनलाइन बुकिंग करवा सकते हैं।


दिवाली के दूसरे दिन बस स्टैंड पर लगी लोगों की भीड़।

### ऑनलाइन बुकिंग शुरू भैयादूज के बाद यात्रियों की संख्या में वृद्धि की संभावना

इस बारे में क्षेत्रीय प्रबंधक राहुल कुमार ने बताया कि वापस जाने वाले यात्रियों के लिए एचआरटीसी ने 4 अतिरिक्त बसें 22 अक्तूबर से चलाने का निर्णय लिया है। उन्होंने इसके लिए ऑनलाइन बुकिंग शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि यदि और डिमांड आती है तो दिल्ली और चंडीगढ़ के लिए और बसें भी चलाई जाएंगी।

# नगर निगम के हर वार्ड में पार्किंग की संभावनाएं तलाशें: सुनील शर्मा बिट्टू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने मंगलवार को यहां नगर निगम के कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक करके निगम के क्षेत्र में जारी विभिन्न विकास कार्यों और शहर से संबंधित कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हमीरपुर वासियों को नगर निगम के रूप में बहुत बड़ी सौगात दी है। इससे शहर के चहुमुखी विकास को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम में पूर्ववर्ती नगर परिषद के अलावा हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की 9 और सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की 4 पंचायतें भी शामिल की गई हैं। इस नई निगम में सभी कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए कई नए पद भी सृजित किए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे हर वार्ड में स्थानीय जरूरतों के अनुसार योजनाएं तैयार करें, ताकि इनका सीधा लाभ लोगों को मिल सके। हर वार्ड में प्राथमिकता के आधार पर पार्किंग स्थलों की संभावनाएं तलाशें और लोगों को सीवरेज के कनेक्शन लेने तथा इसकी लाइन बिछाने में सहयोग प्रदान करने के लिए प्रेरित करें।


सीएम के राजनीतिक सलाहकार नगर निगम के विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए।

सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि शहर में जिन महत्वपूर्ण स्थलों का सौंदर्यीकरण किया गया है, उनका रखरखाव सही ढंग से होना चाहिए और सभी पार्कों में ओपन एयर जिम की व्यवस्था भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निगम को राज्य वित्त आयोग से 2 करोड़ रुपए की ग्रांट मिली है और जिलाधीश के माध्यम से भी 10.73 लाख रुपये की ग्रांट दी गई है। सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि भोटा चौक के पास स्ट्रीट फूड हब का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को इसके लिए सभी आवश्यक प्रक्रिया अति शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम के आयुक्त राकेश शर्मा, अतिरिक्त आयुक्त रामप्रसाद और अन्य अधिकारियों ने सुनील शर्मा बिट्टू का स्वागत किया तथा उन्हें विभिन्न विकास कार्यों की ताजा स्थिति से अवगत करवाया। बैठक में एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, पूर्ववर्ती नगर परिषद की पार्षद राधारानी, मीना चैधरी, मनोनीत पार्षद डॉ. हर्ष कालिया, निशांत शर्मा, सुनील ठाकुर, पूर्व पार्षद राजेश चौधरी, अनिल चौधरी, सहायक अभियंता अश्वनी ठाकुर ने भी भाग लिया।

# दिवाली के बाद हिमाचल की हवा बिगड़ी

## कई शहरों में वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में पहुंची, पटाखों और वाहन धुएं से बढ़ा प्रदूषण

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** दिवाली के बाद हिमाचल की हवा बिगड़ गई है और कई शहरों में वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में पहुंच गई है। पटाखों के धुएं, वाहनों की बढ़ी आवाजाही और शहरी गतिविधियों के कारण हवा में सूक्ष्म कणों की मात्रा बढ़ गई है, जिससे सांस लेने में कठिनाई महसूस की जा रही है। हवा में मौजूद सूक्ष्म कणों को तकनीकी भाषा में कणिका तत्व कहा जाता है। इनमें सूक्ष्म कणिका तत्व 2.5 और स्थूल कणिका तत्व 10 प्रमुख हैं। दिवाली के दौरान इनका स्तर कई शहरों में सामान्य सीमा से ऊपर चला गया।

जानकारी के अनुसार राज्य के प्रमुख शहरों शिमला, सोलन, ऊना, बद्दी, परवाणू और मंडी में दिवाली के अगले दिन वायु गुणवत्ता सूचकांक 'खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया। पर्व के दौरान रात भर चले पटाखों और सुबह से बढ़े वाहन यातायात ने वायु प्रदूषण को और बढ़ा दिया। दिवाली के दौरान पटाखों से उठे धुएं और वाहनों के उत्सर्जन ने हवा की गुणवत्ता को प्रभावित किया है। हालांकि यह अत्यधिक प्रदूषित श्रेणी तक नहीं पहुंचा, लेकिन संवेदनशील लोगों, बुजुर्गों और बच्चों को सावधानी बरतनी चाहिए।

अहम बात यह है कि बोर्ड ने शहरों में वायु प्रदूषण की निगरानी बढ़ा दी है। लोग बाहर निकलते समय मास्क पहनें और घरों के अंदर वायु शोधक उपकरणों का प्रयोग करें। स्थानीय निवासियों का कहना है कि शहरों में सड़क की सफाई नियमित रूप से होनी चाहिए और कचरा जलाने पर सख्त रोक लगनी चाहिए।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का कहना है कि राज्य में दिवाली के बाद प्रदूषण का स्तर बढ़ा है, लेकिन स्थिति अभी नियंत्रण में है। हवा में धूल और धुएं की मात्रा में दिवाली के बाद अचानक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पर्व के बाद सजगता की जरूरत है। आम लोगों को चाहिए कि वे अपने स्तर पर भी प्रदूषण कम करने की कोशिश करें, जैसे अनावश्यक वाहन प्रयोग से बचें, सूखी पत्तियों या कचरे को न जलाएं और घरों के आसपास पेड़ लगाएं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ हवा केवल सरकार की नहीं, बल्कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।



- राज्य के प्रमुख शहरों में हवा की स्थिति चिंताजनक
- लोगों से अपील, मास्क पहनें और घरों में रहें

### स्वच्छ हवा को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी: विशेषज्ञ

**पर्यावरण** विशेषज्ञों ने सुझाव दिया है कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए शहरों में सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, हरित पटाखों का प्रयोग सीमित करना चाहिए और पर्वों के दौरान ध्वनि व वायु प्रदूषण की निगरानी सख्त की जानी चाहिए। हिमाचल की स्वच्छ पर्वतीय हवा ही उसकी पहचान है, इसलिए इसे सुरक्षित रखना हर नागरिक का कर्तव्य है।

# सरकार खेलों को दे रही नई दिशा : रोहित

## शिक्षा मंत्री ने नवयुवक मंडल ढाडी की वॉलीबाल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल उपमंडल के शुराचली क्षेत्र के अंतर्गत ढाडी में नवयुवक मंडल ढाडी द्वारा आयोजित विकेश पनाटू मेमोरियल वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सरकार खेलों के प्रति गंभीर है और इस दिशा में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। प्रदेश में वर्तमान में 9 खेल छात्रावास संचालित हैं, जिनमें ठाकुर रामलाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेल छात्रावास (कन्या) सबसे बड़ा है। यहाँ 1987 से वॉलीबाल प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जबकि हाल के वर्षों में कबड्डी और बैडमिंटन को भी जोड़ा गया है। अब इस छात्रावास में वॉलीबाल और कबड्डी की 20-20 सीटों के साथ बैडमिंटन की 15 सीटों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

रोहित ठाकुर ने कहा कि शुराचली क्षेत्र से उनका गहरा भावनात्मक और पारिवारिक जुड़ाव है। उन्होंने बताया कि सरकार ने विपरीत आर्थिक परिस्थितियों और प्राकृतिक आपदाओं के बावजूद प्रदेश में अभूतपूर्व विकास सुनिश्चित किया है। शुराचली क्षेत्र में सामुदायिक भवनों, स्वास्थ्य संस्थानों और शिक्षण संस्थानों का निर्माण जारी है, जबकि सावड़ा-मांदल-झगटान सड़क की मेटलिंग और टारिंग का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अन्य नई सड़कों का निर्माण और पासिंग भी की गई है।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि हिमाचल अपनी समृद्ध लोक संस्कृति और विविध बोलियों के लिए जाना जाता है। इसी के मद्देनजर सरकार ने हर शनिवार को विद्यालयों में अपनी बोली में संवाद करने का निर्णय लिया है ताकि नई पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी रहे। उन्होंने विद्यालय लोअरकोटि के छात्रों को उनकी प्रस्तुति के लिए प्रत्येक को 2500 रुपये और स्थानीय युवक मण्डल को 50 हजार रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम में ज़िला परिषद सदस्य कौशल मुंगटा, पूर्व ज़िला परिषद सदस्य मोतीलाल सिथता, युवा कांग्रेस अध्यक्ष दीपक कालटा, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, एसडीएम जुब्बल गुरमीत नेगी, एसएचओ चेतन चौहान सहित कई अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।



बॉलीवाल प्रतियोगिता के शुभारंभ के दौरान शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व अन्य।

# रामपुर के खोपड़ी में कचरा संयंत्र में भीषण आग, मशीनें जलकर राख



**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर**

नगर परिषद रामपुर के खोपड़ी में स्थित सूखा कचरा संयंत्र सोमवार शाम आग की लपटों में घिर गया। आग इतनी भीषण थी कि कचरा प्रसंस्करण की सभी मशीनें, रोलिंग, बेलिंग और खाद निर्माण उपकरण राख हो गए। कचरा संयंत्र में रखा सूखा कचरा भी पूरी तरह जल गया। इसके अलावा कचरा संयंत्र के पास गौशाला में दर्जनों पशु मौजूद थे, लेकिन समय रहते बचाव कार्य होने से बड़ी अनहोनी टल गई।

सूत्रों के अनुसार यह सूखा कचरा संयंत्र केंद्र नगर परिषद रामपुर द्वारा लगभग 80 मी. के दायरे में लोहे की संरचना और टीन की छत से तैयार किया गया है, जहां नगर के नौ वार्डो का सूखा कचरा एकत्र किया जाता है। अग्निशमन विभाग रामपुर की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद देर रात को आग पर काबू पाया। मौके पर प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस व नगर परिषद के कर्मचारी पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया।

उधर, नगर परिषद रामपुर के कार्यकारी अधिकारी बीआर नेगी ने बताया कि आगजनी से करीब 85 लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि मौके से पुलिस थाना रामपुर में मामला दर्ज किया गया है और घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

# पूर्व विधायक गौतम के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बिलासपुर सदर के पूर्व विधायक बाबू राम गौतम के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि बाबू राम गौतम के रूप में प्रदेश ने एक समर्पित और कर्मनिष्ठ जनसेवक को खो दिया है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। पूर्व विधायक बाबू राम गौतम लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। अपने राजनीतिक जीवन में उन्होंने कांग्रेस सेवादल के प्रदेश मुख्य संगठक और राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, बिलासपुर के अध्यक्ष के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई। वर्ष 1985 में वे पहली बार बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए थे। इससे पहले वे हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के उपाध्यक्ष भी रहे। पठानिया ने कहा कि बाबू राम गौतम एक मिलनसार और लोकप्रिय व्यक्तित्व के धनी थे। विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने भी बाबू राम गौतम के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की है।

## सीएम ने गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की

# शिमला में 1 व 2 नवंबर को होगा भव्य आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को शिमला में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन और गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि दो दिवसीय समारोह के आयोजन को लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी तत्परता से की जाएं। यह भव्य आयोजन 1 और 2 नवंबर को रिज और पदमदेव परिसर, शिमला में आयोजित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर पर देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, इसलिए उनके ठहरने, परिवहन और सुविधा से संबंधित प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने नगर निगम शिमला को निर्देश दिए कि आयोजन स्थल पर स्वच्छ पेयजल, सफाई व्यवस्था और निर्बाध बिजली आपूर्ति की पुख्ता तैयारी की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक एकता और धार्मिक सद्भाव का प्रतीक बनेगा।

बैठक में विधायक हरीश जनारथा, शिमला नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान, सचिव सामान्य प्रशासन राजेश शर्मा, उपायुक्त अनुपम कश्यप, पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी, भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग की निदेशक रीमा कश्यप, सिंह सभा शिमला के अध्यक्ष जसविन्द्र सिंह तथा प्रदेश के विभिन्न गुरुद्वारों के अध्यक्ष उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समारोह को यादगार बनाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

- सभी श्रद्धालुओं के लिए ठहरने और परिवहन की होगी विशेष व्यवस्था
- अधिकारियों को दिए स्वच्छता व बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

# तेज रफ्तार कार ने तोड़ी रेलिंग, फुटपाथ पर सो रहे एक ही परिवार के 5 लोग घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

दिवाली की जगमगाती रात राजधानी शिमला में उस समय अफरा-तफरी में बदल गई, जब एक तेज रफ्तार कार ने विक्ट्री टनल के पास रेलिंग को टक्कर मार दी। हादसे में रेलिंग टूटकर नीचे फुटपाथ पर सो रहे एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए। इनमें चार माह का मासूम बच्चा भी शामिल है। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से पहले रिपन अस्पताल और बाद में गंभीर हालत में आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा सोमवार देर रात करीब सवा 10 बजे हुआ, जब एक टैक्सी वाहन (नंबर एचपी01एन-0561) तेज गति से गलत दिशा में आकर रेलिंग से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रेलिंग और लोहे का साइनबोर्ड टूटकर नीचे गिर पड़ा, जहां यह परिवार फुटपाथ पर सो रहा था। अचानक गिरी रेलिंग से वहां चीख-पुकार मच गई।

घायलों की पहचान भेरी (22) पत्नी भैरू, सोना (4) पुत्री भैरू, विशाल (8) पुत्र जमनालाल, माया (6) पुत्री जमनालाल और किशन (4 माह) पुत्र रामलाल के रूप में हुई है। सभी राजस्थान के चित्तौड़गढ़ के रहने वाले हैं और शिमला में गुब्बारे बेचने का काम करते हैं। कैलाश (22), जो परिवार के साथ वहीं मौजूद था, ने बताया कि वह रोज की तरह फुटपाथ पर सो रहे थे, तभी एक कार तेज रफ्तार में आकर रेलिंग से टकराई और लोहे के टुकड़े उन पर गिर पड़े।

### चालक गिरफ्तार और वाहन भी किया जब्त

**सदर** थाना पुलिस ने कैलाश की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281 और 125 (ए) के तहत मामला दर्ज किया है। एसएचओ धर्म सेन नेगी ने बताया कि कार चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और वाहन को इम्पाउंड कर लिया गया है।, वहीं विक्ट्री टनल के पास यह हादसा एक परिवार के लिए मातम बन गया। अस्पताल में भर्ती घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

# हिमाचल में बदलेगा मौसम का मिजाज कई जिलों में बारिश-बर्फबारी की चेतावनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मंगलवार सुबह भले ही धूप खिली रही हो और लोगों ने हल्की ठंड के बीच सुहाने मौसम का आनंद लिया हो, लेकिन अब शाम होते-होते बादल घिरने लगेंगे। मौसम विभाग ने बताया है कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से आज रात से कई इलाकों में बारिश, गर्जन और बिजली गिरने की संभावना है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी भी हो सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश में मौसम शुष्क रहा, लेकिन न्यूनतम तापमान सामान्य से दो से तीन डिग्री अधिक दर्ज किया गया। केलांग में न्यूनतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि ऊना में अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री तक पहुंचा। विभाग ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आज रात ऊंचे इलाकों में हल्की बारिश या बर्फबारी और बुधवार व गुरुवार को मैदानी इलाकों में हल्की बारिश की संभावना है। इसके बाद 24 से 27 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं।

विभाग ने आज रात के लिए चम्बा, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर जिलों में गरज-चमक और बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है। बुधवार को भी चंबा, कांगड़ा और सिरमौर जिलों में इसी तरह का अलर्ट रहेगा। लोगों को सलाह दी गई है कि गरज के समय खुले स्थानों पर अधिक देर तक न रहें और अनावश्यक यात्रा से बचें। बीते चौबीस घंटों में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में तापमान में हल्का बदलाव देखने को मिला है। कुकुमसेरी में न्यूनतम तापमान 2.1 डिग्री, ताबो में 2.9, कल्पा में 5, नारकंडा में 8.7, शिमला में 12.6, सुंदरनगर में 12.7 और बिलासपुर में 15.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने कहा है कि आने वाले तीन दिनों में तापमान में उतार-चढ़ाव रहेगा और ऊंचे क्षेत्रों में ठंड में इजाफा हो सकता है।

### विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की दी सलाह

**मौसम** विभाग ने जनता से अपील की है कि गरज और बिजली गिरने के दौरान सुरक्षित स्थानों में रहें। खेतों या खुले मैदानों में खड़े होने से बचें। पहाड़ी मार्गों पर यात्रा करते समय सावधानी बरतें, क्योंकि ऊंचे क्षेत्रों में फिसलन बढ़ सकती है। विभाग ने कहा है कि यह बदलाव अस्थायी रहेगा और सप्ताहांत तक मौसम सामान्य हो जाएगा।

- चंबा, कांगड़ा, मंडी समेत 6 जिलों में येलो अलर्ट जारी
- ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी के आसार

# प्रधान ने तंत्र के नाम पर डराकर 13 वर्षीय नाबालिग से किया दुष्कर्म

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जिला के रामपुर बुशहर की दुर्गम पंचायत जघोरी में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां सत्ता के पद पर बैठा एक व्यक्ति अंधविश्वास को हथियार बनाकर नाबालिग शिकार पर टूट पड़ा। जघोरी पंचायत के प्रधान ने 13 वर्षीय स्कूली छात्रा को मुस्लिम तंत्र विधा का डर दिखाया और इसी खौफ का फायदा उठाकर 15 अक्तूबर को उसके साथ दुष्कर्म किया। यह घटना तंत्र-मंत्र के नाम पर मासूमों को डराने और उनके शोषण की गंभीर सामाजिक समस्या की ओर इशारा करती है।



यह मामला इसलिए और भी गंभीर है क्योंकि आरोपी कोई साधारण व्यक्ति नहीं, बल्कि दुर्गम क्षेत्र की पंचायत का निर्वाचित प्रधान किशोरी लाल है, जिस पर लोक-सेवा का भरोसा होता है। नाबालिग लड़की ने हिम्मत दिखाते हुए परिवार को आपबीती बताई, जिसके बाद झाकड़ी पुलिस ने फौरन कार्रवाई की। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा-65 और सबसे कड़ी पोक्सो एक्ट की के तहत केस दर्ज किया गया है।

### आरोपी को तीन दिन के रिमांड पर भेजा

**पुलिस** ने शिकायत मिलते ही आरोपी प्रधान को गिरफ्तार कर लिया और सोमवार को उसे रामपुर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को 3 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। हालाँकि, आरोपी प्रधान ने भी लड़की के परिजनों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज करवाकर पलटवार किया है। अब पुलिस इस संवेदनशील मामले में साक्ष्य जुटाने और तंत्र-मंत्र के नाम पर हुए इस घिनौने कृत्य की तह तक जाने की तैयारी में है।

# झूठा श्रेय लेने में माहिर मंत्री, बागवानों के हितों से किया बड़ा खिलवाड : मीनाक्षी मांटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा मंडल जुब्बल की अध्यक्ष एवं पूर्व पंचायत प्रधान मीनाक्षी मांटा ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मंत्री अब केवल फीते काटने तक सीमित रह गए हैं। उन्होंने कहा कि जुब्बल क्षेत्र में जिन विकास कार्यों का लोकार्पण इन दिनों मंत्री द्वारा किया जा रहा है, वे सभी परियोजनाएं पूर्व भाजपा सरकार या केंद्र सरकार की योजनाओं से स्वीकृत हैं।

मीनाक्षी मांटा ने कहा कि कोट काईना पंचायत भवन के लिए 22 लाख की स्वीकृति उनके प्रधान कार्यकाल में भाजपा नेता दिवंगत नरेंद्र बरागटा के प्रयासों से मिली थी। उन्होंने बताया कि इस पंचायत में अधिकांश विकास कार्य भाजपा शासनकाल में पूरे किए गए। मगर अब कांग्रेस सरकार और शिक्षा मंत्री उन्हीं योजनाओं का उद्घाटन कर अपनी वाहवाही लूटने में लगे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्री अब तक अपने कार्यकाल में राज्य निधि से एक भी ऐसा विकास कार्य शुरू नहीं कर पाए हैं, जिसका शिलान्यास या उद्घाटन उन्होंने स्वयं किया हो। उन्होंने कहा कि जनता सब जानती है कि किसने काम किया और कौन केवल नाम का श्रेय ले रहा है।

मीनाक्षी मांटा ने मंत्री के उस बयान पर भी तीखी प्रतिक्रिया दी जिसमें कहा गया था कि इस वर्ष सेब मंडियों तक समय पर पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है सरकारी लापरवाही और प्रशासनिक उदासीनता के चलते बागवानों का सेब उनके स्टोरों और बागीचों में ही सड़ गया। इसका नतीजा यह हुआ कि बागवानों को भारी आर्थिक नुकसान और बेहद कम दामों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि सरकार ने सेब अर्थव्यवस्था की रीढ़ समझे जाने वाले किसानों और बागवानों की समस्याओं को पूरी तरह नजरअंदाज किया है। इस साल जो अन्याय बागवानों के साथ हुआ है, उसे किसान और बागवान कभी नहीं भूलेंगे। मीनाक्षी मांटा ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने बागवानों के हितों को गहरी चोट पहुंचाई है। उन्होंने चेतावनी दी कि जनता अब इस बेरुखी का जवाब आने वाले चुनावों में देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा बागवानों के साथ खड़ी रही है।



### सरकार को जनता के आक्रोश का करना पड़ेगा सामना

**मीनाक्षी** मांटा ने कहा कि बागवानों का धैर्य अब जवाब दे रहा है और सरकार को जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। मीनाक्षी मांटा ने कहा कि यदि बागवानों के हितों को नजरअंदाज करने का यह सिलसिला जारी रहा तो आने वाले दिनों में जुब्बल-कोटखाई से उठने वाली आवाज पूरे प्रदेश की राजनीति की दिशा बदल देगी।

# मंदिर कमेटी को दी 11,111 रुपए की सहायता राशि



**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में सक्रिय बुशहर छात्र कल्याण संघ ने मानवता और देव संस्कृति का परिचय देते हुए शनेरी गांव स्थित देवता साहिब झाहरु नाग मंदिर कमेटी को 11,111 रुपए की सहयोग राशि भेंट की। गौर हो कि कुछ दिन पूर्व आग से नवनिर्मित मंदिर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। संघ के सदस्यों ने इस दुखद घटना पर संवेदना व्यक्त करते हुए आपसी सहयोग से राशि एकत्र कर मंदिर समिति को सौंप दी। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष चन्दन महाजन, चेयरमैन कुलदीप वर्मा, कोषाध्यक्ष अशोक पाल्सरा, चेतन शर्मा और अजय चौहान (रॉकी) उपस्थित रहे। संघ ने आम जनता व मंदिर समितियों से अपील की है कि वे संकट की घड़ी में एकजुट होकर सहयोग का हाथ बढ़ाएं ताकि बुशहर की देव परंपरा और एकता का संदेश सदियों तक जीवित रहे।

**परंपरा** मां भद्रकाली के नाम 25 मिनट तक चली आस्था, परंपरा का सार और श्रद्धा का लिया संकल्प

# शिमला के धामी में चली पत्थरों की अनोखी बारिश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

दिवाली के अगले दिन राज्य की राजधानी से करीब 30 किलोमीटर दूर बसे धामी गांव में हर साल की तरह आज भी पत्थरों की बरसात हुई। मां भद्रकाली के आशीर्वाद से जुड़ी इस परंपरा को निभाने के लिए सैकड़ों ग्रामीण मैदान में उतरे। पत्थरों की मार के बीच जयकारों की गूंज से पूरा इलाका थर्रा उठा। करीब पच्चीस मिनट तक दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर पत्थर फेंकते रहे। जब धामी के सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी सुभाष के हाथ पर पत्थर लगा और रक्त की एक बूंद निकली, तो उसी रक्त से मां भद्रकाली के चबूतरे पर तिलक किया गया और मेला समाप्त हुआ।

धामी के इस अनोखे मेले की शुरुआत तब होती है जब मां भद्रकाली के चबूतरे पर पूजा होती है। यह मेला दो परगनों के बीच पत्थरबाजी की उस परंपरा को जीवित रखता है जो सदियों पहले मानव बलि की प्रथा को समाप्त करने के लिए शुरू हुई थी। कहा जाता है कि धामी राजघराने की एक रानी, जो शारदा चौराहे पर सती हो गई थीं, नर बलि की इस प्रथा से व्यथित थीं। उनकी स्मृति में यह परंपरा पत्थरों के खेल के रूप में जीवित रखी गई ताकि बलि की जगह प्रतीकात्मक रक्त से मां का तिलक किया जा सके। कहा जाता है कि जब भैंस की बलि देने का सिलसिला भी बंद हुआ, तो क्षेत्र में विपत्तियां आने लगीं। तब राजपरिवार ने बीच का रास्ता निकाला। निर्णय हुआ कि दो समुदायों के लोग – एक राजा की ओर से और दूसरा उसके वंश के दूसरे पक्ष से – एक-दूसरे पर पत्थर फेंकेंगे। जब किसी एक के शरीर से खून निकलेगा, तो उसी रक्त से मां भद्रकाली का तिलक किया जाएगा। इस तरह बलि की परंपरा समाप्त हुई, पर श्रद्धा की परंपरा सदियों से आज तक चल रही है।



मां भद्रकाली के नाम 25 मिनट तक चली आस्था की परंपरा।

### पत्थरबाजी में शामिल होते हैं ये परिवार

**धामी** के इस मेले में तुनड़ू, जठौती और कटेडू परिवारों की टोली एक ओर होती है, जबकि जमोगी खानदान की टोली दूसरी ओर। दोनों ओर से पत्थर फेंके जाते हैं, परंतु बाकी लोग केवल दर्शक बनकर इस अनोखे खेल को देखते हैं। पत्थरबाजी की शुरुआत नरसिंह देवता की पूजा से होती है। गांव के बुजुर्ग इस खेल को आस्था का प्रतीक मानते हैं और कहते हैं कि जब तक किसी का रक्त नहीं निकलता, मेला पूरा नहीं माना जाता।

### सदियों पुरानी आस्था का जीवंत उत्सव

**आज** के विज्ञान युग में भी यह परंपरा पूरे जोश और श्रद्धा से निभाई जाती है। इस पत्थर मेले में दूर-दराज़ के गांवों से लोग आते हैं और इस अद्भुत दृश्य के साक्षी बनते हैं। मैदान में पत्थरों की उड़ान और जयकारों की गूंज के बीच जब रक्त की पहली बूंद गिरती है, तो उसे मां की कृपा का संकेत माना जाता है। धामी के सुभाष जब मां भद्रकाली के चबूतरे पर अपने रक्त से तिलक करते हैं, तो भीड़ एक स्वर में जय भद्रकाली माता के उद्घोष से वातावरण को भक्तिमय कर देती है।

# चिट्टा तस्कर पंजाब से गिरफ्तार

## शाहपुर पुलिस ने दो लोगों से पकड़ा था 50 ग्राम चिट्टा, आरोपियों की शिनाख्त पर मुख्य आरोपी धरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**शाहपुर** पुलिस टीम ने चिट्टा तस्कर को पंजाब से गिरफ्तार किया है। शाहपुर पुलिस ने पिछले दिनों दो लोगों से 50 ग्राम चिट्टा बरामद किया था, दोनों आरोपियों की शिनाख्त के आधार पर चिट्टा बेचने वाले तस्कर को पुलिस टीम ने पंजाब से गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने अमृतसर में दबोचा आरोपी

मुख्य आरोपी की पहचान 34 वर्षीय गख्ख सिंह उर्फ मकसूद पुत्र निवासी गांव बोपा राय डाकघर बोपा राय खासा तहसील अजनाला जिला अमृतसर पंजाब के रूप में हुई है। गौरतलब है कि शाहपुर पुलिस ने 15-16 अक्तूबर की रात सारनू में बोलेरो कैंपर नंबर एचपी-53 -9810 में स्वार दो लोगों रामदास उर्फ रामू निवासी वार्ड 10, गांव व डाकघर व तहसील बैजनाथ व राकेश उर्फ सोनू निवासी गांव खलेट डाकघर ठाकुरद्वारा तहसील पालमपुर से 50 ग्राम चिट्टा व 34,000 रुपए नकदी सहित पकड़ने में सफलता हासिल की थी। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना शाहपुर में अभियोग पंजीकृत किया गया था। जांच के दौरान पुख्ता साक्ष्यों व तकनीकी विश्लेषण से पाया कि दोनों आरोपियों ने पंजाब के अमृतसर क्षेत्र से संबंध रखने वाले एक व्यक्ति से उपरोक्त चिट्टा खरीदा था। उधर, एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि मुख्य सप्लायर को पकड़ने के लिए एक विशेष गुप्त टीम का गठन करके बाहरी राज्य भेजा गया। टीम ने संदिग्ध व्यक्ति का पीछा करते किया और मुख्य आरोपी जगरूप सिंह उर्फ मकसूद को अमृतसर से गिरफ्तार किया है। इस संबंध में आगामी कार्रवाई जारी है।

## पालमपुर पुलिस ने किया 5.07 ग्राम चिट्टे के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पालमपुर पुलिस ने 5.07 ग्राम चिट्टे सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विकास ठाकुर निवासी गांव व डाकघर बैजनाथ नजदीक आशापुरी मंदिर के रूप में हुई है। 19 अक्तूबर को पुलिस थाना पालमपुर की टीम की ओर से नाकाबंदी की गई थी, इस दौरान आरोपी पुलिस की पकड़ में आया। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि पुलिस ने नशे के धंधे में संलिप्त अपराधियों पर नकेल कसने के उद्देश्य से लगातार गश्त, ट्रैफिक चेकिंग व नाकेबंदी भी की जा रही है। इसी कड़ी में 19 अक्तूबर को पुलिस थाना पालमपुर की टीम ने न्यू पालमपुर नजदीक मैंझा रोड पर नाकाबंदी के दौरान उपरोक्त आरोपी को 5.07 ग्राम चिट्टे के साथ काबू करने में सफलता प्राप्त की। आरोपी के खिलाफ आगामी कार्रवाई जारी है।

# आग की तीन घटनाओं में भारी नुकसान

## एक बैंबू रेस्टोरेंट और दो पराली के ढेर स्वाह, सुधेड़, मनेड और उथड़ाग्रां में पेश आए हादसे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** मुख्यालय धर्मशाला के आसपास के क्षेत्रों में दो दिनों में आग लगने की तीन घटनाओं में एक लाख से अधिक का नुकसान आंका गया है। यह हादसे सुधेड़, मनेड और उथड़ाग्रां में पेश आए। फायर ब्रिगेड धर्मशाला की टीम ने इस दौरान समय रहते आग पर काबू पाकर एक करोड़ से अधिक की संपत्ति को आग की भेंट चढ़ने से बचा लिया।

सोमवार को मनेड में पराली के ढेर में लगी आग से 3 हजार रुपए का नुकसान हुआ, जबकि 9 लाख रुपए की संपत्तियों को बचा लिया गया। वहीं, उथड़ाग्रां में भी पराली के ढेर में आग से 5 हजार रुपए का नुकसान हुआ और 15 हजार की संपत्ति को बचा लिया गया। इसके अतिरिक्त धर्मशाला के समीप सुधेड़ में बैंबू रेस्टोरेंट में आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान आंका गया है, जबकि एक करोड़ के लगभग संपत्ति को जलने से बचा लिया गया है। उधर, फायर ऑफिसर धर्मशाला कर्म चंद कश्यप ने बताया कि दीपावली के दिन और रात को जहां से भी आग लगने की सूचना प्राप्त हुई, हमारी टीम ने वहां जाकर आग पर काबू पाया। इस दौरान एक लाख से अधिक के नुकसान का आकलन किया गया है, जबकि एक करोड़ से अधिक की संपत्ति को आग की भेंट चढ़ने से बचा लिया गया।



फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाकर एक करोड़ से अधिक की संपत्ति को जलने से बचा लिया।

एएसपी बीर बहादुर ने जानकारी देते हुए सुधेड़ स्थित होटल के बैंबू रेस्टोरेंट में लगी आग पर होटल मालिक अमित रस्तोगी ने बताया कि रात लगभग 11:30 बजे, दिवाली के अवसर पर पास में जलाए जा रहे पटाखों की चिंगारियों के कारण बांस की छत में आग लग गई, जो तेजी से फैल गई और रेस्टोरेंट और उसमें मौजूद सारा सामान पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। कुछ भी नहीं बचाया जा सका।

कुल नुकसान लगभग 9-10 लाख होने का अनुमान है। होटल मालिक के अनुसार, आग आकस्मिक थी और पास में ही पटाखों की चिंगारियों के कारण लगी थी, किसी ने जानबूझकर आग नहीं लगाई और उन्हें किसी से किसी दुश्मनी या साजिश का संदेह नहीं है। अब दमकल विभाग ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया है।

## पटाखों से जलने पर उपचार को अस्पताल पहुंचे 27 युवा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** दीपावली की रात लोगों ने खूब पटाखे फोड़ व आतिशबाजी की। इस दौरान 27 के करीब युवा पटाखे फोड़ने के दौरान जलने के कारण उपचार के लिए जोनल अस्पताल धर्मशाला पहुंचे। ये जलने के मामले सामान्य थे, जिस पर इमरजेंसी में तैनात चिकित्सकों ने उक्त युवाओं को उपचार उपलब्ध करवाकर घर भेज दिया।

इमरजेंसी से चिकित्सकों ने उपचार कर भेजे घर

बताया जा रहा कि दीपावली के अवसर पर सामान्य ओपीडी में छुट्टी रहने के चलते सोमवार सुबह 6 बजे से मंगलवार सुबह 6 बजे तक अस्पताल इमरजेंसी में 200 के करीब ओपीडी दर्ज की गई। इसमें 27 मामले जलने से संबंधित पेश आए। पटाखों से जलने वालों में अस्पताल पहुंचे मामलों में 3 मामले 12 साल से कम आयु के बच्चों के, 5 मामले 15-20 साल की आयुवर्ग के युवाओं, शेष मामले 19 मामले 20 साल से अधिक आयु वर्ग के लोगों के दर्ज किए गए। इस बारे में जोनल अस्पताल धर्मशाला की एमएस डॉ. अनुराधा शर्मा ने बताया कि धर्मशाला अस्पताल में आए पटाखों से जलने वालों के सभी मामले सामान्य थे, जिन्हें चिकित्सकों द्वारा उपचार करने के बाद वापिस घरों को भेज दिया गया है।

# शिवा कटोच प्रदेश युवा मोर्चा आईटी सह-संयोजक नियुक्त

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

भाजयुमो ने जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र से सक्रिय युवा नेता शिवा कटोच को प्रदेश आईटी सह-संयोजक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन में उनके निरंतर योगदान, डिजिटल दक्षता और युवा शक्ति को संगठित करने की क्षमता को देखते हुए की गई है। शिवा कटोच इससे पूर्व भाजयुमो जयसिंहपुर के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत रहे हैं। संगठन में उनके नेतृत्व, समर्पण और कार्यकुशलता को हमेशा सराहा गया है।



बाल्यकाल से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पाठशाला में तपे हुए हैं, जिससे उन्हें संगठनात्मक अनुभव और कार्यपद्धति की गहरी समझ है। युवाओं को संगठित करना, डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रभावी उपयोग और संगठनात्मक गतिविधियों को आधुनिक तरीके से आगे बढ़ाना उनकी विशेषता रही है। उनकी इस नियुक्ति से पूरे जयसिंहपुर क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है। कार्यकर्ताओं और समर्थकों में नए जोश और ऊर्जा का संचार हुआ है। स्थानीय स्तर पर इस जिम्मेदारी को जयसिंहपुर के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। शिवा कटोच ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने वरिष्ठ नेता पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार, पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, पूर्व में रहे मंत्री व हमीरपुर के लोकप्रिय सांसद अनुराग सिंह ठाकुर, कांगड़ा-चंबा लोकसभा सांसद राजीव भारद्वाज, राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी, राज्यसभा सांसद एवं भाजयुमो प्रभारी सिकंदर कुमार और भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष सन्नी शुक्ला का धन्यवाद दिया है।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने कुचला भरोली जदीद लडोआ का व्यक्ति, मौत

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** हरियाणा के फरीदाबाद में सोमवार को एक दुखद हादसा होने की सूचना आई है। इस हादसे में पंचायत भरोली जदीद के गांव लडोआ के रमेश कुमार पुत्र संत राम की एक गंभीर एक्सीडेंट में मृत्यु हो गयी है। बताते चलें कि यह हादसा फरीदाबाद में दिवाली की रात को हुआ है, जब व्यक्ति किसी काम के लिए जा रहा था, सड़क क्रॉस करते समय एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी ने उसे कुचल दिया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रमेश एक मध्यमवर्गीय परिवार से संबंध रखता था वह अपने पीछे अपनी माता, पत्नी, बच्चों को छोड़ गया है। खबर लिखें जाने तक उनके पैतृक गांव में शव नहीं पहुंचा था। पंचायत भरोली जदीद अनीश धीमान ने पुष्टि की है।



# लापता महिला पैराग्लाइडर पायलट मृत मिली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

- 19 अक्तूबर से थी लापता ढूंढने को ली चौपर की मदद
- बीड़-बिलिंग से भरी थी उड़ान, भटक गई थी रास्ता

**आदि** हिमानी चामुंडा के आसपास के पहाड़ियों पर लापता महिला पैराग्लाइडर पायलट मिली मृत मिली है। महिला पायलट 19 अक्तूबर से लापता थी, जिसे ढूंढने के लिए चौपर की भी मदद ली गई। महिला पायलट ने बीड़-बिलिंग से उड़ान भरी थी, जो कि रास्ता भटक गई थी।

एडीएम कांगड़ा शिल्पी बेक्टा ने बताया कि लापता कनाडा निवासी मेगन एलिजाबेथ नाम की विदेशी पैराग्लाइडर पायलट आदि हिमानी चामुंडा की पहाड़ियों के पास मृत पाई गई है। एडीएम ने बताया कि 19 अक्तूबर को जानकारी मिली थी कि विदेशी पैराग्लाइडर पायलट ने बीड़ बिलिंग से उड़ान भरी थी, मगर किसी ऊंचाई वाले क्षेत्र में वो रास्ता भटक गई और धौलाधार की पहाड़ियों में कहीं खो गई। इस बीच उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए अपनी रेस्क्यू टीम को आदि हिमानी चामुंडा की पहाड़ियों की ओर रवाना कर दिया था और हेलिकॉप्टर की भी मदद ली गई थी।

महिला को रेस्क्यू टीम ने ढूंढ लिया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। रेस्क्यू टीम महिला पायलट के शव को वापस कांगड़ा ले आई है और अब मृत देह को टांडा मेडिकल कॉलेज की शव गृह में रखवा दिया गया है। एडीएम ने बताया कि मामला दर्ज कर तफ्तीश की जाएगी और पड़ताल के बाद मृतक का पोस्टमार्टम करके शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## बरोट से लापता ऑस्ट्रिया का नागरिक सकुशल, रेस्क्यू टीम ने किया ट्रैक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बरोट से लापता ऑस्ट्रिया का नागरिक सकुशल है, जिसे रेस्क्यू टीम ने ट्रैक लिया है। ट्रैकर्स के लापता होने की घटनाओं पर जिला प्रशासन ने ट्रैकर्स से बिना एक्सपर्ट ट्रैकिंग पर न जाने की अपील की है। मंडी जिला प्रशासन और डिजास्टर मैनेजमेंट के अधिकारियों की ओर से जिला प्रशासन कांगड़ा से एक विदेशी नागरिक के लापता होने की सूचना साझा की गई थी। इस पर जिला प्रशासन की टीम ने तत्परता से कार्य करते हुए लापता ट्रैकर को ढूंढ निकाला है। जानकारी के मुताबिक, बीते सोमवार रात को जिला प्रशासन कांगड़ा की एडीएम शिल्पी बेक्टा को डीडीएमए मंडी और एडीएम मंडी की ओर से जेकब क्रेमर नाम के एक विदेशी नागरिक के धौलाधार की पहाड़ियों में लापता होने की सूचना मिली, जिस पर एडीएम शिल्पी बेक्टा ने रेस्क्यू टीम को जेकब क्रे मर को ढूंढने के लिए रवाना कर दिया। एडीएम ने बताया कि उन्हें मंडी जिला प्रशासन की ओर से जो सूचना मिली थी कि ऑस्ट्रिया के नागरिक बरोट से लापता हो गए हैं और उनकी भटकने की लोकेशन कांगड़ा के बैजनाथ की ओर हो सकती है, तो तुरंत रेस्क्यू टीम रवाना की। सुबह हेलिकॉप्टर का भी सहारा लिया। जानकारी मिली है कि लापता विदेशी नागरिक को ट्रैक कर लिया गया है और सकुशल हैं। उन्होंने सभी विदेशी व स्वदेशी नागरिकों से अपील की है कि अगर वो ट्रैकिंग पर निकलते हैं तो मौसम की जानकारी रखने के साथ साथ उन स्थानीय लोगों की भी मदद लें, जो पहले से ही ट्रैकिंग का अनुभव रखते हों यानी एक्सपर्ट को अपने साथ जरूर ले जाएं।

# केवल पठानिया ने जरूरतमंद परिवारों को वितरित किए सहायता राशि के चेक

## बोले- मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना से प्रेरित होकर बनाई शाहपुर वेलफेयर सोसायटी

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि उनका जीवन जनता की सेवा को समर्पित है।

मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना से प्रेरित होकर उन्होंने गरीब और जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए शाहपुर वेलफेयर सोसायटी का गठन किया है। इस सोसायटी के माध्यम से अब तक वे लाखों रुपए की आर्थिक सहायता देकर सैकड़ों जरूरतमंद परिवारों की मदद कर चुके हैं।

रैत के वन विभाग विश्राम गृह में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान विधायक पठानिया ने दिवाली के अवसर पर विभिन्न जरूरतमंद परिवारों को सहायता राशि के रूप में चेक भेंट किए। इस दौरान उन्होंने इच्छा देवी (रैत) को 50 हजार, प्रीतो देवी ,गुजरेड़ा (मनेई) को इलाज के लिए 50 हजार, स्वर्ण देवी (पलवाला) को 50 हजार, वीना देवी (दुर्गेला) को 21 हजार तथा रोटरी क्लब शाहपुर को गरीब परिवार का घर निर्माण के लिए 21,000 रुपए का चेक प्रदान किया। सहायता प्राप्त करने वाले लाभार्थियों ने विधायक पठानिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे ऐसे जनप्रतिनिधि हैं, जो वास्तव में जनता के दुख-दर्द को समझते हैं और हर समय सहयोग के लिए तत्पर रहते हैं। इस अवसर पर लोगों की समस्याएं भी सुनीं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया गया तथा शेष मामलों को शीघ्र कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया।



रैत के वन विभाग विश्राम गृह में आयोजित कार्यक्रम में जरूरतमंद परिवारों को सहायता राशि के रूप में चेक भेंट करते उपमुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया।

## कोटला से घाटी तक सड़क निर्माण की खुदाई से टूटी पाइपें, बढ़ा पेयजल संकट

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** कोटला से घाटी तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य ने घाटी और नारी गांवों में पेयजल संकट खड़ा कर दिया है। सड़क खुदाई के दौरान जल शक्ति विभाग की मुख्य पाइप लाइन टूट जाने से दोनों गांवों की जल आपूर्ति पूरी तरह से ठप पड़ गई है। जल शक्ति विभाग डाडासीबा के सहायक अभियंता राकेश कुमार ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य के कारण पानी की पाइपें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। विभाग कर्मचारियों को भेजकर मरम्मत कार्य शुरू करने जा रहा है। अब नई पाइप लाइन सड़क के बाहरी हिस्से से होकर बिछाई जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा न आए।

उन्होंने बताया कि गांव घाटी और नारी में पांच दिन तक पानी की सप्लाई बाधित रहेगी। विभाग की ओर से उपभोक्ताओं को अग्रिम सूचना दी गई है, ताकि लोग वैकल्पिक व्यवस्था कर सकें। वहीं, लगातार जलापूर्ति बाधित होने से ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि त्योहारों के सीजन में पानी की किल्लत से घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे हैं। विभाग ने असुविधा के लिए खेद जताते हुए ग्रामीणों से सहयोग की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि मरम्मत कार्य पूरा होते ही पानी की आपूर्ति जल्द सामान्य कर दी जाएगी। स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण कर रही एजेंसी से भी आग्रह किया है कि भविष्य में पाइप लाइन की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े।

## महाराणा प्रताप स्कूल सिहवां में रंगोली प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**महाराणा** प्रताप पब्लिक विद्यालय सिहवां में दिवाली धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। बच्चों ने रंगोली थाली सजावट, कलश सजावट, आटे के दीये, कागज के दीये, तोरण आदि प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए बहुत ही बढ़िया तरीके से अपनी कक्षा कक्ष को सजाया। विद्यालय प्रबंधक कर्नल एसएस राणा और प्रधानाचार्य शालिनी राणा ने सभी अध्यापकों व अन्य कर्मचारियों को दिवाली की मिठाइयां और तोहफे उपहार में देते हुए दिवाली की शुभकामनाएं एवं बधाई दी।



महाराणा प्रताप पब्लिक विद्यालय सिहवां में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं।

## एचपीसीए के पूर्व अध्यक्ष एवं निदेशक आरपी सिंह के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) के पूर्व अध्यक्ष और निदेशक आरपी सिंह का निधन हो गया। आरपी सिंह ने कुल्लू के मोहल में अंतिम सांस ली। एचपीसीए पदाधिकारियों ने आरपी सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। आरपी सिंह के अंतिम संस्कार में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अध्यक्ष अरुण धूमल, एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार, एचपीसीए के निदेशक विजय भंडारी और कार्यकारी सदस्य शिव कपूर और तेज प्रकाश चोपड़ा सहित कई गणमान्य व्यक्ति और वरिष्ठ अधिकारी दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

# राकेश कुमार बने अनुसूचित जाति मोर्चा के उपाध्यक्ष

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** भाजपा मंडल लोअर बैजनाथ के मोर्चा अध्यक्षों ने अपने-अपने मोर्चे की कार्यकारिणी की घोषणा की। समस्त मोर्चों के अध्यक्षों ने बताया कि मंडल अध्यक्ष, जिला के मोर्चा अध्यक्षों, जिला अध्यक्ष व समस्त शीर्ष नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श करने के उपरांत कार्यकारिणी का विस्तार किया है।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र राणा, जिला उपाध्यक्ष पवन चौधरी, मंडल महामंत्री संजीव सकलानी, मंडल उपाध्यक्ष सुनीता राणा, महिला मोर्चा अध्यक्षा मोनू चौधरी, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष राम सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष हर्ष मन्हास व अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष कपिल धीमान और किसान मोर्चा के अध्यक्ष विरेंद्र राणा उपस्थित रहे।

मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र राणा ने बताया कि अनुसूचित जाति मोर्चा के लिए उपाध्यक्ष राकेश कुमार, गुरु पाल, करमचंद, गोपीचंद, महामंत्री के लिए प्रवेश चंद्र, विचित्र सिंह, सचिव के लिए प्यार सिंह, दयाराम, सुभाष चंद्र, हरबंस लाल, कोषाध्यक्ष प्यार चंद तथा कार्यकारिणी सदस्यों में संजय कुमार विनोद कुमार दीप राज, प्रीतम चंद, अर्जुन देव, गंगाराम, अनिल कुमार, शारदा देवी, अशोक कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई।

### युवा मोर्चा उपाध्यक्ष का दायित्व भी सौंपा

युवा मोर्चा उपाध्यक्ष का दायित्व शेखर मिश्रा, दिनेश राणा, पंकज राणा, रणधीर राणा, महामंत्री स्नेहल राणा, अजय धीमान, सचिव पद के लिए अभिषेक कुमार, राजीव राणा, अंकुश नाग, करतार सिंह, कोषाध्यक्ष हरविंदर सिंह तथा कार्यकारिणी सदस्यों में संजीव कुमार, सुशांत कुमार, अजुल राणा, अंकुश मल्होत्रा, हनी राणा, पवन कुमार, पंकज मेहता, मोहित राणा, शुभम कुमार को सौंपा गया।

## कार बिजली के खंभे से टकराकर चिकन कॉर्नर में घुसी

**अनंत ज्ञान, गगल।** गगल में सोमवार को एक तेज रफ्तार कार बिजली के खंभे से टकराकर चिकन कॉर्नर की दुकान में घुस गई। घटना जमानाबाद चौक के पास हुई, जहां अज्ञात चालक ने लापरवाही और तेज गति से गाड़ी चलाते हुए बिजली के खंभे को तोड़ दिया। इसके बाद कार दुकान के मेन शटर की दीवार के अंदर जा घुसी। घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन चिकन कॉर्नर के मालिक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 (लापरवाही से वाहन चलाना) और लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 3 के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। स्थानीय लोग भी इस घटना से चिंतित हैं और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

# कुंसल और उस्तेहड़ में लोगों को आपदा जोखिम न्यूनीकरण के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**सूचना** एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने उपमंडल बैजनाथ के कुंसल एवं उस्तेहड़ में लोगों को आपदा प्रबंधन एवं आपदा जोखिम न्यूनीकरण के प्रति नुक्कड़ नाटक एवं गीत-संगीत प्रस्तुति के माध्यम से जागरूक किया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से स्थानीय जनता को यह संदेश दिया कि प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए सजगता, सतर्कता और पूर्व तैयारी ही सबसे बड़ा बचाव उपाय है।

लोगों को बताया कि भवन निर्माण कार्यों में आपदा सुरक्षा मानकों का पालन किया जाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे भूकंप, भूस्खलन या अन्य प्राकृतिक आपदाओं के समय जान-माल की हानि को कम किया जा सके। कलाकारों ने विशेष प्रस्तुतियों के माध्यम से यह संदेश दिया कि आपदा के समय घबराने के बजाय आपदा प्रबंधन विभाग एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों को आपदा की स्थिति में सुरक्षित स्थानों की पहचान, प्राथमिक उपचार, सामुदायिक सहयोग और त्वरित सूचना प्रणाली के महत्व के बारे में भी बताया। उन्होंने प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शाया कि किस प्रकार प्रत्येक परिवार को एक आपातकालीन किट तैयार रखनी चाहिए, जिसमें सूखा भोजन, दवाएं, टॉर्च, पीने का पानी आदि आवश्यक वस्तुएं शामिल हों, ताकि आपदा की स्थिति में आवश्यक तैयारी बनी रहे। इस अवसर पर ग्रामीणों ने कलाकारों की प्रस्तुतियों को सराहा और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से लोगों में आपदाओं के प्रति जागरूकता बढ़ती है और सभी को आपदा के समय सजग रहने की प्रेरणा मिलती है।

इस अवसर पर पार्षद कांता देवी, उपप्रधान कुंसल संजय राणा एवं वार्ड सदस्या कुंसल वंदना सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।



नुक्कड़ नाटक और गीत-संगीत के माध्यम से आपदा प्रबंधन का संदेश दिया।

## शांता ने की कै. पराशर की प्रशंसा कहा- सरकार को भी सहयोग करे

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि हिमाचल के इतिहास में पहली बार ऐसा विशेष प्रशंसनीय काम हुआ है, जिसकी सबको प्रशंसा करनी चाहिए और सरकार को संज्ञान देकर सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिला का एक युवक मुंबई गया। कई वर्षों के कठिन परिश्रम से मर्चेंट नेवी में एक बढ़िया कंपनी बनाई, शानदार काम शुरू किया। वर्ष 2022 के चुनाव में वो हिमाचल आया, चुनाव लड़ा पर हार गया। इतिहास में इस प्रकार के कई आए, चुनाव लड़ा हारे और वापस चले गए, परंतु हिमाचल के इतिहास में पहली बार चुनाव हारने के बाद भी यह नौजवान यहीं प्रदेश की सेवा के लिए डट गया। हिमाचल के इतिहास में यह पहला उदाहरण कै. संजय पराशर का है। शांता कुमार ने कहा कि उन्होंने अकेले ही हिमाचल के सैकड़ों नौजवानों को नौकरी दिलवाई, नौकरी भी बढ़िया मर्चेंट नेवी की, आज के बेरोजगारी के जमाने में यह काम बहुत बड़े प्रशंसीय यज्ञ की तरह है। उन्होंने कहा कि इस काम के लिए गरली में एक कार्यालय खोला और एक बड़ा कार्यालय चंडीगढ़ में खोला। पूरे हिमाचल के पालमपुर तक के सैकड़ों बेरोजगारों को मर्चेंट नेवी की कंपनी में रोजगार दिलवा चुके हैं। शांता ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से विशेष आग्रह किया है कि वे इस शानदार प्रयास का संज्ञान लें। कै. संजय पराशर को बुलाएं, उनके सहयोग से रोजगार देने के इस काम को आगे बढ़ाएं यदि अकेले संजय पराशर सैकड़ों नौजवानों को मर्चेंट नेवी में रोजगार लगा सकते हैं तो सरकार के सहयोग से हिमाचल के हजारों नौजवानों को मर्चेंट नेवी में रोजगार दिलाया जा सकता है। हिमाचल इस प्रकार मर्चेंट नेवी में रोजगार का एक बहुत बड़ा केंद्र बन जाएगा। प्रदेश के इतिहास में पहली बार इतना प्रशंसनीय काम करने के लिए उन्होंने कै. संजय पराशर परिवार को बधाई दी है।

# 25 युवतियों को कटिंग/टेलरिंग का प्रशिक्षण, स्वरोजगार की ओर अग्रसर

## पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कांगड़ा दे रहा ट्रेनिंग, जिलेभर की महिलाएं और युवतियां ले रही हिस्सा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**पंजाब** नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) धर्मशाला जिला कांगड़ा की ओर से बेरोजगार युवतियों को स्वरोजगार की ओर अग्रसर करने के लिए 31 दिन का कटिंग टेलरिंग का आवासीय प्रशिक्षण शुरू करवाया गया है।

आरसेटी निदेशक मदन लाल ने बताया इस प्रशिक्षण शिविर में कांगडा जिले की 25 महिलाएं भाग ले रही हैं, जिन्हें विभिन्न तरह की स्किल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को स्किल डेवलपमेंट के साथ युवतियों को सलवार सूट, वीनैक, गलाटी नैक, बोट नैक, डीप नैक, कालॅर नैक जो कि युवतियों का काफी भा रहे है। यह न्यू लुक डिजाइन इन दिनों पॉपुलर हो रहा है। बोट नैक लहंगा, बोट नैक लहंगा पटियाला सूट, हैवी सूट, ब्लाऊज व फ्रॉक आदि के बारे में सिखाया गया, जिससे कि वह अपना स्वयं का रोजगार शुरू कर आजीविका अर्जित कर सकें।



31 दिन का कटिंग टेलरिंग का आवासीय प्रशिक्षण शुरू किया।

### आगामी दिनों में करवाए जाने वाले कोर्स

**आरसेटी** निदेशक ने बताया कि आने वाले दिनों में इस संस्थान में आगामी दिनों में मशरूम उत्पादन का 10 दिन, मोबाइल रिपेयरिंग का 30 दिन और बैंक सखी का सात दिवसीय कार्य करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक युवक एवं युवतियां नजदीक गर्वमेंन्ट कॉलेज ऑडिटोरियम सिविल लाइन धर्मशाला, पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कांगड़ा में संपर्क कर सकते हैं।

### हैप्पी बर्थडे



बड़ोग (सोलन) के ध्रुव शर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# तीन दिन : 125 स्पेशल बसें, 45 लाख रुपए से अधिक की कमाई

## एचआरटीसी ने 18 से 20 अक्तूबर तक चलाई स्पेशल बसें

राजेश कुमार अनंत ज्ञान ब्यूरो

**धर्मशाला।** तीन दिनों में 125 स्पेशल बसों का संचालन कर एचआरटीसी ने 45 लाख से अधिक की कमाई की है। फेस्टिवल सीजन में बाहरी राज्यों सहित प्रदेश के बद्दी, बरोटीबाला व अन्य क्षेत्रों से दीपावली पर घर आने वाले लोगों की सुविधा के लिए एचआरटीसी ने 18 से 20 अक्तूबर तक स्पेशल बसों का संचालन किया। ये बस सेवाएं दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब व बद्दी से उपलब्ध करवाई गई।

**दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब व बद्दी से उपलब्ध करवाई गई सेवाएं**

गौरतलब है कि एचआरटीसी की ओर से दीपावली पर बाहरी राज्यों से घर आने वाले लोगों के लिए स्पेशल बसों का संचालन किया जाता है, जिससे जहां लोगों को अपने परिवार संग त्योहार मनाने आने में सुविधा होती है। वहीं, एचआरटीसी को भी कमाई होती है। यही नहीं त्योहार मनाकर वापस लौटने वाले लोगों के लिए भी एचआरटीसी स्पेशल बस सेवाएं उपलब्ध करवाता है, जिसके लिए भैयादूज से प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है।



### 19 को चलाई सबसे अधिक 62 स्पेशल बसें

**एचआरटीसी** डिवीजन धर्मशाला के तहत बाहरी राज्यों से घर आने वाले लोगों के 18 से 20 अक्तूबर तक 125 स्पेशन बसों की सुविधा प्रदान की गई है। इसके तहत 18 अक्तूबर को यात्रियों को प्रदान की गई 38 स्पेशल बसों की सुविधा के तहत निगम के खाते में 15,30,890 रुपाए की कमाई हुई है। जबकि 19 अक्तूबर को एचआरटीसी 61 स्पेशल बसों का संचालन किया गया, जिससे 22,72,272 रुपए की राशि अपने खाते में एकत्रित की है। 20 अक्तूबर को एचआरटीसी डिवीजन धर्मशाला द्वारा लोगों को 26 स्पेशल बसों की सेवाएं बाहरी राज्यों से प्रदान की गई, जिसकी एवज में निगम ने 7,81,642 रुपए की कमाई की।

### कमाई में धर्मशाला डिपो अग्रणी

**स्पेशल** बसों के संचालन में धर्मशाला डिपो कमाई के मामले में अग्रणी रहा है। धर्मशाला डिपो के तहत सबसे अधिक 12 लाख 82 हजार की कमाई की गई है। दूर-दराज क्षेत्रों में कामकाज करने वाले लोगों ने एचआरटीसी की ओर से विशेष बसों की व्यवस्था करके प्रदान की गई अतिरिक्त सुविधा की सराहना की। लोगों का कहना है कि यह सेवा पड़ोसी राज्यों में काम करने वाले और बार-बार घर नहीं जा पाने वाले लोगों के प्रति एक अच्छा कदम है।



"**राज्यों** में रोजगार का रहे लोग भी परिवार संग दीपावली मना सकें, उसके लिए एचआरटीसी की ओर से उन्हें घर आने के लिए स्पेशल बसों का संचालन किया गया। स्पेशल बसों से 45 लाख से अधिक की आय हुई है। उन्होंने बताया कि लोगों को उनके कामकाज में वापस पहुंचाने के लिए भी स्पेशल बसें वीरवार, शुक्रवार और रविवार तक ऑन डिमांड रवाना की जाएंगी।

-पंकज चडडा, डीएम, एचआटीसी डिवीजन धर्मशाला

### नगरोटा बगवां डिपो से सबसे अधिक चलाई गई 34 बसें

**धर्मशाला** डिवीजन के अंतर्गत जोगिंद्रनगर से चार स्पेशल बसें, बैनजाथ से 16, पालपमुर से 15, नगरोटा बगवां 34, धर्मशाला 31, पठानकोट नौ व चंबा से 16 चलाई गई। इसमें 75 हजार से अधिक किलोमीटर का सफर तय करके 45 लाख 84 हजार 804 रुपए की कमाई की। निगम की ओर से संचालित स्पेशल बसों में डीलक्स, एक्स्ट्रा ओरडनरी व सामान्य बसें शामिल रही।

# खुशखबरी: सूर्योदय से सूर्यास्त तक महिलाओं को फ्री बस सेवा

## एचआरटीसी प्रबंधन भैयादूज पर उपलब्ध करवाएगा सुविधा

- हर डिपो पर नोडल अधिकारी व इंस्पेक्टर्स की तैनाती
- महिलाओं की सुविधा का रखा जाएगा विशेष ध्यान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**हिमाचल** पथ परिवहन निगम सूर्योदय से सूर्यास्त तक महिलाओं को फ्री बस सेवा उपलब्ध करवाएगा। निगम की ओर से यह सुविधा महिलाओं को भैयादूज पर उपलब्ध करवाई जाएगी, जिसके लिए तैयारियां कर ली गई हैं। इसके लिए हर डिपो पर नोडल अधिकारी नियुक्त करने के साथ इंस्पेक्टर्स की तैनाती कर दी गई है। भैयादूज पर्व पर वीरवार को महिलाओं को एचआरटीसी की बसों में सफर करने के लिए कोई किराया नहीं देना पड़ेगा।

यह फैसला हिमाचल पथ परिवहन निगम की ओर से लिया गया है। महिलाएं केवल हिमाचल पथ परिवहन की बसों में नि:शुल्क सफर कर सकती हैं।

**एचआरटीसी ने जारी किए आवश्यक दिशा निर्देश**

भैया दूज के अवसर पर बहनों को हर वर्ष नि:शुल्क सेवा निगम की ओर से दी जाती है। एचआरटीसी धर्मशाला डिविजन के डीएम पंकज चड्डा ने कहा कि भैयादूज पर बहनों को अपने भाइयों को तिलक लगाने के लिए एचआरटीसी की सामान्य बसों में नि:शुल्क सुविधा दी जाएगी। यह सुविधा महिलाओं को सूर्योदय से सूर्यास्त तक मिलेगी। महिलाओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। इस बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि धर्मशाला डिविजन के तहत हर डिपो में नोडल अधिकारी व इंस्पेक्टरों की तैनाती कर दी गई है, जोकि बसों को हर स्टॉप में रोकने व सुचारु व्यवस्था बनाए रखने के लिए उचित मदद प्रदान करेंगे। गौरतलब है कि प्रदेश में महिलाओं को एचआरटीसी की बसों में 50 प्रतिशत छूट पर यात्रा सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। मगर निगम प्रबंधन द्वारा रक्षा बंधन व भैयादूज पर महिलाओं को निगम की सभी बसों में नि:शुल्क सुविधा प्रदान की जाती है जिससे महिलाएं उक्त त्योहारों पर अपने भाइयों को मिलने जाती हैं।

### ऑर्डिनरी बसों में मिलेगी सुविधा

**जानकारी** के अनुसार प्रदेश में एचआरटीसी के पास तीन हजार से अधिक बसें है। ऐसी सभी ऑर्डिनरी बसों में महिलाओं को रक्षाबंधन और भैया दूज पर निशुल्क सफर की सुविधा मिलेगी। प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा पिछले कई सालों से महिलाओं को निगम की बसों में निशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। धर्मशाला एचआरटीसी के डीएम पंकज चडडा ने कहा कि कि उक्त दिनों में महिलाओं को हर स्टापेज में बसें रोकी जाएं और सूर्योदय से सूर्याअस्त तक महिलाओं को निशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध करवाई जाए।

# दो पक्षों के बीच हुआ झगड़ा विधायक ने किया बीच बचाव

## पठानिया ने मामला शांत करवाकर पुलिस को किया सूचित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**जिला** मुख्यालय धर्मशाला के साथ लगते क्षेत्र में दो पक्षों में हो रहे झगड़े में विधायक ने बीच-बचाव करते हुए मामला शांत करवाया, साथ ही इसकी सूचना पुलिस को भी दी।

मौके पर पहुंची पुलिस टीम की ओर से दोनों पक्षों को थाने लाया गया, जहां दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर क्रॉस एफआईआर दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह घरोह बाजार में दो पक्षों की ओर से सड़क पर झगड़ा किया जा रहा था।

इस दौरान विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया वहां से जा रहे थे। लोगों को सड़क पर झगड़ता देख कर विधायक ने मौके पर बीच-बचाव करते हुए मामले को शांत करवाया और पुलिस को इस संबंध में सूचना दी। जानकारी के अनुसार क्षेत्र का एक युवक दुकान से सामान लेने गया था, जिसे दुकानदार ने सामान दे दिया। इसके बाद क्षेत्र के ही दो अन्य युवक दुकान पर सामान लेने पहुंचे तो दुकानदार ने बाजार बंद होने की बात कह कर सामान नहीं दिया।

**दुकानदार के बाजार बंद होने की बात कहकर सामान न देने पर हुआ झगड़ा**

इसी बात को लेकर बहसबाजी शुरू हो गई और युवकों के परिजन भी मौके पर पहुंचे और बहसबाजी लड़ाई-झगड़े में बदल गई।

उधर, एएसपी बीर बहादुर ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर गई थी और दोनों पक्षों को थाना में लाया गया। इस मामले में दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर क्रॉस एफआईआर दर्ज की गई है।

# डोहग प्लोटी में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## ससुराल पक्ष ने बताया आत्महत्या, मायका पक्ष बोला- बेटी की हत्या हुई

अनंत ज्ञान, देहरा

**देहरा** उपमंडल के अंतर्गत डोहग प्लोटी पंचायत में विवाहित महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका स्मृति पत्नी वरुण कुमार की शादी लगभग पांच वर्ष पहले हुई थी। ससुराल पक्ष के अनुसार, स्मृति रात को अपनी बेटी के साथ ऊपर वाले कमरे में सोई थी। जब सास उसे देखने गई तो स्मृति फंदे से लटकी हुई मिली। ससुराल पक्ष के अनुसार यह आत्महत्या का मामला है, जबकि मायका पक्ष इसे हत्या बता रहा है। बताया जा रहा है कि जिस कमरे में घटना हुई, वह अंदर से बंद नहीं था और पुलिस व मायका पक्ष के पहुंचने से पहले ही शव को नीचे उतार लिया गया था, जिससे शक और गहरा गया। घटना की सूचना मिलते ही हरिपुर थाना पुलिस व रानीताल चौकी की टीम रात करीब डेढ़ बजे मौके पर पहुंची। पुलिस ने पाया कि शव पहले ही नीचे उतार लिया गया था। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। डीएसपी देहरा शुमायला चौधरी स्वयं घटनास्थल पर पहुंचीं और मामले की जांच की।

**प्रतपोस्टमार्टम के बाद किया अंतिम संस्कार**

### भारी संख्या में पहुंचे मायका पक्ष के लोग, जमकर किया हंगामा

**शव** को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल देहरा भेजा गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शाम को डोहग प्लोटी में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान मायका पक्ष के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और जमकर हंगामा किया। उन्होंने मृतका के पति, सास और ससुर की गिरफ्तारी की मांग की और कहा कि जब तक तीनों को गिरफ्तार नहीं किया जाता, वे बेटी का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। मृतका के पिता मदन लाल ने आरोप लगाया कि वरुण नशा करता था और नशे की हालत में अक्सर स्मृति को प्रताड़ित करता था। उन्होंने यह भी कहा कि घटना वाली रात भी वरुण नशे में था और झगड़ा हुआ था। मायका पक्ष का कहना है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या है।

### मृतका के पिता ने लगाए आरोप

**मृतका** के पिता ने प्रधान पूनम परमार पर भी आरोप लगाया कि वह ससुराल पक्ष के साथ मिली हुई हैं और मायका पक्ष के लोगों के साथ धक्का-मुक्की की। उन्होंने पुलिस को दी लिखित शिकायत में प्रधान पर कार्रवाई की मांग की है।

### प्रधान बोलीं, आरोप बेबुनियाद

**प्रधान** पूनम परमार ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते और कहा कि उन्होंने सिर्फ मानवता के नाते मदद करने की कोशिश की थी। उनके अनुसार, जब शव नीचे उतारा गया, तब स्मृति में हल्की सांसें थीं और वरुण ने उसे सीपीआर भी दी, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। प्रधान ने कहा कि जिस तरह मायका पक्ष उनके खिलाफ आक्रोशित हुआ, उससे उन्हें अपनी सुरक्षा का भी खतरा महसूस हो रहा है।

"**पुलिस** के पहुंचने पर शव नीचे पड़ा था और पास में चुन्नी का टूटा हुआ फंदा मिला। मायका पक्ष की शिकायत के आधार पर मृतका के पति, सास और ससुर को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा।

-शुमायला चौधरी, डीएसपी, देहरा

# ब्यास के किनारे नादौन के व्यक्ति का शव बरामद

## परिजनों ने मौके पर पहुंचकर की शव की शिनाख्त



नादौन निवासी व्यक्ति के लापता होने की 8 अक्तूबर को दर्ज करवाई रिपोर्ट।

अनंत ज्ञान, देहरा

**पुलिस** थाना देहरा के तहत कांजूपीर में ब्यास नदी के किनारे एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। सूचना मिलते ही देहरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस जांच में मृतक की पहचान 45 वर्षीय सुदेश कुमार पुत्र उत्तम चंद, वार्ड नंबर-1, नादौन, तहसील व थाना नादौन, जिला हमीरपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुदेश कुमार 7 अक्तूबर से लापता थे, जिनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट 8 अक्तूबर को थाना नादौन में दर्ज करवाई गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल देहरा पहुंचाया, जहां आगे की कार्रवाई की जा रही है। शव मिलने पर पुलिस ने मृतक के परिजनों को मौका पर बुलाकर शव की शिनाख्त की। डीएसपी देहरा शुमायला चौधरी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

# जवानों संग दीपावली मनाकर बढ़ाया मनोबल



पठानकोट में शहीद सैनिक परिवार सुरक्षा परिषद ने बीएसएफ पहाड़ीपुर पोस्ट पर जवानों के साथ दिवाली मनाई।

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

**पठानकोट।** पठानकोट में शहीद सैनिक परिवार सुरक्षा परिषद ने भारत-पाक सीमा की बीएसएफ पहाड़ीपुर पोस्ट पर जवानों के साथ दिवाली मनाई।

परिषद के महासचिव कुंवर रविंद्र सिंह विक्की ने कहा कि ये वीर जवान देश के त्योहारों के असली रखवाले हैं। उन्होंने जवानों को मिठाई, तिरंगा और फुलझड़ियां भेंट कर मनोबल बढ़ाया। सहायक कमांडेंट बीएस मीणा ने कहा कि जवानों का मनोबल ऊंचा है और वे पूरी चौकसी के साथ सीमा की रखवाली कर रहे हैं।

शहीद परिवारों ने भी जवानों में अपने बलिदानी सपूतों का प्रतिबिंब देखा और उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर पुलिस अधिकारी और समाजसेवी भी उपस्थित रहे। इस आयोजन ने जवानों को यह एहसास दिलाया कि पूरा देश उनके साथ है, जिससे उनकी जिम्मेदारी और भी मजबूत हुई है। इस अवसर पर समाज सेवक डॉ. राजिंदर शर्मा व सुरिंदर महाजन शिंदा, सुमन शर्मा, इंस्पेक्टर आरके शर्मा, सब इंस्पेक्टर अभिमन्यु सेठ, सब इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद, एएसआई दिवान चंद, एएसआई राम कुमार, महिला कांस्टेबल साथी सरकार, भारती चौधरी व रूपा मंडल, हेड कांस्टेबल जवाहर सिंह आदि उपस्थित थे।

# पठियार में बिजली उपकरणों की दुकान में लगी आग

## उपकरण जलकर स्वाह, दो लाख का नुकसान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**नगरोटा** बगवां के पठियार में विद्युत उपकरणों की दुकान में आग लगने से दो लाख रुपए का नुकसान हुआ है। नगरोटा बगवां फायर चौकी के मुताबिक सोमवार की रात साढ़े नौ बजे पठियार में महेश सूद की बिजली उपकरण की दुकान में अचानक लग गई।

सूचना मिलने के बाद अग्निशमन कर्मी मौके पर पहुंचे और एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस अग्निकांड में पीड़ित को दो लाख का नुकसान हुआ है, 80 लाख रुपए की संपत्ति को बचाया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आसपास की दुकानें भी चपेट में आ सकती थी। फायर कर्मियों ने मौका पर पहुंचकर तुरंत आग पर काबू पाकर आसपास की दुकानों को आग की भेंट चढ़ने से बचा लिया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।



फायर ब्रिगेड की टीम ने 80 लाख रुपए की संपत्ति को जलने से बचाया।

# मुख्य आरक्षी सनी ठाकुर सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत



थाना प्रभारी एवं समस्त पुलिस कर्मियों ने पदोन्नति पर सनी ठाकुर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

अजय पाल, अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** पुलिस थाना पंचरुखी में सेवा दे रहे मुख्य आरक्षी सनी ठाकुर को उत्कृष्ट कार्य निष्पादन, अनुशासन, निष्ठा एवं जनसेवा के प्रति समर्पण को दृष्टिगत रखते हुए सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। यह पदोन्नति उनके कर्तव्यपरायणता, दक्षता एवं उत्कृष्ट सेवा भाव का प्रतीक है।

इस अवसर पर थाना प्रभारी एवं समस्त पुलिस कर्मियों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान कीं। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तरोत्तर प्रगति एवं जनकल्याण के लिए निरंतर योगदान की कामना की।

## न्यूज ब्रीफ

### एसआईएस सिक्योरिटी में 80 गार्ड पदों पर भर्ती 30-31 को

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। एसआईएस सिक्योरिटी, इंडिया लिमिटेड, रीजनल ट्रेनिंग सेंटर हमीरपुर नियर डुग पार्क, सैनिक स्कूल, बस्सर रोड, हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड्स के 80 पदों को भरा जा रहा है। इन पदों के लिए 30 अक्तूबर को उप-रोजगार कार्यालय घुमारवीं में तथा 31 अक्तूबर को प्रातः 11 बजे से उप-रोजगार कार्यालय श्री नयना देवी जी में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी बिलासपुर राजेश मेहता ने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड्स के इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं अथवा 12वीं पास तथा उम्मीदवार की आयु 19 से 40 वर्ष होनी अनिवार्य है। चयनित अभ्यर्थियों को 17,500 रुपए से 22,500 रुपए तक मासिक मानदेय प्रदान किया जाएगा। इन पदों के लिए केवल पुरुष उम्मीदवार ही पात्र हैं। इच्छुक उम्मीदवार अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित स्थान, तिथि व समय पर उपस्थित होकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए एसआईएस सिक्योरिटी, हमीरपुर के अधिकारी से मोबाइल नंबर 8558062252 पर संपर्क कर सकते हैं।

### बिलासपुर में सीपीआर अभियान संपन्न

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला बिलासपुर में सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) जागरूकता अभियान का सफल आयोजन 13 से 17 अक्तूबर तक किया गया। यह अभियान भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू की गई पैन इंडिया सीपीआर अवेयरनेस पहल के तहत इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित किया गया। इस बारे उपायुक्त एवं अध्यक्ष, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि इस दौरान जिला बिलासपुर में आईटीआई, सरकारी एवं गैर-सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों, महाविद्यालयों, नर्सिंग संस्थानों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं, डाइट जुखाला, क्षेत्रीय अस्पताल तथा एम्स बिलासपुर सहित विभिन्न संस्थानों में प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 24 विभिन्न संस्थानों के कुल 1,560 प्रतिभागियों ने प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान पोस्टर प्रतियोगिता, सीपीआर प्रशिक्षण की शपथ तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण आयोजित किए गए। यह प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग द्वारा होमगार्ड, सिविल डिफेंस तथा रेडक्रॉस सोसायटी के प्रशिक्षित कर्मियों के सहयोग से प्रदान किया गया। उपायुक्त ने सीपीआर प्रशिक्षण के महत्व पर बल देते हुए कहा कि आपदा या चिकित्सकीय आपात स्थिति में सीपीआर किसी भी व्यक्ति का जीवन बचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने सभी विभागों, संस्थानों और स्वयंसेवकों के सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए इस जन-कल्याणकारी अभियान को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

### द्रोबड़ के अमित ने मेहनत के बूते बनाए रास्ते

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। सदर विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले द्रोबड़ निवासी अमित कुमार ने अपनी कड़ी लगन और मेहनत से हिमाचल प्रदेश पुलिस में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के इस बेटे ने अपनी कड़ी मेहनत और सच्ची लगन से न सिर्फ अपने भविष्य को संवारा है बल्कि समाज में भी एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस बेटे की सफलता से प्रसन्न सदर भाजपा के उपाध्यक्ष सुभाष ठाकुर ने उन्हें बधाई देते हुए अमित के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सुभाष ठाकुर ने बताया कि अमित कुमार बहुत गरीब परिवार से संबंधित हैं। इनके पिता दिव्यांग हैं और मेहनत मजदूरी करते हैं। जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में हालात से लड़कर अपने बेटे को पढ़ाया और अमित भी अपने पिता की सोच व कसौटियों पर खरा उतरे तथा हिमाचल प्रदेश पुलिस में नौकरी हासिल की। सुभाष ने कहा कि कि यदि कोई युवा ठान ले तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। अमित कुमार को बधाई देते हुए कहा कि अपनी लगन और मेहनत से यह प्रमाणित कर दिया है कि यदि कोई युवा संकल्प ले ले तो कोई भी परिस्थिति उसका रास्ता नहीं रोक सकती और वह अपने अपने मकसद में कामयाब हो सकता है। उनके चयन से द्रोबड़ पंचायत में खुशी की लहर है।



### पूर्व विधायक डॉ. बाबू राम के निधन पर जताया शोक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। बिलासपुर प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, प्रदेश सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, पूर्व मंत्री राम लाल ठाकुर, पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा आदि ने पूर्व विधायक व पूर्व में निगम परिषद के वाइस चेयरमैन रहे डॉ. बाबू राम गौतम के निधन पर शोक जताया है और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट की है। मुख्यमंत्री ने अपना शोक संदेश देते हुए कहा कि डॉ. बाबू राम गौतम कांग्रेस पार्टी के कर्मठ सिपाही थे, उनके योगदान को पार्टी कभी भुला नहीं सकती। उन्होंने छात्र राजनीति से लेकर कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस पार्टी के भिन्न भिन्न विभागों में कार्य करते हुए जनहित की लड़ाई को अपने अंतिम समय तक जारी रखा, उनका जनता से हमेशा सीधा संवाद रहा और जनसेवा में डॉ बाबू राम गौतम ने कई आयाम स्थापित किए। गौतम ने कांग्रेस पार्टी को संगठनात्मक रूप से सुदृढ़ करते हुए सामाजिक सरोकार भी बखूबी निभाए। वह एक स्पष्टवादी नेता तो थे ही, लेकिन आमजनों के सुख-दुख में भी हमेशा शामिल रहते थे, इस तरह से उनका अंतत यात्रा पर निकल जाना कांग्रेस पार्टी गहरा आघात तो है और उनकी कमी हमेशा कांग्रेस पार्टी को खलती रहेगी। एक सादगी पूर्ण जीवन की मिसाल डॉक्टर बाबू राम गौतम एक सद्यांत आचरण के लिए भी हमेशा जाने जाएंगे।

### बरमाणा में लगा वित्तीय साक्षरता शिविर

अनंत ज्ञान, बरमाणा। ग्राम पंचायत बरमाणा में हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा बरमाणा द्वारा नाबार्ड के सौजन्य से वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बैंक के प्रबंधक जगदीश राम ,नीलेश नेगी द्वारा स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं व अन्य ग्रामीणों को बैंक की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। बैंक प्रबंधक ने उपस्थित लोगों को सशक्त महिला ऋण योजना, सपनों का संचय, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तार से बताया।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है । साथ ही उन्होंने बदलते बैंकिंग स्वरूप, साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने तथा खातों में केवाईसी अनिवार्य रूप से करवाने की अपील भी की। शिविर में ग्राम पंचायत प्रधान पूजा धीमान सहित महिलाओं तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी भाग लिया।

### धार टटोह में जन सुरक्षा व बैंकिंग योजनाओं के दिए टिप्स

अनंत ज्ञान, बरमाणा। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा धार टटोह द्वारा नाबार्ड के सौजन्य से एक वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैंक प्रबंधक राजीव शर्मा ने ग्रामीणों को अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के लाभ, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि ये योजनाएं विशेष रूप से ग्रामीण एवं निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने में सहायक हैं। इसके साथ ही उन्होंने बढ़ते साइबर फ्रॉड, ओटीपी शेयरिंग, फर्जी कॉल आदि से बचने के उपाय बताएं और सुरक्षित बैंकिंग के लिए सावधानी बरतने की अपील की।शिविर में स्थानीय ग्रामीणों, महिलाओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# दिवाली पर बिलासपुर में खरीदारी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

## सोना-चांदी, कपड़े और वाहनों की बिक्री में ऐतिहासिक बढ़ोतरी

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो

बिलासपुर। दिवाली 2025 के अवसर पर बिलासपुर के बाजारों और शोरूम में खरीदारी की रौनक देखने को मिली। इस साल सोना-चांदी की बिक्री, कपड़ों और वाहनों की खरीदारी में पिछले वर्षों की तुलना में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई। दुकानदार और डीलर दोनों ही इस त्योहारी मौसम से बेहद उत्साहित हैं।दिवाली 2025 ने बिलासपुर में व्यापार और वाहन उद्योग दोनों को नई ऊर्जा दी। सोना-चांदी, कपड़े और वाहनों की बढ़ी हुई बिक्री ने स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती दी और त्योहारी उत्सव की रौनक ने शहर को नई चमक दी। प्रशासन और व्यापारिक संगठन दोनों का मानना है कि इस तरह की खरीदारी से शहर में आर्थिक गतिविधियाँ और रोजगार बढ़ेंगे।

### वाहन बिक्री में जोर

बिलासपुर के वाहन शोरूम में भी दिवाली की रौनक देखने को मिली। इस अवसर पर मारुति सुजुकी के 150 से अधिक वाहन, हुंडई के 80 से अधिक वाहन, महिंद्रा के लगभग 45 वाहन, टाटा मोटर्स के 30 वाहन और बजाज, टीवीएस तथा हीरो के 300 से अधिक दो-पहिया वाहन बिके। डीलरों का कहना है कि त्योहारी ऑफर, डाउनपेमेंट छूट और आसान ईएमआई योजनाओं ने ग्राहकों को वाहन खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया।



### सोना-चांदी की बिक्री में उछाल

बिलासपुर जिले में दिवाली के दौरान लगभग 5 करोड़ का सोना-चांदी का कारोबार दर्ज किया गया। व्यापारियों के अनुसार, सोने और चांदी की मांग में वृद्धि के पीछे निवेश और त्योहारी शगुन दोनों ही प्रमुख कारण रहे। दिवाली के दिन सोने और चांदी की कीमतों में हल्की गिरावट ने खरीदारों को और आकर्षित किया। दुकानदारों का कहना है कि त्योहारी रौनक में शामिल लोगों की भीड़ ने बाजार को चार चांद लगा दिए।

### दुकानदार और डीलरों का लाभ

विशेष छूट और ऑफर से दुकानदारों और डीलरों दोनों को इस दिवाली मुनाफा देखने को मिला। सराफा बाजार, कपड़े की दुकानों और वाहन शोरूम में हुई बढ़ी हुई बिक्री ने स्थानीय व्यापारियों और डीलरों के चेहरों पर मुस्कान ला दी।

### कपड़ों की बिक्री में बढ़ोतरी

कपड़ों की दुकानों में भी दिवाली 2025 के दौरान बिक्री में 20-30 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। दुकानदारों ने विशेष छूट, ऑफर और नए कलेक्शन पेश करके ग्राहकों को आकर्षित किया। पारंपरिक और आधुनिक डिजाइन दोनों में समान रूप से मांग रही। इस बार स्थानीय लोगों के साथ-साथ शहर में आए पर्यटकों ने भी खरीदारी को बढ़ावा दिया।

### मुख्य आंकड़े

- **सोना-चांदी का कारोबार:** 5 करोड़ रुपए
- **कपड़ों की बिक्री वृद्धि:** 20–30 प्रतिशत
- **वाहनों की बिक्री:** लगभग 600 वाहन (दो-पहिया और चार-पहिया)
- **मुख्य कारण:** त्योहारी शगुन, निवेश और उत्सव की रौनक
- **दुकानदार और डीलरों का लाभ:** पिछले साल से अधिक

*नोट: सभी आंकड़े बातचीत पर आधारित*

# दिवाली के बाद बिलासपुर में ध्वनि और वायु प्रदूषण का असर जारी

अनंत ज्ञान, बिलासपुर

दिवाली की चमक और रौनक अब ढल चुकी है, मगर उसका धुआं अभी भी शहर की हवा में घुला हुआ है। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों को हो रही है। दीपावली की रात जले पटाखों का असर अब भी वातावरण में बना हुआ है, जिससे कई क्षेत्रों में सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन और सिरदर्द की शिकायतें सामने आई हैं। तेज धमाकों और उठते धुएं ने शहर में कई क्षेत्रों में परेशानी पैदा की है। हालांकि, जिला प्रशासन ने अधिसूचना निकालकर 10 बजे के बाद आतिशबाजी न करने का निर्णय लिया था, लेकिन बिलासपुर में यह आतिशबाजी लगातार 12:01 बजे तक चलती रही। पटाखों की आवाज और धुएं ने बच्चों, बुजुर्गों और श्वसन संबंधी समस्याओं वाले लोगों को गंभीर परेशानियां दीं।

शहर के विभिन्न इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक में काफी बढ़ोतरी देखी गई। कुछ क्षेत्रों में यह स्तर खराब श्रेणी में पहुंच गया, जिससे स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने नागरिकों को सावधान रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि लोग धूम्रपान और धूल से दूर रहें, मास्क पहनें और विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा का ध्यान रखें।

प्रशासन ने दिवाली के दौरान और उसके बाद शहर में ध्वनि व वायु प्रदूषण की स्थिति की समीक्षा शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि आगामी त्योहारों के दौरान नागरिकों को प्रदूषण नियंत्रण के दिशा-निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता अभियान भी चलाए जाने की योजना बनाई जा रही है, ताकि शहर में प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित किया जा सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

इस दिवाली के अनुभव ने यह स्पष्ट कर दिया है कि त्योहारों में उत्सव और आनंद के साथ-साथ पर्यावरणीय सुरक्षा और स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है। शहरवासियों और प्रशासन दोनों को मिलकर ऐसे उपाय करने होंगे, जिससे आने वाले त्योहारों में ध्वनि और वायु प्रदूषण को कम किया जा सके और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी की पेयजल योजना फिर चरमराई

मुकेश गौतम, अनंत ज्ञान



नैनादेवी। प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी की पेयजल स्कीम एक बार फिर ठप हो गई है। इस बार न तो कोई पाइप फटा है, न बिजली की कोई खराबी आई है और न ही ट्रांसफार्मर में दिक्कत है। इसके बावजूद स्कीम बंद हो जाने का कारण कर्मचारियों की हड़ताल है। पेयजल योजना पर कार्यरत कर्मचारियों को पिछले 15 माह से वेतन नहीं मिला, जिस कारण उन्होंने 20 अक्तूबर से कार्य बंद कर दिया है। हड़ताल में कर्मचारियों के साथ उनकी पत्नियां भी शामिल होकर विभाग और ठेकेदार के खिलाफ रोष जता रही हैं।

कर्मचारियों अजय कुमार, विजय कुमार, देवेंद्र आदि ने बताया कि उन्होंने कई बार विभाग के कनिष्ठ अभियंता और सहायक अभियंता (उपमंडल बस्सी) को फोन के माध्यम से शिकायत दी थी कि ठेकेदार गोपाल दास महाजन पिछले कई महीनों से भुगतान नहीं कर रहा है। इसके बावजूद विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। कर्मचारियों ने कहा कि 15 महीने से वेतन न मिलने के कारण वे अपने परिवार का पालन-पोषण करने में असमर्थ हो गए हैं। उन्होंने बताया कि ठेकेदार ने वादा किया था कि दिवाली से पहले पूरी सैलरी दी जाएगी, परंतु दिवाली बीत जाने के बाद भी वेतन नहीं मिला। मजबूर होकर अब उन्होंने धरना प्रदर्शन का रास्ता अपनाया है। कर्मचारियों ने कहा कि यदि स्थिति बिगड़ती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। उधर, स्थानीय लोगों ने भी पेयजल स्कीम के बार-बार बाधित होने पर नाराजगी जताई है। लोगों ने बताया कि विभाग दिन में सिर्फ एक घंटे के लिए पानी आवंटित करता है, जबकि मंदिर क्षेत्र के आसपास के लोगों को तो 24 घंटे में मात्र आधा घंटा पानी मिलता है। जब हड़ताल के संबंध में ठेकेदार गोपाल दास महाजन से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने बार-बार फोन करने पर भी कॉल रिसीव नहीं की।

# स्वारघाट में यूपी नंबर ट्रक से मिले 11 मृत गोवंश

राकेश चंदेल, अनंत ज्ञान, स्वारघाट। स्वारघाट-नालागढ़ मार्ग पर स्वारघाट से करीब दो किलोमीटर आगे नालभारा नामक स्थान पर गोवंश से भरा एक यूपी नंबर ट्रक (यूपी14 जीटी7602) पकड़ा गया है। यह ट्रक दो दिनों से सड़क किनारे खराब हालत में खड़ा था और उसे तिरपाल से पूरी तरह ढका गया था। स्थानीय लोगों को शक होने पर जब उन्होंने ट्रक की जांच की तो अंदर का नजारा देखकर सभी दंग रह गए। ट्रक में कुल 13 गोवंश भरे हुए थे, जिनमें से 11 मृत पाए गए, जबकि 2 को जीवित अवस्था में सुरक्षित बाहर निकाला गया। ट्रक के पिछले हिस्से में आलू के कट्टे भी रखे गए थे, ताकि गोवंश की तस्करी को छिपाया जा सके।

घटना की जानकारी मिलते ही नालागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को अपने कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मौके पर मौजूद तस्कर लोगों को देखकर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों और गोरक्षा दल के सदस्यों ने इस घटना पर गहरा रोष जताते हुए राज्य सरकार से मांग की है कि बाहरी राज्यों से आने वाले ट्रकों की सख्ती से जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। गौरतलब है कि हाल के दिनों में हिमाचल में गोवंश तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी पाई जा रही है।

# बिलासपुर के बाबा नाहर सिंह मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब



अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

नगर आराध्य देव बाबा नाहर सिंह मंदिर धौलरा में मंगलवार को आस्था और श्रद्धा का सैलाब उमड़ा। दूर दूर से परिवार सहित आए श्रद्धालुओं ने बाबा नाहर सिंह मंदिर में बाबा जी के दर्शन किए और शीश नवाकर अपनी, परिवार और विश्वशांति की मंगल कामना की।

गौर हो कि दीवाली के अगले दिन यानि मंगलवार को भी छुट्टी होने के कारण भक्तों का हुजूम उमड़ा। सुबह से ही मंदिर में भक्तों का आना शुरू हो गया था। लोगों ने शांतिपूर्वक तरीके से कतारों में खड़े होकर बाबा जी के दर्शनों के लिए इंतजार किया। दोपहर होने तक यह कतारें मुख्य द्वार से बाहर तक चली गई थी। इस दौरान मंदिर के साथ की पार्किंग पूरी तरह से भर चुकी थी जबकि नेशनल हाइवे के पास बनाई गई पार्किंग भी पूरी तरह से भरी थी, लोगों ने अपनी गाड़ियां सड़क के किनारे खड़ी की तथा मंदिर जाकर बाबा नाहर सिंह जी के दर्शन किए। मंगलवार को हर बार की तरह भंडारे का विशेष प्रावधान मंदिर के पुजारी वर्ग और अन्य दानी सज्जनों के माध्यम से किया गया था।

मंगलवार को कहलूरी धाम का आयोजन किया गया था, जिसमें सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के पुजारी पंडित विनोद शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कमी न हो इसके लिए मंदिर की ओर से उनका पूरा ध्यान रखा गया। पीने के पानी का माकूल प्रबंध था, जबकि शाम होने तक करीब दो हजार श्रद्धालु माथा टेक चुके थे।

# कांग्रेसियों ने पूर्व विधायक डॉ. बाबूराम गौतम को दी श्रद्धांजलि



पूर्व विधायक डॉ. बाबूराम गौतम को अंतिम श्रद्धांजलि देते कांग्रेस नेता

अनंत ज्ञान, बिलासपुर

बिलासपुर सदर के पूर्व कांग्रेस विधायक डॉ. बाबूराम गौतम के निधन से पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई है। रविवार को बड़ी संख्या में लोग उनके निवास स्थान पर अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनका अंतिम संस्कार बिलासपुर के लुहणू घाट में किया गया, जहां उनके पुत्र अनूप ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर परिजनों, शुभचिंतकों, समर्थकों और क्षेत्रवासियों की आंखें नम थीं।

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने डॉ. बाबूराम गौतम के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। धर्माणी ने कहा कि डॉ. गौतम एक सच्चे जनसेवक थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन जनता की सेवा, सामाजिक उत्थान और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को समर्पित किया। उन्होंने बताया कि बतौर विधायक डॉ. गौतम ने अपने कार्यकाल में विकास की अनेक योजनाओं को धरातल पर उतारा और आम जन की समस्याओं को सदैव प्राथमिकता दी।

**अंतिम दर्शन के लिए मंत्री राजेश धर्माणी भी पहुंचे**

इस अवसर पर विधायक त्रिलोक जम्वाल, पूर्व सांसद सुरेश चंदेल, पूर्व मंत्री राम लाल ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# देश में भी चमकी भारतीय दिवाली कनाडा में 'अनंत ज्ञान' की गूंज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। कनाडा में इस बार दिवाली का उत्सव भारतीय परंपराओं और संस्कृति की झलक के साथ बेहद धूमधाम से मनाया गया। भारतीय समुदाय ने रोशनी, रंगोली, संगीत और नृत्य से सजे भव्य मेलों का आयोजन किया, जिससे पूरा वातावरण भारत की खुशबू से महक उठा। अनंत ज्ञान की डिजिटल पहुंच अब सीमाओं को पार करते हुए कनाडा तक पहुंच चुकी है। मेलों में दीप जलाने के साथ-साथ पारंपरिक भारतीय परिधानों, स्वादिष्ट व्यंजनों, भांगड़ा-गिद्धा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शानदार झलक देखने को मिली।

बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी ने मिलकर प्रकाश पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया और भारत की संस्कृति को जीवंत किया। अनंत ज्ञान ने कनाडा में फंसे भारतीयों को डिजिटल समाचार पत्र पहुंचाकर यह साबित कर दिया कि चाहे हजारों मील की दूरी क्यों न हो, भारतीयों के दिलों में अपनी मातृभूमि की दिवाली की वही रौनक, वही अपनापन और वही उमंग बसती है।

अनंत ज्ञान परिवार को गर्व है कि उसकी खबरें, विचार और वीडियो अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय संस्कृति की पहचान बन रहे हैं और विश्वभर में 'भारत की दिवाली' की चमक फैला रहे हैं।

# मिलजुल कर त्योहार मनाने से बढ़ता है भाईचारा, मिटती हैं दूरियां : अब्बास हुसैन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर



उत्सव त्योहार किसी व्यक्ति विशेष या विशेष समुदाय के न होकर समाजिक तौर पर सांझे होते हैं। यही उत्सव हमें प्रेम में रहना और भाईचारे को निभाने की संदेश देते हैं। समय-समय पर होने वाले यह उत्सव समाज को एक सूत्र में पिरोने के लिए अहम भूमिका निभाते हैं और मौजूदा परिस्थितियों में यह अति महत्वपूर्ण है। यह कहना है कि बिलासपुर के अब्बास हुसैन का। मुस्लिम समुदाय से ताल्लुक रखने वाले अब्बास पुलिस विभाग में हैं।

उन्होंने बताया कि इस दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम लंका पर विजय प्राप्त कर अयोध्या लौटे थे, तो अयोध्यावासियों ने उनके आगमन पर पूरी अयोध्या में दीप जलाकर उनका स्वागत किया था। अब्बास हुसैन व परिवार के सदस्यों ने अपने घर को दीपावली के पावन अवसर पर दुल्हन की तरह सजाया था। घर में बाकायदा विशेष रोशनी का प्रबंध किया गया, जबकि बाहर पूरे मकान को रंग-बिरंगी लड़ियों से सजाया गया। अब्बास बताते हैं कि जलमग्न शहर बिलासपुर में उनके बाप-दादाओं के समय इन परंपराओं का निर्वहन शाही अंदाज से होता है। घर की बेटियां रंगोली तैयार करती हैं। शाम के समय पड़ोसियों, रिश्तेदारों और मित्रों में उपहार बांटे जाते हैं। फिर शाम को घर में पटाखे और आतिशबाजी का खूब आनंद लिया जाता है। उन्होंने बताया कि उनके स्वर्गीय पिता अमजद शाह भी सभी त्योहारों को बड़े शौक से मनाते थे।

# दलितों पर हो रहे अत्याचार को लेकर कालिया ने जताई चिंता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला कबीर पंथी समाज के जिलाध्यक्ष विजय कालिया ने दलितों पर हो रहे अत्याचारों को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए इन मामलों में संलिप्त दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्रेस को जारी बयान में विजय कालिया ने कहा कि अभी हाल ही में सोलन जिले की साई पंचायत में गोलीकांड में मौत का शिकार बने पूर्व उपप्रधान के मामले ने साबित कर दिया है कि समाज के कुछ लोगों की मनुवादी सोच आज भी कायम है तथा वे आए दिन इस प्रकार की हरकतें कर जता देते हैं कि समानता केवल किताबी शब्द हैं। उन्होंने कहा कि कबीर पंथी समाज तथा अन्य अनुसूचित जाति, जनजाति संगठन समभाव और समरसता की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में कानून अपना काम कर रहा है लेकिन बात वहीं छोटी एवं घटिया की मानसिकता की आती है। विजय कालिया ने कहा कि रोहड़ू में जातिगत द्वेष के चलते एक मासूम को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है। तहसीलदार के साथ सार्वजनिक दुर्व्यवहार की घटनाओं से हिमाचल प्रदेश की गरिमा शर्मसार हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सरकार तथा डीजीपी पुलिस विभाग से आग्रह किया है कि इस प्रकार के मामलों में तुरंत प्रभाव से कार्यवाही की जानी चाहिए तथा दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए।

# जेपी नड्डा ने परिवार संग दिल्ली स्थित आवास पर मनाई दीपावली



अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने इस वर्ष दीपावली अपने दिल्ली स्थित सरकारी निवास पर सादगी और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाई। इस अवसर पर उनके साथ उनकी धर्मपत्नी डॉ. मल्लिका नड्डा, पिता नारायण लाल नड्डा, भाई जगत भूषण नड्डा, पुत्र हरीश नड्डा सहित परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। परिवार ने इस पावन अवसर पर पारंपरिक विधि-विधान से लक्ष्मी-गणेश पूजा की और देशवासियों की समृद्धि, स्वास्थ्य एवं सुख-शांति की कामना की।

दीपावली समारोह के दौरान नड्डा परिवार ने दीप प्रज्वलित कर पर्यावरण अनुकूल तरीके से पर्व मनाने का संदेश भी दिया। भाजपा अध्यक्ष ने इस अवसर पर अपने शुभकामना संदेश में कहा कि दीपों का यह पर्व अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और नकारात्मकता पर सकारात्मकता की विजय का प्रतीक है। मैं देशवासियों के जीवन में उजाला, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करता हूं।

# बिलासपुर में हर्षोल्लास से मनाया दिवाली का त्योहार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। बिलासपुर नगर में रोशनी का त्योहार दीपावली बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर पूरा शहर विभिन्न रोशनियों से दुल्हन की सजा रहा। शाम के समय शहर की आभा देखते ही बन रही थी। लोगों ने दिनभर खूब खरीददारी की। शाम को सभी लोगों ने अपने-अपने घरों में माता लक्ष्मी, गणेश और सरस्वती तथा अपने आराध्यों की विधिवत पूजा-अर्चना की तथा खूब आतिशबाजी का आनंद लिया। लोगों ने अपने पड़ोसियों व रिश्तेदारों में मिठाई और उपहार देकर इस पर्व की परंपरा निभाई।

इस दौरान युवाओं और बच्चों को इस त्योहार को लेकर खासा उत्साह दिखा। आतिशबाजी और पटाखे आदि करने के लिए जिला प्रशासन का फरमान निर्धारित समय तक था बावजूद इसके देर रात तक पटाखों की गूंज सुनाई दी। छुटपुट घटनाओं को यदि किनारे रखा जाए तो बिलासपुर में यह त्योहार शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुआ। इस त्योहार में किसी प्रकार का खलल न हो इसके लिए पुलिस की गश्त भी नियमित रही।

**हृदय विदारक** पूर्व सैनिकों ने दिखाई एकता, दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़े हुए साथी

# जाते-जाते मानसून ने दिया सैनिक विपिन कुमार को गहरा घाव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर



कैप्टन जगदीश वर्मा व उनके साथी प्रभावित परिवार के साथ।

अनंत ज्ञान विशेष

अभी-अभी समाप्त हो रहे बरसात के मौसम ने इस वर्ष पूरे हिमाचल में तबाही मचाई और अनेक परिवारों को गहरे घाव देकर समाप्त हुआ। इसी पीड़ित परिवारों में सबसे गहरा आघात झेलना पड़ा 34 वर्षीय सैनिक लांस नायक (लेंस दफादार) विपिन कुमार, निवासी गांव फगोग (बरठी) को, जो वर्तमान में चार हॉर्स बटालियन, तोपखाना रेजिमेंट में जम्मू-कश्मीर में तैनात हैं।

यह जानकारी संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स-सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओआर) हिमाचल प्रदेश के चेयरमैन कैप्टन जगदीश वर्मा (सेवानिवृत्त), मीडिया प्रभारी नायब सूबेदार अमृत लाल और कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर रोशन लाल चौहान ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में दी। कैप्टन जगदीश वर्मा ने बताया कि उन्होंने आज अन्य भूतपूर्व सैनिकों के साथ सैनिक विपिन कुमार के गांव फगोग में उनके परिवार से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि 7 अक्तूबर को बरठी के समीप हुए बस हादसे में जब बस पर मलबा गिरा, उस दर्दनाक दुर्घटना में सैनिक विपिन कुमार के चार परिजनों की मृत्यु हो गई। मृतकों में उनकी पत्नी अंजना, दो पुत्र नक्श (7 वर्ष) और अरव (4 वर्ष) तथा भाभी कमलेश शामिल हैं।

कैप्टन वर्मा ने कहा कि एक ही दिन में परिवार के चार सदस्यों की अर्थियां उठना किसी भी व्यक्ति के लिए असहनीय आघात है, लेकिन यह बहादुर सैनिक अदम्य साहस के साथ अपने दुख पर नियंत्रण रखे हुए हैं और धीरे-धीरे सामान्य जीवन की ओर लौटने का प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों रिसालदार रमानंद, कैप्टन नानक चंद, सूबेदार मेजर कुलवंत सिंह पटियाल सहित कई अन्य साथियों ने विपिन कुमार के घर जाकर परिवार से संवेदना प्रकट की। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और विपिन को यह असहनीय दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। पूर्व सैनिकों ने इस मौके पर परिवार को हरसंभव सहयोग देने का भी आश्वासन दिया।

# 'हम किन्नौर के हैं, प्रदेश सरकार हमें पहचान दे'

## 90 साल से पहचान से वंचित किन्नौरा समुदाय की पुकार, पूर्वजों ने किन्नौर से पलायन कर चुराह में बसाई नई जिंदगी

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**

**चुराह।** करीब एक सदी बीत चुकी है, लेकिन न्याय अब भी रास्ता खोज रहा है। किन्नौर की ऊंची घाटियों से पलायन कर चुराह की धरती पर बसे प्रवासित किन्नौरा समुदाय आज भी अपनी पहचान की लड़ाई लड़ रहा है। हम किन्नौर के हैं, हमारी जड़ें वहीं हैं, हमारी संस्कृति वही है बस सरकार से उम्मीद है कि हमें भी हमारी पहचान लौटा दें, समुदाय का कहना है।

किन्नौरा एसोसिएशन चुराह ने राजस्व, उद्यानिकी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी को ज्ञापन) सौंपते हुए अनुसूचित जनजाति का दर्जा बहाल करने की मांग उठाई है। एसोसिएशन ने बताया कि उनके पूर्वज 1930 से 1945 के बीच सीमित संसाधनों, भौगोलिक कठिनाइयों और जीवन-निर्वाह की विवशता के चलते किन्नौर से निकलकर चुराह क्षेत्र की



किन्नौरा एसोसिएशन चुराह ने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी को ज्ञापन सौंप अनुसूचित जनजाति का दर्जा बहाल करने की मांग उठाई है।

दियोला और जसौरगढ़ पंचायतों में बस गए थे। एसोसिएशन ने कहा कि हमारी बोली अब भी वही है, परंपराएं वही हैं, देव आस्थाएं वही हैं पर पहचान छिन गई। उन्होंने बताया कि पलायन के समय पूर्वज अशिक्षित थे, जिनके नाम स्थानीय उपनामों से दर्ज हो गए। इसी कारण आज किन्नौर और चुराह के राजस्व रिकॉर्ड मेल नहीं खाते और यही असमानता समुदाय की पहचान की सबसे बड़ी दीवार बन गई है।

समुदाय का कहना है कि अनुसूचित जनजाति दर्जा न मिलने से वे सामाजिक न्याय, शिक्षा, सरकारी योजनाओं और आरक्षण के अधिकारों से वंचित हैं। यह केवल पहचान की नहीं, बल्कि सम्मान और अस्तित्व की लड़ाई है, एसोसिएशन ने ज्ञापन में उल्लेख किया। तीन पीढ़ियां गुजर गईं, पर सरकार की फाइलें अब भी बंद पड़ी हैं। ज्ञापन में कहा गया कि 2003 में हिमाचल प्रदेश सरकार ने कुल्लू के रायसन क्षेत्र में बसे प्रवासित किन्नौरी परिवारों को उनकी सांस्कृतिक समानता और भाषाई परंपरा के आधार पर अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्रदान किया था। जब रायसन के किन्नौरी परिवारों को उनका अधिकार मिल चुका है, तो चुराह के लोगों को अब तक क्यों भुला दिया गया? समुदाय ने सवाल उठाया।

किन्नौरा एसोसिएशन ने मंत्री जगत सिंह नेगी को एक अन्य ज्ञापन भी सौंपा है, जिसमें ग्राम गडोड़ (पंचायत जसौरगढ़, चुराह) में स्थित प्राचीन गौम्पा (बौद्ध मंदिर) के पुनर्निर्माण और मरम्मत हेतु आर्थिक सहायता की मांग की गई है। एसोसिएशन ने कहा कि यह मंदिर स्थानीय लोगों की आस्था और सांस्कृतिक धरोहर का केंद्र है, लेकिन सीमित संसाधनों के कारण समुदाय स्वयं इसके निर्माण कार्य करने में असमर्थ है।

हमारी यह विनम्र अपील है कि सरकार इस पवित्र धरोहर के संरक्षण के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करे, ताकि स्थानीय आस्था और परंपरा जीवित रह सके, एसोसिएशन ने आग्रह किया। सरकार अब भी नहीं जागी तो यह इतिहास का एक और भूला-बिसरा अध्याय बन जाएगा। किन्नौरा एसोसिएशन चुराह ने सरकार से अपील की है कि प्रवासित किन्नौरा समुदाय को भी अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में शामिल किया जाए, ताकि वे भी समान अवसर, शिक्षा और सम्मान के साथ अपनी पहचान पुनः प्राप्त कर सकें। हमारी संस्कृति किन्नौर की आत्मा है हमें बस पहचान की लौ फिर से जलाने की जरूरत है।

# धरवाला बाजार में खलने लगी शौचालय की कमी



**अनंत ज्ञान, धरवाला**

### पर्यटकों व महिलाओं को करना पड़ता है काफी दिक्कतों का सामना

24 पंचायतों का केंद्र बिंदु धरवाला जहां पर शौचालय न होने से लोगों को करना पड़ रहा भारी परेशानी का सामना। एक ओर जहां बहुत से कार्यालय यहां पर मौजूद हैं ऐसे में काफी लोगों की आवाजाही यहां रहती है ऐसे में शौचालय के न होने के चलते खासकर स्त्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

वहीं दूसरी ओर स्थानीय दुकानदारों वह अन्य लोगों को भी शौचालय के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है की बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों तथा ऐतिहासिक मणिमहेश यात्रा के दौरान भी बहुत से श्रद्धालुओं को भी शौचालय न होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

स्थानीय दुकानदारों व अन्य लोगों का भी कहना है की धरवाला में एक शौचालय का निर्माण करवाया जाए ताकि लोगों को इधर-उधर न भटकना पड़े व लोगों को इस सुविधा का लाभ मिल सके वह जगह-जगह लोगों द्वारा जो गंदगी की जाती है उससे भी स्थानीय लोगों को निजात मिल सके, ताकि इस छोटे से कस्बे को और भी साफ सुथरा बनाया जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया आज करेंगे पंचायत भवन जंद्रोग का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के भटियात विधानसभा क्षेत्र के जारी प्रवास कार्यक्रम में संशोधन हुआ है। कुलदीप सिंह पठानिया 25 अक्तूबर को ग्राम पंचायत मलूण्डा में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल (सीसे) धाडू के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। विधानसभा अध्यक्ष के जारी प्रवास कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि उनका पूर्व में जारी प्रवास कार्यक्रम यथावत रहेगा। कुलदीप सिंह पठानिया अपने प्रवास कार्यक्रम की निरंतरता में 22 अक्तूबर (बुधवार) ग्राम पंचायत जंद्रोग के नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष 23 अक्तूबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गरनोटा के पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

### नियमों के उल्लंघन पर 36 वाहनों के काटे चालान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला पुलिस ने रोजमर्रा की चेकिंग के दौरान यातायात नियमों और सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 36 वाहनों के चालान किए जबकि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने के 10 मामलों में कार्रवाई कर कुल 1000 रुपये जुर्माना वसूला। खनन नियमों के तहत कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।

### दो जगह लगी आग, लाखों की संपत्ति खाक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिले में दो अलग-अलग स्थानों पर आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें लाखों रुपये की संपत्ति को नुकसान हुआ है। पहली घटना हटली थाना क्षेत्र की है, जहां चिरंजी लाल की गौशाला में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि मक्खी-मच्छर भगाने के लिए गौशाला में उपला जलाया गया था, जिससे आग फैल गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड और पुलिस की मदद से आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक गौशाला में रखा घास और लकड़ी जलकर राख हो चुका था। घटना में लगभग पांच लाख रुपये का नुकसान आंका गया है। दूसरी घटना डंपिंग साइट पर हुई, जहां एक निजी कंपनी की साइट में बिजली की तारों में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही समय में वहां रखा सामान जल गया। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक, इस घटना में करीब 10 से 15 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। दोनों मामलों की जांच जारी है।


### जहर खाने और सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिले में जहर सेवन और एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत की दुखद घटनाएं सामने आई हैं। पुलिस ने सभी मामलों में कार्रवाई शुरू कर दी है।पहली घटना में बरोट क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने गलती से जहर खा लिया था। उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज नेरचौक ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।दूसरी घटना में सरकाघाट क्षेत्र की एक युवती ने भी गलती से जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे एम्स बिलासपुर ले गए, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।तीसरी घटना थुनाग क्षेत्र की है, जहां दुनी चंद नामक व्यक्ति अपने ससुराल जा रहा था। रास्ते में पैर फिसलने से वह गहरी खाई में जा गिरा। गिरने से उसके सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। तीनों मामलों में पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है और जांच जारी है।

### प्राथमिक शिक्षक संघ शिमला के अध्यक्ष बने गोल्डी

**अनंत ज्ञान, रोहडू।** प्राथमिक शिक्षक संघ जिला शिमला के चुनाव 19 अक्तूबर को मतियाना में संपन्न हुए, जिसमें मनोज गोल्डी ने 104 मत प्राप्त कर देविंदर मोस्टा को मात्र 3 मतों से पराजित किया। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद रोहडू में शिक्षकों ने मनोज गोल्डी का गर्मजोशी से स्वागत किया। शिक्षक खंड रोहडू के महासचिव मंजीत झामटा ने कहा कि यह गौरव की बात है कि पहली बार जिला शिमला का नेतृत्व रोहडू पीटीएफ को मिला है। उन्होंने जिला के सभी प्राथमिक विद्यालय शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

# तीसा में पानी की पाइपलाइन बनी हादसों का खतरा, लोगों में रोष



**हाशू शेख, अनंत ज्ञान**

**तीसा।** तीसा क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर बिछाई गई पानी की पाइपलाइन स्थानीय लोगों और राहगीरों के लिए खतरा बन गई है। यह पाइपलाइन बिना दबाए खुले में ही पड़ी हुई है, जिससे किसी भी समय सड़क हादसा होने की आशंका बनी हुई है। खासतौर पर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग अत्यंत जोखिमपूर्ण हो गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पानी की लाइन काफी समय पहले बिछाई गई थी, लेकिन विभाग की लापरवाही के कारण अब तक इसे दबाया नहीं गया है। कई बार संबंधित विभाग को शिकायतें और अनुरोध किए गए, मगर आज तक इस समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि पाइपलाइन के कारण सड़क पर टायर फिसलने की घटनाएं बढ़ गई हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है और जन-धन की हानि की संभावना बनी रहती है। स्थानीय जनता ने विभाग से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द पाइपलाइन को दुरुस्त किया जाए और उसे सुरक्षित रूप से दबाया जाए, ताकि लोगों की आवाजाही सुगम और सुरक्षित हो सके।

# ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत सचिव बनाएंगे तंबाकू वेंडर लाइसेंस

## डीसी ने तंबाकू मुक्त युवा अभियान की समीक्षा की, जागरूकता गतिविधियों को प्रभावी बनाने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 एवं चंबा पुलिस के तत्वावधान में क्रियान्वित सक्षम अभियान के अंतर्गत जिला स्तर पर आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा को लेकर राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया।



उपायुक्त मुकेश रेपसवाल तंबाकू मुक्त युवा अभियान की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए। साथ उपस्थित अन्य विभागीय अधिकारी।

उपायुक्त ने अभियान से जुड़े सभी संबंधित अधिकारियों को तंबाकू सेवन की रोकथाम के लिए जानकारी एवं जागरूकता गतिविधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए विद्यालयों, महाविद्यालयों के अतिरिक्त तकनीकी शिक्षा एवं पैरामेडिकल संस्थानों में भी जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाए।

मुकेश रेपसवाल ने अभियान के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित बनाने के लिए खंड विकास अधिकारियों को खंड स्तर पर 10 ग्राम पंचायतों में तंबाकू मुक्त युवा अभियान के विभिन्न पैरामीटर सुनिश्चित करने को कहा। साथ में उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत, पंचायत समिति तथा जिला परिषद की किसी भी संपत्ति या दुकानों इत्यादि में तंबाकू उत्पादों की बिक्री न हो । उपायुक्त ने पंचायत स्तर पर वीएलसीसी समितियों के गठन के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों के निजी समारोहों को तंबाकू एवं नशा-मुक्त थीम पर आयोजित करने की संभावना भी तलाश की जाए। उन्होंने पंचायत सचिव के माध्यम से तंबाकू वेंडर लाइसेंस की प्रक्रिया भी जल्द पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने बैठक में अवगत किया कि कोटपा अधिनियम के तहत 458 उल्लंघनकर्ताओं के चालान कर 44 हजार 650 रुपये वसूल किए गए। साथ ही उन्होंने जिला पुलिस द्वारा नशीले एवं मादक पदार्थों की रोकथाम और जागरूकता के लिए संचालित सक्षम अभियान के अंतर्गत आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की भी जानकारी साझा की। कनिष्ठ अभियंता नगर परिषद ने बैठक में बताया कि अब तक 34 दुकानदारों को तंबाकू वेंडर लाइसेंस जारी किए गए हैं। बैठक में कार्यवाही का संचालन करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी स्वास्थ्य करण हितेषी ने अभियान के तहत अर्जित उपलब्धियों की भी जानकारी दी। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जेएस भारद्वाज, उपनिदेशक स्कूल शिक्षा विकास महाजन, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा दीपक आनंद, ओएसडी शिक्षा उमाकांत आनंद सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे ।

# चंबा पुलिस ने 29 .32 ग्राम चिट्टे सहित 3 दबोचे

## पंजाब के दो और चंबा के एक युवक के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, डल्हौजी**

जिला चंबा पुलिस ने नशे के खिलाफ अपने अभियान को और तेज करते हुए दो अलग-अलग कार्रवाइयों में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने चंबा और डल्हौजी क्षेत्रों में दबिश देकर कुल 29.32 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया है। इस दौरान तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें दो पंजाब के और एक चम्बा का स्थानीय निवासी शामिल है।

पहली कार्रवाई में डल्हौजी थाना पुलिस की टीम खैरी-समलेऊ मार्ग पर गश्त के दौरान बगढार के समीप एक बाइक को शक के आधार पर जांच के लिए रोका गया। तलाशी के दौरान बाइक सवार दोनों युवकों के कब्जे से 11.96 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपियों की पहचान अमनजीत सिंह और करण थापर , दोनों निवासी अमृतसर (पंजाब) के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को मौके पर ही गिरफ्तार कर मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

दूसरी कार्रवाई में सुल्तानपुर पुलिस चौकी की टीम भटालवां नाला के पास चम्बा-जोत मार्ग पर नाका लगाए हुए थी। इसी दौरान एक युवक पगडंडी से आते हुए पुलिस को देखकर घबराया और भागने लगा। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए



उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान युवक द्वारा फेंके गए पैकेट से 17.36 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। आरोपी की पहचान सनी ठाकुर निवासी गांव पुंडला, जिला चम्बा के रूप में हुई है। उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

एसपी चम्बा अभिषेक यादव ने दोनों मामलों की पुष्टि करते हुए बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

# गांवणा गांव में अग्निकांड से दो मकान जलकर राख

**अनंत ज्ञान, रोहडू**

उपमंडल रोहडू की स्पैल वैली में स्थित गांवणा गांव मे मंगलवार देर शाम को अग्निकाँड से दो मंजिल के दो मकान जलकर राख हो गए। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते दोनों मकान पूरी तरह से जल गए। यह मकान गांव के हरबंस और पुरुषोत्तम भावटा के बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने जब आग की लपटें ऊठती देखी तो तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया।

ग्रामीणों एवं स्पैल वैली के लोगों ने स्थानीय स्तर पर पानी और मिट्टी की मदद से आग बुझाने की भरसक कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैलने के कारण वे आग पर पूरी तरह से नियंत्रण नहीं कर सके। घटना की सूचना मिलते ही रोहडू से अग्निशमन केंद्र की दो गाड़ियां मौके पर रवाना की गई। दमकल विभाग के कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है।

फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है! हालांकि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार शॉर्ट सर्किट से आग भड़कने की संभावना जताई जा रही है। इस अग्निकांड में दोनों परिवारों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। राजस्व विभाग की टीम व प्रशासन की टीम ने मौके पर पँहुचकर नुकसान का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया है। प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों के सदस्यों के रहने व खाने पीने की व्यवस्था का इंतजाम किया रहा है।



स्पैल वैली के गांवणा गांव में मकान में लगी आग से धू-धू कर जलता हुआ मकान।

**त्योहार** राजराजेश्वरी महालक्ष्मी की पूजा व कहुओं की रस्म से सजी ऐतिहासिक सेरी मंच की दिवाली

# मंडी में राजशाही परंपरा के साथ मनाई दीपावली

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** नगर निगम मंडी द्वारा आयोजित रियासतकालीन पारंपरिक दीपावली पर्व इस वर्ष भी पूरे धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक गरिमा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम महापौर वीरेंद्र भटट शर्मा ने की। आयोजन की शुरुआत ऐतिहासिक राज श्री माधव राय की विधिवत पूजा के साथ हुई, जिसके उपरांत राजराजेश्वरी महालक्ष्मी की प्रतिमा को सुसज्जित वेदी पर स्थापित कर भव्य रूप से पूजन किया गया। ऐतिहासिक सेरी मंच का प्रांगण दीपमालाओं से आलोकित था और वातावरण मंत्रोच्चारण से आध्यात्मिक हो उठा। परंपरागत रीति से उपस्थित नगरवासियों और गणमान्य व्यक्तियों ने घास के बने कहुओं को जलाकर दीपावली की सांस्कृतिक परंपरा को निभाया। यह रस्म नगर की ऐतिहासिक दीपावली



महापौर वीरेंद्र भट्ट ने दी शुभकामनाएं, राजराजेश्वरी महालक्ष्मी और श्री माधव राय की पूजा से हुई शुरुआत।

का विशेष आकर्षण मानी जाती है, जो समाज को अपनी जड़ों से जोड़े रखने का कार्य करती है। महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने इस अवसर पर नगरवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने और ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के पारंपरिक पर्व न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखते हैं, बल्कि समाज में भाईचारा, सद्भाव और एकता की भावना को भी मजबूत करते हैं। इस भव्य आयोजन में अलकनंदा हांडा, वीरेंद्र सिंह आर्य, सुदेश कुमारी, नेहा कुमारी, नितिन भाटिया, नगर निगम आयुक्त रोहित राठौर, अनुभाग अधिकारी राकेश गुलेरिया, हरीश, भूतनाथ मंदिर धर्म संघ के प्रधान भीमचंद सरोज, सरस्वती विद्या मंदिर प्रबंधक कमेटी के प्रधान बलबीर शर्मा, ब्राह्मण सभा के सचिव प्रकाश शर्मा, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान गुरदीप सिंह, वीर मंडल के प्रधान चंद्रशेखर वैध, राजपूत सभा के प्रधान शमशेर मिन्हास, अनुपमा सिंह, समाजसेवी नीरज हांडा, अधिवक्ता गीतांजली शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष पुष्पा ठाकुर और अनेक सामाजिक संगठनों के सदस्य व बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। यह आयोजन नगर मंडी की सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने का एक सशक्त उदाहरण बना, जिसे लोग लंबे समय तक याद रखेंगे।

# रास्ता रोककर मारपीट के दो मामले दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिले में दो अलग-अलग स्थानों पर रास्ता रोककर मारपीट किए जाने के मामले सामने आए हैं। दोनों घटनाओं में पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी गई है। पहली घटना बल्ह क्षेत्र की है, जहां हिमा देवी पत्नी ओम प्रकाश ने आरोप लगाया है कि राजेन्द्र कुमार और उसकी बहन बबली देवी ने खेत में आकर उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने थाने में दी शिकायत में बताया कि आरोपियों ने जानबूझकर उसका रास्ता रोका और फिर झगड़ा कर मारपीट की। दूसरी घटना हटली थाना क्षेत्र की है। यहां योगराज नामक व्यक्ति ने शिकायत दी कि नेक राज और गोपाल नाम के व्यक्तियों ने उसका रास्ता रोका और उसके साथ मारपीट की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों मामलों में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।


**OFFICE OF MUNICIPAL COUNCIL NERCHOWK, DISTT MANDI, H.P.**

***TENDER NOTICE***

**NO: - Dated:- 17/10/2025** **2675**

**Sealed** tenders are hereby invited by the authorized bidder to provide their best rates for transportation services for light motor vehicles on behalf of Municipal Council Nerchowk.

**Key Dates:**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Application form shall be received on | 27/10//2025 upto 1:00 PM |
| 2 | Tender form shall be issued on | 27/10//2025 upto 5.00 PM |
| 3 | Last Date to submit the Tender | 28/10//2025 upto 12:00 PM |
| 4 | Tender Opening Date | 28/10/2025 After 1:00 PM |

**The** Tender must be accompanied with earnest money Rs. 10,000/- and tender fee Rs 500/- This should be in the shape of cash, National saving certificate/ Cash/ demand draft / banker cheque / saving bank account of any post office in (H.P) , duly pledged in the favor of Executive Officer, Municipal Council Nerchowk. Telephonic as well as conditional tenders without earnest money will not be entertained. Undersigned reserves the right to accept or reject the tender without any reason.

**Terms & conditions:-** Can be seen in the office of undersigned during working days.

**ExecutiveOfficer,**
**Municipal Council,**
**Ner Chowk (H.P.)**

दूसरों के दोष न देखें। अपना चरित्र सुधारें। अपना चरित्र पवित्र बनाएं। संसार अपने आप सुधर जाएगा। -स्वामी विवेकानंद

## संपादकीय

# बढ़ता प्रदूषण और शोर

दीपावली का त्योहार खुशियों का प्रतीक है, लेकिन पिछले दो दशकों में इस खूबसूरत पर्व के साथ जुड़ी एक समस्या ने गंभीर रूप ले लिया है-पटाखों का अत्यधिक उपयोग। यह समस्या न केवल हिमाचल में, बल्कि पूरे भारत में एक बड़ी चिंता का विषय बन चुकी है। हिमाचल में पटाखों की वजह से बढ़ते प्रदूषण और शोर ने पूरे प्रदेश की आबोहवा को बिगाड़ दिया है। पटाखे दीपावली के उत्सव का अभिन्न हिस्सा बन गए हैं। लोग दीपावली से कुछ दिन पहले से ही पटाखों की खरीदारी में जुट जाते हैं और त्योहार के दिन जोरदार पटाखे जलाकर अपनी खुशी व्यक्त करते हैं। हिमाचल के कई शहरों और कस्बों में दीपावली से दो दिन पहले से लेकर दो दिन बाद तक पटाखों का शोर और धुआं देखने व सुनने को मिलता है। यह केवल लोगों की खुशी का उत्सव नहीं, बल्कि पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए भारी खतरा बन चुका है। पटाखों से निकलने वाला धुआं पर्यावरण में काली परत की तरह फैल जाता है। यह न केवल हवा को प्रदूषित करता है, बल्कि सांस संबंधी बीमारियों, एलर्जी, अस्थमा और अन्य श्वसन रोगों को भी जन्म देता है।

कई बार ऐसे दृश्य भी देखे गए हैं जहां लोग सांस लेने में कठिनाई महसूस करते हुए अस्पताल पहुंचते हैं। हिमाचल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में दीपावली की रात पटाखों के कारण ध्वनि प्रदूषण अपने चरम पर पहुंच जाता है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के जारी आंकड़े बताते हैं कि चंबा, रामपुर, रक्कड़, बद्दी, किन्नौर और कुल्लू जैसे क्षेत्रों में शोर का स्तर 70 डेसिबल से ऊपर चला जाता है, जबकि शोर के लिए निर्धारित मानक 50 से 55 डेसिबल के बीच हैं। 70 डेसिबल का स्तर स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक माना जाता है। विशेष रूप से आवासीय और शांत इलाकों में पटाखों के शोर से लोगों की नींद खराब हो जाती है, तनाव बढ़ता है और हृदय रोग जैसे गंभीर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। लंबे समय तक अधिक शोर के संपर्क में आने से सुनने की क्षमता भी प्रभावित होती है। शोर के स्तर में सामान्य दिनों की तुलना में 8 से 19 डेसिबल की वृद्धि पाई गई है, जो कि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मानी जाती है। खासकर रक्कड़ कालोनी (पांवटा साहिब) और रामपुर बुशहर में अत्यधिक शोर दर्ज किया गया। औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 144 दर्ज हुआ, जो निर्धारित सीमा से कहीं अधिक है और गंभीर प्रदूषण को दर्शाता है। पटाखों के अत्यधिक उपयोग से न केवल पर्यावरणीय और स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं, बल्कि आर्थिक नुकसान भी होता है। हिमाचल के कई स्थानों पर पटाखों के कारण आगजनी की घटनाएं हुई हैं, जिनमें बड़े पैमाने पर संपत्ति का नुकसान हुआ। कई व्यापारिक परिसरों और घरों को भारी नुकसान झेलना पड़ा, जिससे व्यापारियों और आम जनता को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा, पटाखों की खरीदारी पर बहुत अधिक धन खर्च होता है। यह खर्च ज्यादातर दिखावे और सामाजिक प्रतिष्ठा के लिए किया जाता है।

लोग पटाखों के जोर-शोर से अपनी खुशियों को अधिक प्रभावशाली बनाने की कोशिश करते हैं, लेकिन इस दौरान वे दूसरों की तकलीफों को नजरअंदाज कर देते हैं, खासकर उन लोगों की जिन्हें सांस संबंधी समस्याएं होती हैं या जो बुजुर्ग और बच्चे होते हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कई बार हरित दीपावली मनाने की अपील की। उन्होंने कम आवाज वाले पटाखों के उपयोग और सीमित मात्रा में पटाखे जलाने की सलाह दी। इसके साथ ही, लोगों को पटाखे जलाने के समय और स्थान के नियमों का पालन करने के लिए भी कहा गया, लेकिन इन अपीलों का व्यापक प्रभाव नहीं दिखा। अधिकांश लोग इन निर्देशों की परवाह किए बिना, जोरदार और तेज आवाज वाले पटाखे जलाते रहे। सामाजिक और सांस्कृतिक दबाव के चलते, पटाखे खरीदने और जलाने की होड़ हर साल बढ़ती ही जा रही है। इस कारण से प्रदूषण और शोर का स्तर हर साल नए रिकॉर्ड बनाता जा रहा है। सरकार ने नियम बनाकर पटाखों के उत्पादन और बिक्री पर नियंत्रण लगाने की कोशिश की है, लेकिन उन्हें लागू करवाना कठिन साबित हो रहा है। अवैध पटाखों का बाजार भी बढ़ा है, जो न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है बल्कि लोगों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बनता है। विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार उच्च शोर स्तर और प्रदूषण से कई स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उच्च शोर स्तर से नींद की गुणवत्ता खराब हो जाती है, जिससे थकान, तनाव, और मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। यह उच्च रक्तचाप और हृदय रोग के जोखिम को भी बढ़ाता है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। इस समस्या का समाधान केवल नियम बनाकर या प्रतिबंध लगाकर संभव नहीं है। इसके लिए समाज में जागरूकता फैलाना अत्यंत आवश्यक है। हमें यह समझना होगा कि पटाखों की वजह से जो प्रदूषण फैलता है, वह हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए खतरनाक है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### पहला सिंगिंग-डांसिंग स्टार

शम्मी कपूर (21 अक्तूबर 1931- 14 अगस्त 2011) हिंदी सिनेमा के 1950-60 के दशक के सबसे लोकप्रिय और खास अभिनेता थे। उनका असली नाम शमशेर राज कपूर था और वे प्रसिद्ध कपूर खानदान के सदस्य थे। शम्मी कपूर ने अपने करियर की शुरुआत 1953 में फिल्म 'ज्योति जीवन' से की, लेकिन उन्हें असली सफलता 1961 में आई फिल्म 'जंगली' से मिली। इस फिल्म में उनका मस्तमौला और जिंदादिल अंदाज दर्शकों को बेहद भाया और गीत 'याहू' उनकी पहचान बन गया। शम्मी कपूर को हिंदी सिनेमा का पहला सिंगिंग-डांसिंग स्टार माना जाता है। उन्होंने कुछ फिल्मों का निर्देशन भी किया। शम्मी कपूर को 1968 में फिल्म 'ब्रह्मचारी' के लिए फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला। 2011 में उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी अदाकारी और जिंदादिल शैली आज भी याद की जाती है। ■



शम्मी कपूर
जन्म :21 अक्तूबर,1931
निधन : 14 अगस्त, 2011



कविता

### नशे री लत बुरी

पवन शर्मा, शिमला, हिमाचल प्रदेश

इने नशे तो करी दीते सारे छोरु खराब,
लंबे-लंबे सूटे मारो साथी पीओ शराब।
चिट्टा, सुल्फा, अफीम, गांजे री लत बुरी,
इने नशे तो बच्या री जिंदगी तबाह करी।
आपी में रौ मस्त कदी खोलदे नी किताब,
इने नशे तो करी दीते सारे छोरु खराब।
आपणी न आपणे माया बावा री फीकरो,
दोस्तां साथी खूब हंगामे करो शराब पी रो।
हड़दंग करो ईशा आपी खे समझो नवाब,
इने नशे तो करी दीते सारे छोरु खराब।
पैसे और आपणे शरीरा रा करो ये नाश,
चोरी डकैती करी रो बणो बड़े बदमाश।
पुलसा रे डंडे पड़ो तो ओ हालत खराब,
इने नशे तो करी दीते सारे छोरु खराब।
नशा करना तो अबे फैशन जा बणी गोवा,
बर्बाद समझो से जो नशे बीचे पड़ी गोवा।
ऐस नशे साथी मरो ये बच्चे तो बेहिसाब,
इने नशे तो करी दीते सारे छोरु खराब।
जे हामे आज नी संभले बड़ी देर हो जाणी,
बड़ा जरूरी ये इना बच्या री जिंदगी बचाणी।
नशे रे खिलाफ मिली रो उठाणी ये आवाज,
इने नशे तो करी दीते सारे छोरु खराब।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

# बिहार चुनाव 2025 : बदलाव की उम्मीद या पुरानी चालें?



डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, कृविवि, पालमपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

बिहार का चुनाव एक बार फिर देश की राजनीति को एक नई दिशा देने जा रहा है। यह चुनाव ऐसे समय में हो रहा है जब पूरे देश में 'वोट चोर गद्दी छोड़ो' जैसे नारे गूंज रहे हैं, चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं और विपक्ष सत्ता से लोकतांत्रिक न्याय की मांग कर रहा है।

बिहार, जो लंबे समय तक जातिगत राजनीति और पिछड़ेपन का शिकार रहा है, अब एक बार फिर दोराहे पर खड़ा है-एक ओर भावनात्मक राष्ट्रवाद की राजनीति है, तो दूसरी ओर रोजगार, शिक्षा और सामाजिक न्याय की मांग। यह चुनाव मात्र सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि वैचारिक टकराव का भी केंद्र बन चुका है।

भाजपा इस चुनाव में कई पुराने मुद्दों को फिर से उठाने की कोशिश में है। कभी लालू यादव का 'जंगल राज' तो कभी नीतीश कुमार के बीस साल के शासन को सुशासन बताकर पेश किया जा रहा है, लेकिन इसी शासन में बेरोजगारी चरम पर है, शिक्षा व्यवस्था चरमराई हुई है और औद्योगिक विकास लगभग शून्य हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस और राजद ने युवाओं को केंद्र में रखते हुए सरकारी नौकरी, जातिगत जनगणना और शिक्षा को अपना मुख्य मुद्दा बनाया है। सत्रह महीने में पांच लाख सरकारी नौकरियों का वादा कर विपक्ष ने जनता में उम्मीद की किरण जरूर जगाई है, पर यह कितना प्रभावी होगा, यह चुनाव परिणाम बताएगा।

बिहार की राजनीति हमेशा जातीय समीकरणों पर आधारित रही है। यादव और मुस्लिम वोटरों का सम्मिलित प्रतिशत लगभग 32% है। यदि इस समीकरण में अन्य पिछड़ी जातियां, अति पिछड़ी जातियां और कुछ अगड़ी जातियों का समर्थन भी मिल जाए, तो महागठबंधन को बहुमत मिलना तय माना जा रहा है, लेकिन राजनीति सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं है, यहां भावना, प्रचार और गठबंधन का संतुलन भी अहम भूमिका निभाता है।

चुनाव आयोग की भूमिका पर इस बार काफी सवाल उठे हैं। वोटर लिस्ट से लगभग 80 लाख नामों का हटना, जीवित को मृत और मृत को जीवित दिखाना और दोहरी एंट्री जैसी गड़बकडयां आम हो गई हैं। जब बिहार में 8 करोड़ से अधिक वयस्क हैं, तब वोटर लिस्ट में सिर्फ 7.4 करोड़ नाम क्यों हैं? क्या यह जानबूझकर किया गया चुनावी खेल है या प्रशासनिक लापरवाही?

इन सवालों पर चुनाव आयोग मौन है और यह मौन जनता के विश्वास को कमजोर करता है। राजनीतिक दलों के टिकट बंटवारे में जातिगत समीकरण, धनबल और सोशल मीडिया छवि को आधार बनाया जा रहा है। वर्षों से पार्टी के लिए काम करने वाले कार्यकर्ता दरकिनार हो रहे हैं और पैसे, प्रभाव या रिश्तेदारी के आधार पर टिकट बांटे जा रहे हैं। चिराग पासवान और जीतनराम मांझी जैसे नेता अपने रिश्तेदारों को आगे बढ़ा रहे हैं, जिससे आम कार्यकर्ताओं में असंतोष व्याप्त है।



इस चुनाव में भाजपा की रणनीति स्पष्ट है-हिंदू-मुसलमान, राष्ट्रवाद, बुर्का, तिरंगा जैसे भावनात्मक मुद्दों को उछाल कर वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाना। वहीं विपक्ष ने शिक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय, निजी शिक्षा संस्थानों में आरक्षण और अति पिछड़ों के लिए विशेष योजना जैसे ठोस मुद्दों को सामने रखा है। राहुल गांधी ने अपनी पिछली गलतियों को स्वीकार करते हुए यह वादा किया है कि कांग्रेस अब पिछड़े, अति पिछड़े वर्गों के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में योजनाएं बनाएगी। उनका यह भाषण, जिसमें उन्होंने जातिगत जनगणना का खुलकर समर्थन किया, युवाओं और छात्रों में विशेष रूप से चर्चा का विषय बना है। 2014 के बाद भारत में शायद ही कोई चुनाव रोजगार, महंगाई, या शिक्षा पर लड़ा गया हो।

अधिकतर चुनावों में सेना, आतंकवाद, पाकिस्तान और धार्मिक भावनाओं को प्रमुखता दी गई है। यह एक खतरनाक चलन है, जो लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करता है। सेना देश की होती है, न किसी पार्टी की, लेकिन सत्ता पक्ष बार-बार सैन्य कार्रवाई का चुनावी इस्तेमाल करता है। क्या यह प्रवृत्ति इस बार बिहार में भी दोहराई जाएगी? मीडिया की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं। सत्ताधारी दल से सवाल पूछने के बजाय विपक्ष से ही जवाब मांगे जाते हैं। मीडिया का एक वर्ग सत्ता के प्रचारक की भूमिका निभा रहा है, जिससे लोकतंत्र कमजोर हो रहा है। जनता कब सवाल पूछेगी-यह अब एक जरूरी मुद्दा बन गया है।

बंद चीनी मिलें, फैक्ट्रियां, घटती सरकारी नौकरियां, बढ़ती बेरोजगारी- इन सब पर जनता का गुस्सा चुनाव में दिखना चाहिए। बिहार का युवा अब जातिगत जनगणना को समर्थन दे रहा है। उसका सवाल है- हमारी जाति कितनी पीछे है, क्यों है, क्या कारण है कि हम निर्णय लेने वाले स्थानों पर नहीं हैं? यह चेतना अब गांव तक पहुंच रही है। अति पिछड़े, दलित, वंचित वर्ग अब अपने हक के लिए आवाज उठा रहे हैं। अब वे सिर्फ वोट बैंक नहीं, बल्कि निर्णायक मतदाता बनने की ओर अग्रसर हैं।

यह चुनाव तय करेगा कि बिहार एक बार फिर राष्ट्रवाद और धर्म की राजनीति में उलझेगा या फिर विकास, रोजगार, शिक्षा और सामाजिक न्याय की ओर बढ़ेगा। यदि जनता ने जाति और धर्म के झूठे नारों को नकार कर रोजगार, शिक्षा और भागीदारी को वोट दिया, तो यह बिहार ही नहीं, दिल्ली की सत्ता तक असर डाल सकता है। वहीं अगर चुनाव एक बार फिर 'हिंदू बनाम मुसलमान', 'बुर्का बनाम तिरंगा' जैसे मुद्दों पर सिमट गया, तो फिर एक और मौका हाथ से चला जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दीपावली पर देश में अग्निकांडों का कहर बरपा, दोषी कौन ?



नरेंद्र भारती
स्वतंत्र लेखक, मंडी

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

देश में दीपावली पर्व पर हजारों अग्निकांडों की घटनाएं होने से जहां कुछ लोगों की मौत हो गई तो वहीं, कई लोग झुलस गए तथा करोड़ों की संपत्ति राख हो गई। नवी मुंबई और आसपास के इलाकों में आग की कई दुखद घटनाएं हुई। वाशी में एक इमारत में आग लगने से चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जिसमें एक बच्ची भी शामिल थी।

दिल्ली में दिवाली की रात 280 आगजनी की घटनाएं होने से काफी नुक्सान हुआ है। गोदाम में आग लगने से सब राख हो गया। गनीमत रही कि जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ। हिमाचल की राजधानी शिमला में दीपावली की रात कई अग्निकांड हुए। शिमला में चार दुकानें जलकर राख हो गई। कुल्लू कसोल में भी होटल में आग लगने से नुकसान हुआ है। हमीरपुर और कांगड़ा में भी आग की घटनाएं सामने आई हैं। रामपुर में भी आग की घटना हुई है। इंदौर मे भी 18 जगह आग लगी । आगजनी से दो फैक्टरियां राख हो गई। प्रयागराज में भी दिवाली की रात शहर व गांव में 28 जगह पर आग की घटनाएं घटित होने से करोड़ों की संपतित्त जलकर राख हो गई। अमृतसर में भी नौ जगहों पर आग की घटनाएं हुई हैं।

हर साल दीपावली पर अग्निकांड होते हैं, मगर प्रशासन कोई कदम नहीं उठाता। यदि प्रशासन एहतियात बरते तो इन दर्दनाक हादसों से बचा जा सकता है, मगर जब तक लाशों के ढेर न लग जाएं तब तक न तो प्रशासन जागता है और न ही सरकारें सुधारात्मक कदम उठाती हैं। प्रशासन को पता होता है कि ऐसे पर्वों पर आग की घटनाओं का अंदेशा रहता है। यदि पहले ही पुख्ता इंतजाम किए होते तो ऐसे हादसों को रोका जा सकता था। लोगों को भी सावधानी बरतनी चाहिए, ताकि जान जोखिम में न पड़े। हर साल इन हादसों में लोग मारे जा रहे हैं। सरकारों को इन अग्निकांडों से सबक लेना चाहिए तथा आने वाले दिनों में इन पर रोक के प्रबंध करने चाहिए। बेशक प्रतिवर्ष देशभर में 14 अप्रैल से लेकर 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जाता हो, मगर ऐसे सप्ताह मात्र औपचारिकता भर रह गए हैं। पूरे सप्ताह करोड़ों रुपए खर्च किया जाते हैं, मगर नतीजा वही ढाक के तीन पात। प्रतिवर्ष सेमिनार और प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाती हैं, मगर न तो प्रशासन सबक सीखता है और न ही आम जनमानस। सरकार के रहनुमाओं को अपनी तंद्रा तोड़नी देनी चाहिए। केंद्र सरकार को राज्यों के प्रत्येक गांव में एक-एक अग्निशमन केंद्र स्थापित करना चाहिए ताकि समय पर आग पर काबू पाया जा सके, क्योंकि अक्सर देखा गया है कि केवल जिला मुख्यालयों पर ही केंद्र होने के कारण दूरदराज के क्षेत्रों में देरी से पहुचने पर संपत्ति का ज्यादा नुक्सान होता है। जब तक दमकल कर्मचारी पहुचते हैं तब तक आशियाने राख हो चुके होते हैं। अगर सरकारें हर गांव में केंद्र नहीं खेल सकती तो गांव में कुछ साहसी युवाओं को अग्निशमन का प्रशिक्षण दिया जाए ताकि आपातकालीन स्थिति में आगजनी पर काबू पाया जा सके। सरकार को लोगों को जागरूक करने के लिए गांव से लेकर महानगरों तक जागरुकता शिविरों को आयोजन करना चाहिए। सरकारों को आपदा प्रबधन कमेटियां बनानी चाहिए। स्कूलों में भी बच्चों को प्रशिक्षित करना चाहिए।



देश में लगभग 90 प्रतिशत मामलों में आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट-सर्किट सामने आता है। समझ नहीं आता कि लोग इतने लापरवाह कैसे हो जाते हैं कि घरों में पुरानी व गल सड़ चुकी तारों को नहीं बदलते, बाद में चाहे सब कुछ राख हो जाए। अधिकांश घटनाओं में लोगों की लापरवाहियां सामने आती हैं व सार्वजनिक स्थलों पर भी आग बुझाने के यंत्र तक नहीं होते। लापरवाही बरतने को लेकर शिकंजा कसा जाए तो आगजनी की घटनाओं को रोका जा सकता है। यदि अब भी अनदेखी की तो लोग त्योहारों पर अग्किांडों में जलते रहेंगे और बेमौत मरते रहेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# तालिबान से संबंध अर्थात घोर अतिवादी विचारधारा से समझौता



तनवीर जाफरी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

तालिबान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी का हालिया भारत दौरा कई दृष्टियों से ऐतिहासिक और चिंताजनक रहा। अगस्त 2021 में तालिबान के अफगानिस्तान की सत्ता पर जबरन कब्जा करने के बाद यह पहली बार था जब किसी शीर्ष तालिबानी नेता ने भारत का दौरा किया। संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबंध सूची में शामिल होने के बावजूद मुत्तकी को विशेष छूट देकर भारत बुलाया -यह कूटनीति की मजबूरी थी या किसी रणनीतिक सोच का हिस्सा, यह सवाल अब देश के विवेकशील नागरिकों के बीच चर्चा का विषय बन गया है।

तालिबान के साथ यह संवाद एक ऐसे संगठन के साथ हो रहा है जिसने अतीत में मानवता, संस्कृति और महिलाओं के अधिकारों को बार-बार कुचला है। यह वही तालिबान है जिसने फरवरी 2001 में बामियान की घाटी में स्थित 1500 साल पुरानी बुद्ध की मूर्तियां ध्वस्त कर दी थीं-न सिर्फ एक धार्मिक विरासत, बल्कि मानव सभ्यता की साझा धरोहर को तोपों से उड़ाने का दुस्साहस किया गया। उस दौरान अफगानिस्तान के राष्ट्रीय संग्रहालय में मौजूद सैकड़ों बौद्ध मूर्तियां और कलाकृतियां भी बर्बाद कर दी गईं। यूनेस्को ने इसे 'सांस्कृतिक नरसंहार' कहा था और भारत समेत समूचे विश्व ने इसकी निंदा की थी। क्या ऐसे कृत्यों को अतीत की भूल कहकर भुलाया जा सकता है?

भारत के लिए तालिबान केवल सांस्कृतिक नहीं, सुरक्षा की दृष्टि से भी एक गहरा खतरा रहा है। 24 दिसंबर 1999 को इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट IC-814 का अपहरण कर उसे अंततः कंधार ले जाया गया, जो उस समय तालिबान के नियंत्रण में था। यह एक ऐसा क्षण था जब भारत सरकार को मजबूरी में तीन खूंखार आतंकवादियों-मसूद अजहर, उमर सईद शेख और मुश्ताक जरगर को रिहा करना पड़ा। यह रिहाई बाद में भारतीय उपमहाद्वीप पर आतंकवाद की नई लहर का कारण बनी। अपहरणकर्ताओं को सुरक्षित पनाह और मदद तालिबान ने ही दी थी। क्या ऐसे अतीत को भुलाकर आज भरोसे की नई इबारत लिखी जा सकती है?



महिलाओं को लेकर तालिबान की सोच आज भी मध्ययुगीन है। शिक्षा, कामकाज और सामाजिक अधिकार, हर मोर्चे पर महिलाओं को दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया गया है। स्कूलों, विश्वविद्यालयों, चिकित्सा और मीडिया तक से महिलाओं को बाहर कर दिया गया है। यह न केवल मानवाधिकार का हनन है, बल्कि अफगान समाज के आधे हिस्से को विकास की मुख्यधारा से काट देना भी है। मलाला यूसुफजई पर किया गया हमला तालिबानी मानसिकता की गवाही देता है, जहां लड़कियों की शिक्षा को पाप समझा जाता है और शिक्षित महिला को इस्लाम विरोधी करार देकर गोली मार दी जाती है। हैरानी की बात यह है कि वही भारत, जो कभी तालिबान की आलोचना करता था, आज उसके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करता दिखाई दे रहा है। भले ही यह कदम व्यापार, क्षेत्रीय सुरक्षा या रणनीतिक समीकरणों के मद्देनजर उठाया गया हो, परंतु इसका नैतिक पक्ष भी उतना ही महत्वपूर्ण है। आतंक और कट्टरपंथ के प्रतिनिधियों से हाथ मिलाना क्या हमारी लोकतांत्रिक और उदार परंपराओं के अनुरूप है?

यह सच है कि अंतरराष्ट्रीय कूटनीति अक्सर 'दुश्मन का दुश्मन, दोस्त' जैसे समीकरणों पर आधारित होती है, लेकिन जब बात मानवता विरोधी ताकतों से संवाद की हो, तो सतर्कता, विवेक और सिद्धांतों की कसौटी पर फैसला जरूरी हो जाता है। तालिबान के साथ सीमित बातचीत, मानवीय सहायता या रणनीतिक समझदारी भले एक जरूरत हो, लेकिन यह जरूरी है कि हम अतीत के उन घावों को न भूलें जिन्होंने हमारी संस्कृति, सुरक्षा और संवेदना -तीनों को गहरी चोट दी है। भारत से यह अपेक्षा हमेशा रहेगी कि वह केवल कूटनीति नहीं, नैतिक नेतृत्व का भी परिचय दे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दीपों का पर्व या धुएं का अंधकार? पर्यावरण, आत्मा और समाज से जुड़ी एक पुकार



गौरव स्वरूप वर्मा
शोधार्थी, वन अनुसंधान संस्थान सम विवि, देहरादून-(हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

मैंने आज राजधानी शिमला में जो हाल देखा, उसे अनदेखा करना मुमकिन नहीं था। अंदर से संवेदनाओं का भंवर इस कदर उमड़ा कि कलम एकमात्र सहारा नजर आया। हवा, जो सामान्यतः ठंडी और ताजगी भरी होती है, वो धुएं की मोटी परत से घिरी थी। हिमालय की शांत रात, जो आमतौर पर अपनी सुंदरता दर्शाती है, पटाखों के धुएं में छुप गई थी।

दीपावली की रोशनी भी धुएं की चादर में दब गई थी। लोगों के उत्साह को देखकर खुशी हुई, लेकिन भीतर कहीं बेचैनी और पीड़ा भी महसूस हुई। शोर, धुआं और सांसों में घुटन-ये सब उस खुशियों के जश्न से अधिक बोल रहे थे।

यह सोचने को मजबूर करता है कि क्या यह वही दीपावली है, जिसे हम कभी शुद्धता और शांति के साथ मनाते थे? दीपावली, सदियों से अंधकार पर प्रकाश की, अधर्म पर धर्म की और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का प्रतीक रही है। इसका आरंभ उस दिन से माना जाता है जब प्रभु श्रीराम चौदह वर्षों के वनवास के बाद अयोध्या लौटे और नगरवासियों ने उनका स्वागत दीयों से जगमगाते नगर के साथ किया।

तब के दीप साधारण मिट्टी के थे, उनमें न तो धुआं था और न ही शोर। बस शुद्ध रोशनी और हृदय की आभा थी, लेकिन आज का दृश्य अलग है। मिट्टी के दीयों की जगह चमकदार बिजली की लाइटें हैं। सन्नाटे में गूंजती भक्ति की आवाजें अब कानफोड़ू धमाकों में खो गई हैं, जिसे हम अब 'उत्सव' कहते हैं, वही प्रदूषण और असंवेदनशीलता का प्रतीक बन गया है। हमारी खुशियां और साथ ही अन्य जीवों की प्राण शक्ति धुएं में घुलती जा रही है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, दीपावली की रात दिल्ली और कई शहरों में AQI 400-500 तक पहुंच जाता है — 'severe' श्रेणी, यानी सभी के लिए खतरनाक। PM2.5 नामक सूक्ष्म कण WHO के सुरक्षित स्तर से 30-40 गुना अधिक हो जाते हैं।



पटाखों से निकलने वाले सल्फर डाइऑक्साइड, लेड, बैरियम न केवल हमारी सांसों के लिए हानिकारक हैं, बल्कि मिट्टी और पानी को भी दूषित करते हैं। 120 डेसिबल तक पहुंचने वाले धमाके पक्षियों, पशुओं और बच्चों के लिए बेहद कष्टदायक हैं। जब प्रकृति प्रतिक्रिया देती है -मौसम असामान्य होता है, धुंध और स्मॉग फैलता है-हम उसे दोष देते हैं, पर क्या हमने कभी सोचा कि इसका असली कारण कौन है? हम स्वयं हैं। हम शायद ही कभी प्रकृति को स्वस्थ करने में योगदान देते हैं और जब वह खुद को ठीक करने की कोशिश करती है, हम उसे फिर से बोझिल कर देते हैं। असली दीपावली भीतर की रोशनी है।

दीपावली का असली संदेश बाहरी चमक में नहीं, बल्कि भीतर की रोशनी में है। वो उजाला जो हमारे मन और हृदय को संवेदनशील बनाता है, और पर्यावरण को भी सम्मान देता है। सोचिए, अगर हर परिवार एक दीया जलाने के साथ एक पेड़ लगाए, या पटाखों की जगह जरूरतमंद को मदद दे, तो क्या यह पर्व और सुंदर नहीं हो जाएगा? आसमान साफ रहेगा और दिल भी हल्का होगा।

दीपावली तब ही सार्थक होगी जब हम इसे संवेदनशीलता, संयम और सजगता के साथ मनाएं-जब रोशनी दीयों से फैले, न कि आग और धुएं से। याद रखिए, 'सच्ची रोशनी वह नहीं जो आंखों को चौंधिया दे, बल्कि वह जो आत्मा और प्रकृति-दोनों को उजाला दे।'

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# चौहार व छोटा भंगाल घाटी में पटाखों से तौबा और दीयों से सजी दीपावली

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

**रामसरन की मुहिम से पर्यावरण, सुरक्षा व परंपरा को दी प्राथमिकता**

**बरोट।** चौहार और छोटाभंगाल घाटियों में इस वर्ष भी दिवाली का पर्व पारंपरिक उत्साह और पर्यावरणीय चेतना के साथ मनाया गया। घाटी के लोगों ने वर्षों पूर्व हुई भीषण आगजनी की घटनाओं से सबक लेते हुए दीयों की रोशनी के बीच पटाखों से तौबा की और सुरक्षित, शांत दिवाली मनाई। खासकर बच्चों में दिवाली को लेकर भारी उत्साह था, मगर समाजसेवक और पूर्व सूबेदार रामसरन चौहान की वर्षों से चल रही मुहिम रंग लाई। उन्होंने इस बार भी लगातार लोगों को पटाखे न फोड़ने के लिए प्रेरित किया। घाटी के अधिकतर गांवों में पटाखों पर स्वैच्छिक प्रतिबंध देखने को मिला। कुछ निचले क्षेत्रों में बच्चों ने भी अगर पटाखे चलाए तो वह गांव से दूर, सुरक्षित स्थानों पर ही।



चौहान ने कहा कि दिवाली का असली प्रकाश घी के दीयों से होता है, न कि बाजार की बिजली की लड़ियों से। उन्होंने धन की बर्बादी और पर्यावरण प्रदूषण से बचने की सलाह दी। इसी परंपरा को निभाते हुए थुजी गांव के बुद्धिजीवी सिंह ने बताया कि वे वर्षों से घर को केवल घी के दीयों से ही रोशन करते आ रहे हैं।

# डंपिंग साइट में लगी आग से शहर में कूड़ा उठाने में बाधा, महापौर ने किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



शहर की डंपिंग साइट में लगी आग की घटनास्थल पर स्थिति का जायजा लेते नगर निगम महापौर वीरेंद्र शर्मा।

शहर की डंपिंग साइट में मंगलवार को अचानक आग लग जाने से नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां ऊपर तक नहीं पहुंच पाईं, जिससे शहर के कई हिस्सों से कचरा नहीं उठ पाया। आग लगने की घटना से पूरे क्षेत्र में घना धुआं फैल गया, जिससे आसपास के वातावरण पर भी असर पड़ा।

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने के लिए तुरंत आवश्यक कार्रवाई की। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि आग से किसी जान-माल की हानि नहीं हुई है, लेकिन डंपिंग साइट के अंदर खड़ी कुछ कचरा गाड़ियों के टायर जलने की सूचना है। नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट शर्मा ने घटना की गंभीरता को देखते हुए तुरंत डंपिंग साइट का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। उनके साथ पार्षद राजेंद्र मोहन भी उपस्थित रहे। महापौर ने मौके पर पहुंचकर नगर निगम अधिकारियों और फायर ब्रिगेड कर्मियों से विस्तृत जानकारी ली और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

महापौर वीरेंद्र भट शर्मा ने कहा कि डंपिंग साइट पर आग लगना एक गंभीर विषय है, जिसकी उच्च स्तरीय जांच की जाएगी। साथ ही, आग से हुए नुकसान का आकलन कर त्वरित मरम्मत और व्यवस्था बहाली के आदेश दिए गए हैं। नगर निगम ने आम जनता से सहयोग की अपील की है और कहा है कि अगले एक-दो दिनों में कचरा प्रबंधन व्यवस्था को पुनः सामान्य कर दिया जाएगा।

# मान सिंह, बलदेव, भागमल और रामदेव को उपाध्यक्ष की कमान

अनंत ज्ञान बरोट

पद्धर भाजपा मंडल एसी मोर्चा के नवनियुक्त अध्यक्ष देश राज ने मंगलवार के दिन अपनी कार्यकारिणी का गठन कर दिया है।

बरोट में पत्रकारों को बताया कि इस दौरान उन्होंने अपनी कार्यकारिणी में गांव फूटाखल डाकघर झटिंगरी के मान सिंह, गांव थुनाग डाकघर कथोग बलदेव, मियोट गांव डाकघर बरोट के भागमल तथा ढरांगण गांव डाकघर बरोट के पूर्व सूबेदार रामदेव को उपाध्यक्ष, बढ़वाहन डाकघर उरला के प्रेम सिंह तथा रोपा गांव तथा डाकघर रोपा के रोशन लाल को महामंत्री, बरुहीं गांव डाकघर बल्ह के लाल चंद को कोषाध्यक्ष, श्याम लाल गांव कहोग डाकघर बरोट के श्याम लाल, गांव बधौनीधार डाकघर झटिंगरी के मूल चंद, गांव नसधार डाकघर कुफरी के ज्ञान चंद तथा पूना राम गांव कहोग डाकघर बरोट को सचिव तथा मनोहर सिंह गांव भूभू डाकघर पद्धर को कार्यालय सचिव, गांव कटीपरीसलौटी डाकघर पद्धर के अमर चंद को प्रवक्ता, गांव चेली डाकघर कुन्नु के प्रवीन कुमार को सोशल मीडिया प्रभारी तथा सुभद्रा गांव सुराहन डाकघर पद्धर को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है जबकि राज कुमार गांव तरेहड़ डाकघर चुक्कू, चुहड़ा राम गांव लपास डाकघर वोचिंग, गांव सुराहण डाकघर पद्धर की रीना कुमारी, तोलू राम गांव फूटाखल डाकघर झटिंगरी, देश राज गांव सचान डाकघर वोचिंग, रमेश कुमार गांव फूटाखल डाकघर झटिंगरी, वैरागी राम गांव धरमेहड़ डाकघर झटिंगरी, हरी सिंह गांव मढ़ लटराण डाकघर थल्टूखोड, हेम राज गांव बल्ह टिककर डाकघर बल्ह तथा नंद लाल गांव उरला डाकघर उरला को अपनी कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में शामिल किया है।

पद्धर मंडल भाजपा एसी मोर्चा के नवनियुक्त अध्यक्ष देश राज ने बताया कि उन्होंने इस कार्यकारिणी को द्रंग क्षेत्र के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर, जिला एसी मोर्चा के अध्यक्ष खेम चंद संख्यान, जिला भाजपा के अध्यक्ष निहाल चंद व पद्धर भाजपा मंडल के अध्यक्ष इंद्र सिंह के साथ विचार विमर्श करने बाद ही गठित किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना व शिक्षा ऋण योजना के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक, मढ़ी शाखा द्वारा आज ग्राम पंचायत कमलाह फोर्ट में वित्तीय साक्षरता शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण जनता को बैंकिंग सेवाओं एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था। इस अवसर पर बैंक के कर्मचारियों मेहर चंद एवं नरेंद्र कुमार ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा डॉ. वाईएस परमार शिक्षा ऋण योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने आजकल बढ़ते डिजिटल फ्रॉड के मामलों से सावधान रहने और सुरक्षित डिजिटल लेन-देन के उपायों के बारे में भी जागरूक किया। शिविर में विशेष रूप से ग्राम पंचायत कमलाह फोर्ट के प्रधान शैलेंद्र कुमार भर्मोरिया लेख राज, टीना देवी, वीनित ठाकुर, तथा जगदीश चंद उपस्थित रहे। सभी ने बैंक द्वारा चलाए जा रहे इस जन-जागरूकता अभियान की सराहना की और ऐसे कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित करने का आग्रह किया।

### भाषा एवं संस्कृति विभाग जिला में 1 से मनाया जाएगा पहाड़ी सप्ताहः रेवती सैनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला भाषा अधिकारी मंडी, रेवती सैनी ने जानकारी दी है कि भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा 1 से 7 नवंबर तक 'पहाड़ी सप्ताह' मनाया जाएगा। इस दौरान स्कूली बच्चों के लिए भाषण, निबंध, लोकोक्ति, मुहावरे और पहेली लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य नवपीढ़ी को स्थानीय बोली मंडयाली से जोड़ना है। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागी को मंडयाली में 3 से 5 मिनट तक बोलना होगा, जबकि निबंध लेखन में 300 से 500 शब्दों की सीमा रहेगी। पहेली लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागी को पारंपरिक मंडयाली पहेलियां उनके उत्तर सहित लिखनी होंगी। स्कूलों से 25 अक्तूबर तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। इच्छुक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियां भाषा एवं संस्कृति विभाग, मंडी कार्यालय या ईमेल [dlomandiz®@gmail .com](m ailto:d lomandiz®@gmail.com) पर भेज सकते हैं।

# मनरेगा मजदूरों के सर्टिफिकेट की जांच करवाना गैरकानूनी : भूपेंद्र

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**बोले- पंचायत सचिव से जारी सर्टिफिकेट मान्य, बोर्ड की कार्रवाई कानून के खिलाफ**

**500 करोड़ की मजदूर सहायता फंसी, श्रमिक बोर्ड पर मनमानी के आरोप**

हिमाचल प्रदेश के राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा मनरेगा और निर्माण मजदूरों को सहायता न देने के लिए लगातार नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। सीटू से संबंधित मनरेगा एवं निर्माण मजदूर फेडरेशन के राज्य उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने आरोप लगाया है कि श्रमिक बोर्ड, जो सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रधान निजी सचिव के नियंत्रण में है, मजदूरों के ₹500 करोड़ की सहायता रोककर बैठा है। बोर्ड अब उन मजदूरों की पुनः जांच करवा रहा है जिनके फॉर्म चार साल पहले जमा हुए थे। पंचायत सचिव द्वारा जारी रोजगार प्रमाणपत्रों को भी अवैध बताकर उनकी जांच करवाई जा रही है, जो स्वयं ग्रामीण विकास व मनरेगा कानून की प्रक्रिया पर सवाल है। भूपेंद्र ने इसे पूरी तरह गैरकानूनी बताते हुए कहा कि मनरेगा में कार्य करने वालों की उपस्थिति मस्टर रोल में ऑनलाइन होती है, जिसे पंचायत प्रतिनिधि और तकनीकी सहायक प्रमाणित करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बोर्ड की बैठकों में लिए गए निर्णयों को सचिव लागू नहीं कर रहे, जिससे हजारों मजदूरों की छात्रवृत्ति, बीमारी, दुर्घटना, शादी, पेंशन आदि की सहायता रुकी हुई है। यूनियन इस मुद्दे को उच्च न्यायालय में ले जाने के साथ-साथ सड़क पर विरोध भी तेज करेगी। इसकी रणनीति 26 से 28 अक्तूबर को सोलन में होने वाले सीटू राज्य सम्मेलन में बनाई जाएगी।



# छोटा भंगाल घाटी की पहली महिला डेंटिस्ट बनीं आकांक्षा ठाकुर

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटाभंगाल घाटी की दुर्गम बड़ा ग्रां पंचायत के नलहौता गांव की निवासी आकांक्षा ठाकुर ने बीडीएस (डेंटल) की डिग्री प्राप्त कर न केवल अपने माता-पिता बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वे छोटाभंगाल घाटी की पहली महिला बनी हैं जिन्होंने यह डिग्री हासिल की है। डॉ. आकांक्षा ने अपनी पढ़ाई पीजीआई रोहतक, हरियाणा से पूरी की है। उनके पिता अमीं चंद ठाकुर, शिक्षा विभाग से प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत्त हैं, और माता रामप्यारी ठाकुर गृहिणी हैं। उनके छोटे भाई भी मेडिकल क्षेत्र में ही शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। सरकारी नौकरी की बजाय डॉ. आकांक्षा ने निजी क्षेत्र में सेवा देने का निर्णय लिया है। उन्होंने बीड़ कॉलोनी स्थित सूर्या क्लासिकल होटल के पास एआर डेंटल क्लिनिक की शुरुआत दिवाली के शुभ अवसर पर की। उद्घाटन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पंडित विनोद जोशी ने करवाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि युवा मेहनत से निजी क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बन सकते हैं और समाज के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं।



# सरकारी जमीन से बेदखली का आदेश, पंचायत समिति चेयरमैन शेर सिंह पर मंडराया संकट

भगत सिंह गुलेरिया, अनंत ज्ञान

**हाईकोर्ट के निर्देश के बाद नायब तहसीलदार ने सुनाया फैसला**

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद बालीचौकी नायब तहसीलदार (सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी) ने पंचायत समिति चेयरमैन शेर सिंह को सरकारी जमीन से बेदखल करने का अंतिम आदेश जारी कर दिया। यह फैसला गत 10 दिसंबर 2024 को हाईकोर्ट द्वारा पारित अंतरिम आदेश के अनुपालन में आया है। जिसमें नायब तहसीलदार को शेर सिंह का पक्ष सुनकर उचित कार्रवाई करने को कहा गया था। अब इस फैसले से चेयरमैन के पद पर गहरा संकट खड़ा हो गया है।उनके निष्कासन की भी मांग तेज हो गई है।

हाईकोर्ट द्वारा मामला संख्या सीडब्ल्यूईपी में 7941/2023 में सुनवाई करते हुए कहा था था कि तहसीलदार बालीचौकी याचिकाकर्ता शेर सिंह को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर दे। उनका पक्ष सुने और कानून के अनुसार फैसला करे। इसके बाद नायब तहसीलदार ने 30 सितंबर 2025 को अंतिम सुनवाई की। जिसमें शेर सिंह और उनके वकील एडवोकेट लिजा उपस्थित हुए। शेर सिंह ने दावा किया कि जमीन पर उनका पुराना कब्जा है और यह विवादास्पद है।

नायब तहसीलदार ने फैसले में लिखा कि हाईकोर्ट के आदेशानुसार दोनों पक्षों को सुना गया। फील्ड कानूनगो घनियार की 27 जून 2022 की रिपोर्ट, पटवारी की शिकायत और खसरा नंबर 740/203/7 (00-06-13 बिघा) के राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर अतिक्रमण सिद्ध होता है। इसलिए शेर सिंह को हिमाचल प्रदेश भूमि राजस्व अधिनियम 1954 की धारा 163 के तहत बेदखल किया जाता है। हालांकि हाईकोर्ट ने निष्कासन पर अंतरिम रोक लगाई थी। ज्ञात हुआ कि यह रोक केवल तत्काल कार्रवाई तक सीमित थी न कि अंतिम फैसले तक। अब बेदखली वारंट जारी करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

बालीचौकी पंचायत समिति में चेयरमैन होने के नाते भाजपा नेता शेर सिंह पर नैतिक दबाव बढ़ गया है। पंचायती राज अधिनियम की धारा 120 के तहत यदि कोई निर्वाचित सदस्य सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण करता पाया जाता है, तो उसे पद से हटाया जा सकता है। शिकायतकर्ता चंद्रमणि ने डीसी मंडी को पत्र लिखकर कहा कि शेर सिंह ने पंचायती राज अधिनियम का उल्लघंन कर चुनाव लड़ा और चेयरमैन बने हैं। अब नायब तहसीलदार की अदालत में उनका अतिक्रमण साबित हो चुका है इसलिए शेर सिंह को पद से हटाया जाना उचित होगा। शिकायतकर्ता ने कहा कि हाईकोर्ट के निर्देश पर आया यह फैसला अंतिम है। चेयरमैन को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए।

# खाली शराब की बोतलों से अटा पड़ा है धनोटू सब्जी मंडी परिसर

अनंत ज्ञान, महादेव

लोअर नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती सब्जी मंडी धनोटू परिसर एवं आसपास का एक बड़ा भाग जहां लंबे समय से समुचित सफाई व्यवस्था न होने से प्रदूषण की मार झेलने को मजबूर है वहीं बढ़ रही तामसिक प्रवृत्ति का अनुमान यहां लगे शराब की बोतलों के ढेर से लगाया जा सकता है।

धनोटू सब्जी मंडी परिसर का गंदगी से अटे रहने का सिलसिला लंबा हो चला है इसके साथ ही सब्जी मंडी भवन जो सरकार द्वारा बनाया गया है के रखरखाव को लेकर बहुत ज्यादा ध्यान नहीं देने का बार बार संबंधित विभाग पर आरोप लगाए जा रहे हैं क्योंकि बेलगाम हुए नशेड़ियों पर शिकंजा नहीं कसा जा रहा है जिससे जगह-जगह लगे शराब की बोतलों के ढेर इस बात की गवाही दे रहे हैं कि सामाजिक बुराई सरेराह फैला दी जा रही है जिससे युवाओं में लाल परी आदि की लत लगना स्वाभाविक सी बात है। राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं 21से सटी सब्जी मंडी धनोटू आदि के यहां इस गंदी बात यानि समाज में जा रहे इस बुरे संदेश के लिए रोकथाम को को लेकर सुरक्षा कर्मियों की कड़ी गश्त डयूटी बढ़ाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है ताकि हार्ड ड्रिंक के इस कूड़े-कचरे को फैलने से रोका जा सके और इसके लिए जिम्मेदार लोगों की धरपकड़ की जा सके। लोगों ने उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि वह सब्जी मंडी धनोटू परिसर को शराबी कूड़े से मुक्त करने के लिए कारगर कदम उठाए।



# 65 वर्षीय अधेड़ ने कूहल को किया चकाचक

## उपेक्षित जन्म जोगी कूहल में निकले सैकड़ों किलो कूड़े को लगाया ठिकाने

भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान

**महादेव।** ऐतिहासिक जन्म जोगी कूहल जो सदा निर्मल और बहती रहती थी, उसका पानी महादेव गांव के तालाबों को लबालब रखता रहा, अब उपेक्षा की मार झेल रही है। दूरदर्शिता के विना महादेव से तालाब की ओर बनी इस कूहल के द्वारा महादेव कस्बे और आगे गांव का कूड़ा कचरा, प्लास्टिक की बोतलें, कांच, गंदगी बहती हुई महादेव के ऐतिहासिक तालाब के पास इकट्ठी हो जाती है।

बरसात के दिनों में बुरी हालत के चलते मौसम खुलने पर सारा कूड़ा करकट, गंदी चीजें, स्थानीय लोगों के द्वारा ही इकट्ठी करके, साफ सफाई भी की जाती है। जलाने योग्य कांटे कचरे को जलाकर तथा अन्य सामग्री दबाकर स्वच्छता बरकरार रखी जाती है। विकास खंड कार्यालय धनोटू की तकनीकी टीम मानो इस ओर से आंखें बंद किए प्रतीत होती है, जबकि कुल्हों और पौराणिक, ऐतिहासिक तालाबों के प्रति अतिरिक्त संवेदना की आवश्यकता रहती है। कूहल को 65 वर्ष के एक अधेड़ द्वारा अभी-अभी साफ किया है। जलाने योग्य कूड़े कचरे को जला दिया गया और दबा दिया गया, ताकि किसी प्रकार की बीमारी न फैले।



कूहल से निकले कचरे का निपटारा करते हुए समाजसेवी।

गौरतलब है कि वर्ष 2023, 2024, 2025 की बरसात में कुल्ह ने स्थानीय तालाब के पास घरों को काफी हानि पहुंचाई है। जिसकी सूचना संबंधित परिवार द्वारा विकासखंड कार्यालय को भी समय पर दी गई थी। स्थानीय जनता ने मांग की है कि कूहलों का मरम्मत करती बार उनकी पुरातन ऐतिहासिकता, स्थानीय वातावरण के अनुसार जल के बहने। ठहरने को देखकर ही इनका डिजाइन और एस्टीमेट बनाया जाना चाहिए। तकनीकी टीम सदा समय समय में पर यथायोग्य परामर्श, देख-रेख करते संबंधित निर्माण एजेंसी पर नजर रखे। पंचायत प्रतिनिधियों को उचित प्रशिक्षण भी दें ताकि जनता के टैक्सों से कराये जा रहे विकास कार्य सही और टिकाऊ और पक्के किए जाएं।

# पड्डल मैदान मंडी में राज्यस्तरीय कबड्डी ट्रायल 26 अक्तूबर को

बालक राम, अनंत ज्ञान

**पंडोह।** जिला मंडी जूनियर वर्ग और सब जूनियर वर्ग लड़के व लड़कियों के लिए राज्यस्तरीय कबड्डी स्पर्धा के ट्रायल 26 अक्तूबर को पंडल ग्राउंड में राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए जूनियर वर्ग व सब जूनियर वर्ग के लड़के व लड़कियों के लिए कबड्डी ट्रायल पडल ग्राउंड मंडी में 26 अक्तूबर को सुबह 10 बजे रखे गए हैं। यह बात जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव नेत्र सिंह ठाकुर ने पंडोह में प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि नवंबर महीने के पहले या दूसरे हफ्ते राज्यस्तरीय स्पर्धा मंडी में ही कराई जा रही है सब जूनियर प्रतियोगिता जुब्बल में कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि सब जूनियर वर्ग के लड़के व लड़कियों की उम्र एक जनवरी 2010 से बाद जो जन्मे हैं वहीं इसमें भाग ले सकते हैं। लड़कों का वजन 65 किलो व लड़कियों का वजन 55 किलो से ज्यादा न हो। जूनियर वर्ग के लड़कों व लड़कियों की उम्र एक जनवरी 2006 के बाद में जन्मे बच्चे इसमें भाग ले सकते हैं। लड़कों का वजन 75 किलो लड़कियों का वजन 70 किलो से ज्यादा नाहो। बच्चे अपने साथ दो फोटो आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य है। यह ट्रायल जिला कबड्डी संघ के प्रधान श्यामलाल ठाकुर की देखरेख में लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व में कबड्डी एसोसिएशन के रहे सचिव कृष्ण लाल लड़कों को गुमराह कर रहे हैं। उनका संगठन से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने लड़कों व उनके माता-पिता से अपील की है कि उनके बहकावे में न आए। नेत्र सिंह ने बताया कि उसी दिन शाम को प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन की बैठक मंडी में प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार ब्रांगटा व सचिव कुलदीप राणा की अध्यक्षता में की जाएगी जिसमें प्रदेश के सभी जिलों के सचिव व प्रधान हिस्सा लेंगे।




**श्रद्धांजलि** वल्लभ महाविद्यालय मंडी में पुलिस शहीदी दिवस पर आईटीबीपी और एनसीसी ने दी श्रद्धांजलि

# वीरगति प्राप्त शहीद सुरेंद्र को याद कर भावुक हुआ परिसर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**वीर नारी बीना गुलेरिया का सम्मान, युवाओं को दिया राष्ट्रसेवा का संदेश**

**दिवाली अवकाश में भी छात्रों की सक्रिय भागीदारी, शहीदों को समर्पित रहा दिन**



शहीदी दिवस पर आईटीबीपी के असिस्टेंट कमांडेंट शहीद सुरेंद्र पाल सिंह सहित कई अधिकारी व कॉलेज स्टाफ सामूहिक चित्र में।

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी में आज पुलिस शहीदी दिवस का आयोजन भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के सहयोग से बड़े श्रद्धा और सम्मान के साथ किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एनसीसी वायु सेना विंग मंडी के फ्लाइट कमांडर फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन लाल क्रांति सिंह ने की।कार्यक्रम का शुभारंभ शहीदी स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर बीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने से हुआ। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन एवं आईटीबीपी के सब-इंस्पेक्टर मुनी लाल ने वीर नारी श्रीमती बीना गुलेरिया को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. चमन ने कहा कि जो व्यक्ति ड्यूटी को सर्वोच्च मानता है, वही सच्चा प्रहरी होता है। उन्होंने शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि हर नागरिक को ईमानदारी और निष्ठा से राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।

उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में चीनी सैनिकों के हमले में आईटीबीपी के 10 जवान वीरगति को प्राप्त हुए थे, जिनकी स्मृति में यह दिवस मनाया जाता है। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन ने यह भी बताया कि शहीद असिस्टेंट कमांडेंट सुरेंद्र पाल सिंह, जो 1978 में वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के छात्र और एनसीसी कैडेट रहे थे, ने जम्मू-कश्मीर में आतंकियों से मुकाबला करते हुए बलिदान दिया। उनके जीवन से आज के युवा प्रेरणा लें। इस अवसर पर आईटीबीपी के असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर मुनी लाल ने भी शहीद सुरेंद्र पाल सिंह की वीरगाथा साझा की। कार्यक्रम के बाद मिठाई वितरित की गई।इस मौके पर वीरगति प्राप्त शहीद के परिवारजन पत्नी बीना गुलेरिया, पुत्र आशीष गुलेरिया, पुत्रवधू कल्पना गुलेरिया, पोती माहीरा गुलेरिया और पोता विहान गुलेरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ, एनसीसी कैडेटों और आईटीबीपी अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दिवाली अवकाश के बावजूद विद्यार्थियों और स्टाफ की सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही। अंत में प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने सभी को शुभकामनाएं दीं और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## न्यूज ब्रीफ

### रविंद्र ने चिंतपूर्णी मंदिर में की विशेष पूजा-अर्चना

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** दीपावली के पावन अवसर पर माता चिंतपूर्णी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। यह धार्मिक अनुष्ठान मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित रविंद्र शिंदा कालिया द्वारा संपन्न करवाया गया, जिसका उद्देश्य प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि तथा विश्व शांति के लिए माता रानी से आशीर्वाद प्राप्त करना था। पूजा के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण और विधिपूर्वक हवन किया गया, जिसमें माता रानी से समाज में सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की गई। पंडित रविंद्र शिंदा कालिया ने बताया कि दीपावली के पावन पर्व पर माता चिंतपूर्णी के दरबार में यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसमें देश और समाज की भलाई के लिए विशेष अनुष्ठान किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि माता चिंतपूर्णी के दरबार में प्रत्येक बड़े पर्व पर धर्म, आस्था और लोकमंगल की भावना से प्रेरित विशेष पूजा-अर्चना होती रहती है। यह अनुष्ठान न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करते हैं। इस अवसर पर मंदिर के अन्य पुजारी प्रकाश कालिया, भूषण कालिया, मंदिर अधिकारी अजय मंडयाल, सुरक्षा अधिकारी मनीष कुमार सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर हवन में आहुतियां दीं और माँ चिंतपूर्णी से जनकल्याण और समृद्धि की कामना की।

### बाबा विश्वकर्मा मंदिर चौकीमनयार में भंडारा आज

**अनंत ज्ञान, बढ़ही।** उपमंडल बंगाणा के तहत ग्राम पंचायत चौकीमनयार में स्थित बाबा विश्वकर्मा मंदिर में आगामी 22 अक्टूबर को भंडारे का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और ग्रामवासी पूरे उत्साह के साथ इस धार्मिक कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हुए हैं। भंडारा आयोजन समिति के प्रधान ने जानकारी दी कि यह वार्षिक आयोजन हर वर्ष की भांति इस बार भी बाबा विश्वकर्मा जी के आशीर्वाद से बड़ी श्रद्धा और उत्साहपूर्वक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में मंदिर कमेटी के सदस्य, स्थानीय श्रद्धालु और समस्त ग्रामवासी एकजुट होकर तैयारी कर रहे हैं, ताकि सभी आगंतुकों को सुविधाजनक और आत्मिक अनुभव प्राप्त हो। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह कीर्तन और हवन से किया जाएगा, जिसमें भक्तजन सामूहिक रूप से भाग लेकर वातावरण को भक्ति रस से सराबोर करेंगे। इसके उपरांत महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। भंडारे में भक्तजन प्रसाद ग्रहण कर बाबा विश्वकर्मा जी का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। भंडारा आयोजन समिति ने समस्त स्थानीय श्रद्धालुओं, आस-पास के गांवों के निवासियों और भक्तों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और बाबा विश्वकर्मा जी के चरणों में श्रद्धा अर्पित करें।

### सार्वजनिक स्थलों पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नगर निगम ऊना शहर को अधिक सुरक्षित और निगरानीयुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रहा है। निगम की योजना के अंतर्गत शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, विशेष रूप से पार्कों में, उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएंगे। नगर निगम ने पहले चरण में सात स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना तैयार की है। इन स्थानों में सैनिक कैंटीन, ऊना-रामपुर मार्ग, ऊना-टक्का मार्ग, डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल के समीप, ऊना-हमीरपुर मार्ग, सब्जी मंडी और भड़ोलियां कलां शामिल हैं। यह योजना पूर्व में नगर परिषद के कार्यकाल में लटकी हुई थी, लेकिन नगर निगम बनने के बाद अब इस पर सक्रिय रूप से कार्य शुरू कर दिया गया है। संयुक्त आयुक्त नगर निगम ऊना, ई. मनोज कुमार ने जानकारी दी कि जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिसके बाद सीसीटीवी कैमरों की स्थापना का कार्य आरंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन कैमरों को पुलिस कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा, जिससे कानून व्यवस्था पर बेहतर नजर रखी जा सकेगी। क्योंकि ऊना जिला पंजाब की सीमा से सटा हुआ है और नशे के अवैध कारोबार जैसी समस्याओं से प्रभावित होता है, ऐसे में यह निगरानी प्रणाली अत्यंत आवश्यक है। संयुक्त आयुक्त ने आगे कहा कि, 'शहर में सीसीटीवी नेटवर्क स्थापित होने से सुरक्षा व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में सहायता मिलेगी।'

### बेसहारा पशु से टकराकर मोटरसाइकिल सवार की मौत

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** उपमंडल गगरेट के जाइला कोयड़ी गांव में गत सत्रह अक्तूबर को बेसहारा पशु से टकराने से बुरी तरह से घायल हुए मोटरसाइकिल सवार ने जख्मों के ताव को न सहते हुए मंगलवार को पीजीआई चंडीगढ़ में दम तोड़ दिया। मृतक बड़ोह में फेब्रीकेशन की दुकान करता था और गुगलैहड़ गांव में किराए के मकान में रह रहा था। यातायात पुलिस गगरेट ने पीजीआई पहुंचकर मृतक का पोस्टमार्टम करवाया है और शव परिजनों के हवाले किया जा रहा है। 17 अक्तूबर को बड़ोह में फेब्रीकेशन की दुकान करने वाला राज कुमार पुत्र नगीन चंद मूलरूप से लठियाणी उपमंडल बंगाणा का निवासी है और इस समय गुगलैहड़ में किराए के मकान में रह रहा है। 17 अक्तूबर को वह दुकान बंद करके घर जा रहा था कि जाइला कोयड़ी गांव में अचानक सड़क पर बेसहारा पशु आ जाने से उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वहसिर के बल सड़क पर जा गिरा। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे घायलावस्था में क्षेत्रीय अस्पताल ऊना ले जाया गया। यहां से उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। वहां उपचार के दौरान वह जख्मों के ताव को न सह सका और उसने मंगलवार को दम तोड़ दिया। उपमंडल गगरेट की सड़कों पर अक्सर मौत का पर्याय बन आवारा पशु घूम रहे हैं और इस समस्या से सरकार आम जनमानस को निजात नहीं दिला पाई है। डीएसपी वसुधा सूद ने इसकी पुष्टि की है।

### वीरभद्र सिंह की उद्घाटन पट्टिका तोड़ी

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** संघनेई पुल पर पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह द्वारा वर्ष 1997 में कराए गए उद्घाटन की पट्टिका को कुछ शरारती तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया था। इस घटना को एक महीना बीत चुका है, लेकिन अब तक नई पट्टिका नहीं लगाई गई है, जिससे स्थानीय लोगों में गहरा रोष व्याप्त है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह पुल प्रदेश के विकास पुरुष माने जाने वाले स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की दूरदर्शिता का प्रतीक है, और उसकी उद्घाटन पट्टिका को तोड़ना न केवल उनके प्रति असम्मान है, बल्कि जनता की भावनाओं को भी आहत करने वाला कृत्य है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस घटना में शामिल दोषी शरारती तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, जल्द से जल्द नई उद्घाटन पट्टिका स्थापित की जाए, ताकि स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह के योगदान को उचित सम्मान मिल सके और उनकी स्मृति बनी रहे।

## तेंदुए का आतंक चार ग्रामीण घायल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पालकवाह ग्राम पंचायत के कमरपुर गांव में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक एक तेंदुआ आबादी वाले इलाके में घुस आया। जंगल की ओर से आए इस खूंखार शिकारी ने न केवल दहशत फैलाई, बल्कि ग्रामीणों पर हमला कर चार लोगों को घायल भी कर दिया।

घटना के दौरान लोग अपने काम में व्यस्त थे कि तभी झाड़ियों से निकलकर तेंदुआ एक युवक पर झपटा। देखते ही देखते गांव में हड़कंप मच गया। गांव के लोगों ने साहस दिखाते हुए लाठियों और शोर मचाकर तेंदुए को खदेड़ा, जिससे बड़ी अनहोनी टल गई। अगर ग्रामीण तत्परता न दिखाते, तो हादसा कहीं ज्यादा गंभीर हो सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेंदुआ कुछ समय तक गलियों और सड़क किनारे घूमता रहा, जिससे पूरे क्षेत्र में भय और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बच्चों और महिलाओं को घरों में बंद कर दिया गया। वन विभाग ऊना को सूचना मिलते ही विभाग ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। डीएफओ सुशील राणा ने बताया कि विभागीय टीम को मौके पर भेजा गया था। तेंदुए को सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया गया है। तेंदुए को जंगल में सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा। गांव में फिलहाल पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम निगरानी में जुटी हुई थी, जिसे सफलता मिल गई।

# दीपावली पर ऊना जिले में पांच जगह अग्निकांड

**अनंत ज्ञान, ऊना**

दिवाली के दिन व रात को ऊना जिला में पांच अग्निकांड हुए हैं। ऊना के गांव अप्पर बसाल में दिवाली के दिन आग लगने से पीड़ित रमेश कुमार की पशुशाला जल कर राख हो गई।

अचानक लगी आग से पशुशाला के अंदर रखी घास काटने वाली मशीन, मोटर, मक्की के घटते इमारती लकड़ी व अन्य समान जल गया। स्थानीय ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड ने मौका पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। अग्निशमन विभाग के अधिकारी अशोक राणा ने बताया कि आग को बुझा दिया गया है। साथ लगती आबादियों को जलने से बचा लिया गया। हरौली के नंगल कलां, सिंगा, अंब के अकरोट, बंगाणा के मंदली में दिवाली की रात आग की घटनाएं हुई हैं। इनमें घास के कुन्नू, पशुशालाएं इमारती लकड़ी आदि जल गए हैं। आग की सूचनाएं फायर ब्रिगेड को दी गई। फायर ब्रिगेड टीमों ने सभी घटना स्थल पर पहुंचकर आग को बुझाया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। लोगों ने अचानक ही आग की लपटें देखी और आग बुझाने के लिए दौड़े। आग प्रचंड होने के चलते पीड़ित लोगों ने फायर ब्रिगेड की सेवाएं ली। अग्निशमन विभाग ऊना के प्रभारी अशोक राणा ने बताया कि आग की घटनाओं पर काबू पा लिया गया है। कोई जानी नुकसान न हुआ है। बता दें कि आग से लाखों का नुकसान हुआ है।



दिवाली के दिन ऊना में अग्निकांड से हुआ नुकसान।

## पुलिस का मानवीय चेहरा आया सामने होशियारपुर के राजकुमार की मदद की

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में दर्शन करने के लिए होशियारपुर से राजकुमार 10 से 12 दिन पहले पहुंचा था। दर्शन करने के बाद वह कालू दी बड में स्थित राधा स्वामी व्यास के सत्संग घर गया, लेकिन वापसी में उसके शरीर में चोट लग गई, जिससे वह चलने-फिरने में असमर्थ हो गया।

वह चिंतपूर्णी बस स्टैंड में पड़ा रहा, जहां स्थानीय लोगों की नजर उस पर पड़ी। स्थानीय मीडिया कर्मियों ने पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद मोइन थाना प्रभारी संजीव कुमार के आदेशों के बाद उनकी टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने राजकुमार को नहलाया, धुलाया, और नए वस्त्र पहनाए। इसके बाद, उसकी होशियारपुर वापसी का प्रबंध किया गया। पुलिस के इस मानवीय चेहरे को देखकर हर कोई हैरान और प्रभावित था। दिवाली जैसे त्योहार के दिनों में भी मोइन थाना प्रभारी संजीव कुमार और उनके सहयोगी पुलिसकर्मी लोगों की सेवा में जुटे हुए हैं। उनकी इस पहल की हर कोई सराहना कर रहा है।




मोईन पुलिस राजकुमार की मदद करते हुए।

# ऊना में सर्द-गर्म मौसम से बीमार हो रहे लोग

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिले के मौसम में लगातार बदलाव होने लगा है। दिन और रात के तापमान में भी काफी अंतर आया है। दिन में तेज धूप निकलने से तापमान 33 डिग्री से ऊपर तक पहुंच गया है और रात में सर्दी बढ़ने से 13.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच रहा है। दिन और रात के तापमान में 20 डिग्री का अंतर होने से लोग बीमारी की चपेट में आ रहे हैं।

रात में जहां सर्दी हो रही है, वहीं सुबह नौ बजे के बाद तेज धूप निकल रही है। सर्द रातें होने से सुबह कई लोग धूप सेंकने का भी आनंद उठा रहे हैं। रात के समय जिले में ओस भी पड़नी शुरू हो गई है। रातें शिमला से ठंडी हो रही हैं। शनिवार रात को शिमला का न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जबकि ऊना का न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम साफ रहने से इन दिनों किसान खेत खलिहानों में साग सब्जियां भी उगा रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार 22 अक्तूबर तक जिले में मौसम साफ रहेगा। 23 अक्तूबर से मौसम में हल्का बदलाव होगा। इससे न्यूनतम और अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री तक की गिरावट हो सकती है। इस माह अभी तक जिले में 64.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज हो चुकी है जो औसतन बारिश 15.2 मिली से 321 फीसदी अधिक है। वातावरण में नमी की मात्रा भी 64 फीसदी से 86 फीसदी तक है। जिले में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) भी बढ़ने लगा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) के अनुसार शनिवार को ऊना और काला अंब में एक्यूआई 65 तक पहुंच गया। यह संतोषजनक स्थिति में आता है। हालांकि, ऊना में दो दिन पहले एक्यूआई 70 था। धूल के कणों और प्रदूषण के कारण आसमान में अब धुंध भी नजर आने लगी है। दिवाली के दौरान पटाखों के प्रदूषण से इसमें इजाफा होने की संभावना है।



ओस से ढकी ऊना के बंगाणा की पहाड़ियां और गोबिंदसागर झील।

## नागरिक अस्पताल अंब में हड्डी रोग विशेषज्ञ की कमी

**अनंत ज्ञान, अंब**

नागरिक अस्पताल अंब में अब तक हड्डी रोग विशेषज्ञ (आर्थोपेडिक सर्जन) की ओपीडी शुरू नहीं हो पाई है। हड्डी रोग से पीड़ित मरीजों को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना या फिर निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है।

इससे मरीजों और उनके तीमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाई वे के कारण हादसे बढ़ने के कारण भी इसकी जरुरत है। जानकारी के अनुसार उपमंडल अंब के सबसे बड़े अस्पताल में लंबे समय से हड्डी रोग विशेषज्ञ का पद खाली है। इस समस्या को कई बार विभाग के उच्च अधिकारियों के समक्ष उठाया जा चुका है, लेकिन अब तक विशेषज्ञ की तैनाती नहीं हो सकी है। अक्सर दुर्घटनाओं या चोट लगने के मामलों में मरीजों को हड्डी से संबंधित उपचार के लिए 30 किलोमीटर दूर क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रेफर किया जाता है। इससे न केवल मरीज को दर्द सहते हुए लंबा सफर तय करना पड़ता है, बल्कि तीमारदारों पर भी अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। इसी तरह बुजुर्गों को भी उम्र बढ़ने के साथ हड्डी संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, परंतु विशेषज्ञ के अभाव में उन्हें मजबूरी में निजी या क्षेत्रीय अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है। वर्तमान में नागरिक अस्पताल अंब में शिशु रोग विशेषज्ञ और स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित अन्य विशेषज्ञ तैनात हैं, लेकिन हड्डी रोग विशेषज्ञ की कमी अब भी बनी हुई है। इस कमी को दूर किया जाना चाहिए।

> नागरिक अस्पताल अंब में हड्डी रोग विशेषज्ञ की तैनाती के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को सूचित किया गया है। विभागीय स्तर पर ही नियुक्ति की जाएगी।
>
> **डॉ. राहुल कतना, चिकित्सा प्रभारी, नागरिक अस्पताल अंब**

## शिवेंद्र पाल बने भाजयुमो के प्रदेश प्रवक्ता, युवाओं में उत्साह

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा, हिमाचल प्रदेश ने संगठन में नई ऊर्जा का संचार करते हुए कुटलैहड़ के युवा नेता शिवेंद्र पाल को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से न केवल युवा वर्ग में उत्साह की लहर दौड़ गई है, बल्कि कुटलैहड़ की राजनीति में भी नए समीकरण बनने के संकेत मिल रहे हैं।

भाजपा संगठन में यह जिम्मेदारी शिवेंद्र पाल की सक्रिय राजनीतिक पारी की औपचारिक शुरुआत मानी जा रही है। उनका परिवार कुटलैहड़ की राजनीतिक और सामाजिक पृष्ठभूमि से गहराई से जुड़ा रहा है। उनके दादा राजा महेंद्र पाल कुटलैहड़ वन जागीर के प्रबंधक रहे हैं और कुटलैहड़ रियासत के राजा भी रहे हैं। अब शिवेंद्र पाल ने भाजपा युवा मोर्चा में प्रदेश प्रवक्ता का पद संभालकर अपने परिवार की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शिवेंद्र पाल ने कहा कि विश्वास और जिम्मेदारी साथ-साथ चलते हैं। उन्होंने कहा कि यह दायित्व उनके लिए गौरव के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, भाजपा कुटलैहड़ मंडल, कार्यकर्ताओं और कुटलैहड़ की जनता का आभार जताया। उन्होंने आगे कहा कि वे युवा शक्ति को संगठन से जोड़ने और भाजपा की विचारधारा व विकास की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे, ताकि संगठन नई ऊंचाइयां हासिल कर सके।

## नुक्कड़ नाटकों से दी आपदा सुरक्षा की जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण ऊना के समर्थ 2025 कार्यक्रम के तहत पूर्वी कला मंच, जलग्रां टब्बा के कलाकारों ने उपमंडल बंगाणा के लठियाणी और थानाकलां के मुख्य बाजारों में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को भूकंप सुरक्षित भवन निर्माण के प्रति जागरूक किया।

पूर्वी कलामंच के कलाकारों ने ग्रामीणों को बताया कि भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान जान-माल के नुकसान को कम करने के लिए भूकंपरोधी तकनीकों का अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आपदा के प्रभाव को घटाने के लिए सामूहिक प्रयास और तकनीकी ज्ञान का उपयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कलाकारों ने लोगों को समझाया कि भवनों में किसी भी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन करने से पहले अभियंता से परामर्श अवश्य लें, ताकि भवन की मजबूती और सुरक्षा बनी रहे।

साथ ही भूकंपरोधी निर्माण तकनीकों जैसे उत्तम सीमेंट मोर्टार का उपयोग, क्षैतिज भूकंपरोधी बैंड, ईंट की दीवारों का सुदृढ़ीकरण, दरवाजों और खिड़कियों के जोड़ों (जैम्ब्स) का मजबूत निर्माण, पिलर व नींव की गुणवत्ता, पाइलिंग की विधियां तथा कंक्रीट के मानक अनुपात आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसी कड़ी में समर्थ 2025 कार्यक्रम के तहत 22 अक्तूबर को चिंतपूर्णी और भंजाल, 23 अक्तूबर को अंब और नैहरियां, 24 अक्तूबर को गगरेट और शिवबाड़ी तथा 25 अक्तूबर को कुनेरन और ओइल में आरके कलामंच चिंतपूर्णी के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटकों के जरिए लोगों को भूकंप सुरक्षित भवन निर्माण के साथ-साथ आपदा जोखिमों और उपायों बारे जागरूक किया जाएगा।



नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को भूकंप सुरक्षित भवन निर्माण के प्रति जागरूक करते हुए।

## विश्वकर्मा पर लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** भरवाई में विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय लोग, व्यापारी वर्ग और वाहन चालक शामिल हुए। भंडारे में लोगों ने भक्ति भाव से प्रसाद ग्रहण किया और सामाजिक एकता का संदेश दिया। आयोजकों ने बताया कि यह भंडारा वर्षों से चलती आ रही परंपरा है, जिसमें हर वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। स्थानीय व्यापारियों, दुकानदारों और टैक्सी चालकों ने विशेष सहयोग दिया और सामूहिक योगदान से भंडारे में प्रसाद वितरण की उत्कृष्ट व्यवस्था बनाई गई। भंडारे में स्वादिष्ट प्रसाद के साथ-साथ सामाजिक आपसी मेलजोल और एकता का संदेश भी दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि विश्वकर्मा पूजा के इस दिन सभी अपने कार्यस्थलों की पूजा-अर्चना के बाद भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करते हैं।

**भेंट** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने डिप्टी सीएम से की शिष्टाचार मुलाकात

# सिंचाई व पेयजल परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने अपनी धर्मपत्नी मृदु शर्मा संग राज्य के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की।

इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा ने डिप्टी सीएम को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र के विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। विधायक विवेक शर्मा ने इस अवसर पर कुटलैहड़ के तर्कवाल तूतड़ू क्षेत्र के लिए स्वीकृत 15 करोड़ रुपये की पेयजल योजना के लिए डिप्टी सीएम का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह योजना क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए वरदान साबित होगी, क्योंकि लंबे समय से इस क्षेत्र में पेयजल की समस्या बनी हुई थी। विवेक शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से यह योजना शीघ्र शुरू होगी और कुटलैहड़ के ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ जल उपलब्ध करवाने में मददगार सिद्ध होगी। इसके साथ ही विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ क्षेत्र की अन्य पेयजल योजनाओं एवं 46 करोड़ रुपये की सिंचाई परियोजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने आग्रह किया कि इन योजनाओं को शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए ताकि किसानों और आम जनता दोनों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ का अधिकांश हिस्सा कृषि प्रधान क्षेत्र है, जहां सिंचाई की सुविधाओं के अभाव में किसान कई बार परेशानियों का सामना करते हैं। विवेक शर्मा ने कहा कि उनका उद्देश्य है कि कुटलैहड़ के हर खेत तक पेयजल सुविधा पहुंचाई जाए और हर खेत तक सिंचाई का पानी उपलब्ध कराया जाए। इससे न केवल किसानों को राहत मिलेगी बल्कि क्षेत्र की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में कुटलैहड़ में विकास की गति और तेजी से आगे बढ़ रही है। डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने विधायक विवेक शर्मा द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को ध्यानपूर्वक सुना और भरोसा दिलाया कि कुटलैहड़ क्षेत्र की योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर क्षेत्र के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है और कुटलैहड़ जैसे क्षेत्रों को भी इसका पूरा लाभ मिलेगा। विवेक शर्मा ने कहा कि वे जनता से किए वादों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं और विकास की हर योजना में जनता की भागीदारी सुनिश्चित करना उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कुटलैहड़ को बेहतर पेयजल, सिंचाई और बुनियादी सुविधाओं से युक्त एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका भी मौजूद रहे।



विधायक विवेक शर्मा ने उपमुख्यमंत्री से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की।

## कृष्णपाल शर्मा बने पंचायतीराज प्रकोष्ठ के राज्य सहसंयोजक

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाजपा हाईकमान ने कुटलैहड़ क्षेत्र से कदावर भाजपा नेता कृष्णपाल शर्मा को पंचायतीराज प्रकोष्ठ का राज्य सह संयोजक नियुक्त किया है। कृष्णपाल शर्मा की इस नियुक्ति से कुटलैहड़ भाजपा खेमे में हर्ष की लहर दौड़ गई है। कृष्णपाल शर्मा कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के मोमन्यार वार्ड से दो बार जिला परिषद सदस्य बन चुके हैं और मौजूदा समय में भी जिला परिषद सदस्य है। जिला परिषद ऊना में उपाध्यक्ष पद पर भी रह चुके हैं। इसके अलावा जिला भाजपा व कुटलैहड़ भाजपा में भी कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दे चुके हैं। कृष्णपाल शर्मा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में आते हैं। उनकी इस नियुक्ति से पंचायती राज प्रकोष्ठ को मजबूती मिलेगी और उनके अनुभव का लाभ मिलेगा। कृष्णपाल शर्मा ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, वह उसका बखूबी निर्वहन करेंगे। उन्होंने इसके लिए पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, ऊना विधानसभा क्षेत्र से विधायक सतपाल सिंह सत्ती, कुटलैहड़ विस क्षेत्र से वरिष्ठ भाजपा नेता दविंद्र भुट्टो का आभार व्यक्त किया है।

## वरिष्ठ नागरिक सुविधा केंद्र को मिलेगा 2 लाख का सहयोग

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**ऊना।** दीपावली के पावन पर्व पर उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने समाज के विभिन्न वर्गों के साथ मिलकर खुशियां साझा कीं और मानवीय करुणा, संवेदनशील प्रशासन और साझे उल्लास का सुंदर संदेश दिया।

उपायुक्त ने सोमवार को चड़तगढ़ स्थित वरिष्ठ नागरिक सुविधा केंद्र में पहुंचकर वहां रह रहे बुजुर्गों से स्नेहपूर्वक भेंट की, उन्हें कंबल और मिठाई भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं तथा उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उनकी माता श्रीमती कमलेश लाल, पत्नी डॉ. रेणु शेरावत और सुपुत्र विहान लाल भी साथ रहे। उन्होंने केंद्र की स्वास्थ्य, भोजन एवं आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण किया और प्रबंधन को सभी जरूरतों का ध्यान रखने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि केंद्र के सुदृढ़ीकरण के लिए 2 लाख रुपए की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। इस मौके पर ह्यूमन राइट प्रोटेक्शन सेल एंड वेलफेयर सोसाइटी चड़तगढ़ के अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश कुमार ऐरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इसके उपरांत, उपायुक्त परिवार सहित शिक्षा सुधार समिति, ईसपुर द्वारा नौण मंदिर प्रांगण में आयोजित दीपावली उत्सव में शामिल हुए। समिति के गैर-आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों के प्रवासी बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों, गीतों और सुंदर रंगोलियों से माहौल को उल्लासमय बना दिया। उपायुक्त ने बच्चों की प्रस्तुतियों और उत्साह की सराहना करते हुए उनके साथ खेलों में सहभागिता की और उपहार व मिठाइयां भेंट कीं।

इस दौरान म्यूजिकल चेयर, लेमन रेस, सैक रेस का भी आयोजन किया गया। म्यूजिकल चेयर में विहान लाल, सैक रेस में अंजली तथा लेमन रेस में कोमल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर सभी गैर-आवासीय केंद्रों के बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई, जबकि समिति की छात्रा अर्शदीप को राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत राणा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समिति के महासचिव सुच्चा सिंह कंग ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दीं, जबकि प्रधान चितविलास पाठक ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सतीश शर्मा, मोहन लाल, सखा कुमार खत्रा, अश्वनी, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य शिव कुमार, कैप्टन हरमेश, रामकृष्ण भट्टी, सुरेश कुमार, तारा सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



डीसी ने समाज के विभिन्न वर्गों के साथ मिलकर खुशियां साझा कीं।

# कुल्लू जिले में धूमधाम से मनाया दिवाली पर्व

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**कुल्लू।** जिला कुल्लू में दिवाली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने पारंपरिक तरीके से देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना व दीप जलाकर उत्सव मनाया। दिवाली के दिन लोगों ने जमकर खरीददारी की। व्यापारी शिवम, अनुज व विनीत पराशर ने बताया कि इस बार लोगों ने स्वदेशी सामान में रूचि दिखाते हुए हाथों से बने दीयों सहित अन्य सभी लोकल सामान की खरीददारी की। हर साल की तरह लोगों ने बाजारों में खूब खरीददारी भी की और साथ ही दिवाली के दिन देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की। दिवाली पर होने वाली लक्ष्मी पूजा के लिए लोग दिनभर तैयारियों में व्यस्त रहे। देर रात तक खूब पटाखे व अतिशबाजी का दौर चलता रहा। इस बार मिठाइयों का आदान-प्रदान कम ही दिखा और लोगों ने सोशल मीडिया पर ही अपने रिश्तेदारों को दिवाली की बधाई दी।



दिवाली की रात रंग-बिरंगी लाइटों से जगमगाता कुल्लू शहर।



गौरव भारद्वाज अपने परिवार के साथ दिवाली की पूजा करते हुए।

## सृष्टि रचयिता मनु महाराज के दरबार से शुरू होता है दियाली उत्सव

**देश** सहित प्रदेश के हर कोने में जहां दीपावली को खूब पटाखे फोड़े गए वहीं जिला कुल्लू की उझी घाटी में शांति छाई रही। उझी घाटी के लोगों ने पटाखों से दूरी बनाकर आज भी परंपरा का बखूबी निर्वहन किया। घाटी के लोग आज भी दीपावली नही बल्कि दियाली उत्सव धूमधाम से मनाते हैं जबकि लाहुल घाटी में भी सर्दियों में अनेकों प्रकार के इको फ्रेंडली त्यौहारों की धूम रहती है। इन स्थानों पर दीपावली का त्यौहार नहीं मनाया जाता है। लाहौल-स्पीति जिले सहित मनाली की ऊझी घाटी में दीपावली को न तो पटाखों की गूंज सुनाई देती है और न ही मिठाइयां बांटने का कोई रिवाज है। यहां इस बार भी दीपावली को माहौल सामान्य दिनों की तरह रहा। लोगों ने घरों में लक्ष्मी कि पूजा की लेकिन पटाखों से दूरी बनाए रखी। हालांकि मनाली बाजार व आसपास रहने वाले लोगों ने रात भर खूब पटाखे फोड़े लेकिन ग्रामीणों ने पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए आज भी पटाखों से दूरी बनाए रखी। मनाली की इस उझी घाटी में सतयुग से आराध्यदेव के आदेशों का पालन हो रहा है। जनवरी महीने में लोहड़ी पर्व के दौरान ऊझी घाटी के लोग देवता के तपस्या में लीन होने के चलते 42 दिन न टीवी देखते हैं न ही खेत-खलिहानों का रुख करते हैं। मनाली के सोलंग, पलचान, रुआड, कोठी, कुलंग, मझाच, बरुआ, शनाग, गौशाल और मनाली गांव के ग्रामीण आज भी पटाखों से दूरी बनाए हुए हैं। मान्यता यह भी है कि भगवान राम जब लंका पर विजयी होकर घर लौटे तो देश भर में खुशियां मनाई गई और घी के दीये जलाए गए। उस समय मनाली की उझी घाटी व लाहुल-स्पीति बर्फ में दबी थी। इन क्षेत्रों में यह जानकारी देरी से मिली। लोग दिपावली नहीं बल्कि दियाली को धूमधाम से मानते है। ग्रामीण सूरत राम, हेमराज ठाकुर, डोले राज, सर्वदयाल, चुनी लाल व शेर सिंह ने कहा कि घाटी के लोग सदियों से दीवाली उत्सव को नहीं मनाते हैं। ऊझी घाटी के लोग दीयाली पोष के महीने में मनाते है और इस उत्सव की यह विशेषता है कि इसे ईको फ्रेंडली रूप में मनाते हैं जिसमें पटाखे आदि प्रदूषण पैदा करने वाले किसी भी उत्पाद का कोई प्रयोग नहीं होता है। परम्परागत रूप में दीये की जगह रोशनी के लिए मशालों का प्रयोग किया जाता है। घर पर बने मीठे पकवान के रूप में गिच्चो का प्रयोग किया जाता है जोकि बजार में मिलने वाली मिलावटी मिठाइयों से हजार गुना बेहतर हैं। लोग सदियों पुरानी परंपरा को निभाते हुए दीपावली के बजाय दियाली उत्सव को मनाएंगे। दियाली उत्सव दिसम्बर महीने में सृष्टि के रचयिता मनु महाराज के प्रांगण से शुरू होगा और समस्त घाटी में मनाया जाएगा।

# दिवाली की रात कसोल के होटल में लगी आग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के कसोल में दिवाली की रात एक होटल में आग लग गई। आग होटल की ऊपर वाली मंजिल में लगी। आग लगने के बाद कसोल में अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलते ही आग पर काबू पाने के लिए दमकल की टीम मौके पर पहुंच गई है।

जानकारी के अनुसार होटल की तीसरी मंजिल में अचानक आग लगने से 50 लाख से अधिक की संपत्ति जलकर राख हुई है। हालांकि होटल के चार कमरों में रुके आठ पर्यटक सुरक्षित हैं। जिस समय आग लगी उस दौरान होटल में सैलानी बैठे हुए थे। आग लगने की सूचना मिलते ही होटल प्रबंधन के द्वारा अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया। वहीं होटल के ऊपरी मंजिल में ठहरे हुए सभी सैलानियों को भी सुरक्षित निकाल लिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है और मणिकर्ण पुलिस के द्वारा आग लगने के कारणों की भी छानबीन की जा रही है। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। लेकिन होटल के ऊपरी मंजिल में आग के चलते 50 लाख का नुकसान हुआ है। शाम करीब 8:00 बजे कसोल में दिवाली का जश्न चल रहा था। इस बीच अचानक होटल की तीसरी मंजिल में अचानक चिंगारी सुलग गई। देखते ही देखते आग ने भयानक रूप धारण कर लिया। आग की लपटें देखकर होटल के कर्मचारी बाहर को दौड़े। आग लपटें उठते देख दमकल की टीम सूचित किया गया। सूचना मिलने के बाद दमकल चौकी से दमकल की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।



जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के कसोल में दिवाली की रात होटल में लगी आग।

### 50 लाख के करीब हुआ नुकसान, सैलानी सुरक्षित

आग में होटल का फेमिली स्वीट रूम, दो हॉल और अन्य सामान जलकर राख हो गया। हालांकि इस बीच यहां पर अफरा-तफरी मची रही। अग्निशमन विभाग के फायर ऑफिसर प्रेम भारद्वाज ने कहा कि दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर करीब पांच करोड़ की संपत्ति बचाई है। उन्होंने कहा कि घटना में 50 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव चौहान ने कहा कि आग की घटना में किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ है।

# 31 अक्तूबर को नग्गर में आयोजित होगी जगती, तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न



31 अक्तूबर को होने वाली जगती का जायजा लेने के लिए धरोहर गांव नग्गर में हुई बैठक।

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

31 अक्तूबर को होने वाली जगती का जायजा लेने के लिए धरोहर गांव नग्गर में बैठक हुई। इसकी अध्यक्ष्यता माता त्रिपुरा सुंदरी के कारदार व मंदिर कमेटी के चेयरमैन जोगिंदर आचार्य ने की।

इसमें विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया, जो व्यवस्था को सुचारू रूप से करेंगी। इसमें लगभग तीन सौ देवी-देवता के आने की उम्मीद है। जिसमें कुल्लू जिले के अलावा लाहौल-स्पीति और मंडी सिराज को भी नियोता दिया गया है। इसमें प्रशार ऋषि मंडी के भी आने की संभावना है। देवलुओं को नग्गर के हर घर में ठहरने की व्यवस्था होगी। इसकी जानकारी त्रिपुरा सुंदरी के कारदार जोगिंदर आचार्य ने दी। यह जगती (धरम संसद) इससे पहले 2006, 2014 और 2021 में इससे पहले हो चुकी है। बैठक में भगवान रघुनाथ के कारदार टिक्का दानवेंद्र सिंह, त्रिपुरा सुंदरी के कारदार व मंदिर कमेटी के चेयरमैन जोगिंदर आचार्य, चरणजीत अवस्थी, मोहिंदर ठाकुर, संत कुमार शर्मा, मोहन लाल अवस्थी, नरेंद्र शर्मा, श्याम सुंदर, वीर चंद, मेहर चंद, केहर चंद कायस्थ के अलावा माता त्रिपुरा सुंदरी मंदिर कमेटी के बीस अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# 15 मील में बनेगा 15 करोड़ का नया मोटरेबल पुल

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

कुल्लू के 15 मील क्षेत्र में ब्यास नदी पर जल्द ही 15 करोड़ रुपये की लागत से एक नया मोटरेबल पुल (वाहनों के लिए उपयुक्त पुल) बनाया जाएगा। यह पुल क्षेत्र के लगभग 25 गांवों की एक बड़ी आबादी के लिए एक महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

वर्तमान में, 15 मील में ब्यास नदी के पार एक फुट ब्रिज (पैदल पुल) मौजूद है। इस पुल की चौड़ाई सीमित होने के बावजूद, स्थानीय लोग इसे छोटे दोपहिया वाहनों और कारों के लिए भी उपयोग करते रहे हैं। हालांकि, साल 2023 और 2025 में ब्यास नदी में आई भयंकर बाढ़ों के दौरान इस पुल की अहमियत और उपयोगिता स्पष्ट रूप से सामने आई, जिससे एक अधिक मजबूत और बड़े पुल की आवश्यकता महसूस हुई। स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने इस आवश्यकता को देखते हुए लोक निर्माण विभाग को तुरंत नए पुल के निर्माण के लिए सर्वे करने के निर्देश दिए। लोनिवि की सर्वे रिपोर्ट के आधार पर, यह प्रस्ताव नाबार्ड को भेजा गया था। नाबार्ड ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए 15 करोड़ रुपये की धनराशि को स्वीकृति प्रदान कर दी है।



कुल्लू के 15 मील क्षेत्र में ब्यास नदी पर इस जगह पर बनेगा 15 करोड़ रुपए का पुल।

इस पुल के निर्माण से कुल्लू क्षेत्र की लगभग 12 पंचायतों के 25 गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। इनमें बटाहर, रांगड़ी, सरसेई, हलाण 1, बड़ाग्रां बिहाल, कुटा, रामन, मढ़ी और भोष जैसे प्रमुख गांव शामिल हैं। यह नया पुल विशेष रूप से स्थानीय सेब बागवानी उद्योग, पर्यटन क्षेत्र, तथा विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों के आवागमन को सुगम बनाएगा, जिससे क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को गति मिलेगी। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने इस अवसर पर कहा कि पुल का कार्य जल्द ही शुरू कर जनता को समर्पित किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनूप शर्मा ने बताया कि पुल निर्माण से संबंधित दस्तावेज़ी प्रक्रिया को युद्धस्तर पर पूरा किया जा रहा है, जिसके बाद शीघ्र ही टेंडर जारी किए जाएंगे और निर्माण कार्य आरंभ कर दिया जाएगा।

# एनएसएस स्वयंसेवियों ने सीखे योग के गुर

**अनंत ज्ञान, सैंज।** पीएमश्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैंज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन की शुरुआत योग के साथ की गई । विद्यालय परिसर में आयोजित इस शिविर में स्कूल एनएसएस यूनिट के सभी स्वयंसेवी सुबह सवा पांच बजे सैंज बाज़ार में भजन व देशभक्ति गीत के माध्यम से प्रभातफेरी निकालते हैं । एनएसएस यूनिट की कार्यक्रम प्रभारी मीना ठाकुर ने बताया कि शिविर का शुभारंभ 18 अक्तूबर को किया गया जिसमें स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सोहन लाल ठाकुर बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार महाजन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सह कार्यक्रम अधिकारी जनक सिंह ने बताया कि सात दिवसीय शिविर में पीटी, योग, ड्रिल के अभ्यास के साथ-साथ परियोजना कार्य के दौरान स्वच्छता गतिविधियां तथा पौधारोपण आदि करवाया जा रहा है।

# लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने दिखाई मानवता की मिसाल



अनबत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

राजनीति और समाजसेवा के साथ हमेशा जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे रहने वाली लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने एक बार फिर संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय का परिचय दिया।

मंगलवार को मनाली-लेह हाईवे पर पागल नाला से आगे युरामुर्ती के नीचे एक एटीवी (ऑल टेरेन व्हीकल) दुर्घटनाग्रस्त हो गई। उसी दौरान मौके से गुजर रही विधायक अनुराधा राणा ने घटना को देखा और तुरंत वाहन रुकवाकर घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। उनकी इस त्वरित कार्रवाई से घायल व्यक्ति को समय पर उपचार मिल सका। स्थानीय लोगों ने विधायक के इस मानवीय कदम की भूरी-भूरी प्रशंसा की और कहा कि वह हमेशा आम लोगों की मदद के लिए तत्पर रहती हैं। क्षेत्र के लोगों ने विधायक अनुराधा राणा के इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने एक बार फिर साबित किया है कि जनसेवा उनके लिए केवल जिम्मेदारी नहीं बल्कि एक संवेदनशील भावना का होना भी जरूरी है।

# दिनभर खिली धूप में खेले पर्यटक, शाम को झूमे बर्फ के फाहों पर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

बर्फ के दीदार करने के रोहतांग गए पर्यटकों के लिए मंगलवार को मौसम खुशनुमा रहा।

पर्यटकों ने सुबह खिली धूप में बर्फ की खेलों का आनंद लिया। दोपहर बाद मौसम ने करवट बदली और हिमपात का क्रम शुरू हो गया। रोहतांग, शिंकुला व बारालाचा दर्रे सहित चोटियों में बर्फ के फाहे गिरे। सैलानी चोटियों में फाहे गिरते देख उत्साहित हो गए। पर्यटन स्थलों में सैलानियों की आमद भी बढ़ी है। हालांकि, अभी दर्रे बर्फ से चमक उठे हैं, लेकिन फिलहाल सभी दर्रे यातायात के लिए बहाल हैं। मंगलवार को दो सौ से अधिक छोटे-बड़े वाहन मनाली से लेह की ओर रवाना हुए। जांस्कर की ओर भी शिंकुला होते हुए मनाली से वाहनों की आवाजाही जारी रही। मनाली-लेह मार्ग पर बस सेवा तो बंद हो गई है, लेकिन छोटे वाहनों की आवाजाही जारी रही। रोहतांग दर्रे में पर्यटक वाहनों की आमद अधिक रही। दिन भर 338 पर्यटक वाहन परमिट प्राप्त कर रोहतांग पहुंचे। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि रोहतांग पर्यटकों के लिए बहाल है। उधर, अटल टनल के उस पार भी भारी संख्या में पर्यटक पहुंचे।



अटल टनल पहुंचे पर्यटक वाहन टनल के दूसरी तरफ जाते हुए।

## मनाली व कुल्लू में दिवाली के बाद भी होटलों में विशेष छूट

**प्रसिद्ध** पर्यटन स्थल मनाली व कुल्लू में दिवाली के बाद भी पर्यटकों को होटलों में विशेष छूट मिलेगी। होटल कारोबारियों ने यह निर्णय लिया है। दिवाली पर भारी तादाद में पर्यटक मनाली के पर्यटन स्थलों में पहुंचे। 13 हजार फुट से ऊंचे रोहतांग दर्रे सहित बारालाचा व शिंकुला में पर्यटक आसानी से बर्फ का दीदार कर रहे हैं। मनाली में रात गुजारने के बाद सुबह पर्यटक बर्फ से ढके इन पर्यटन स्थलों में पहुंच रहे हैं।

## नीले अंबर तले बर्फ में मस्ती

मनाली और लाहौल-स्पीति में मौसम बेहद सुहावना बना हुआ है। नीले अंबर तले पर्यटक बर्फ में मस्ती कर रहे हैं। यहां प्रदूषण और धूल मिट्टी का कोई स्थान नहीं है। खासतौर पर रोहतांग और बारालाचा दर्रे में वायु बेहद शुद्ध है। वहीं, मनाली और लाहुल की वायु शुद्ध है। वायु गुणवत्ता सूचकांक में यहां की हवा बेहतर है। लाहुल में एक्यूआई 50 के आसपास है।

## 25 से 30 प्रतिशत तक रहेगी छूट

**होटलों** में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए 25 से 30 प्रतिशत तक की छूट जारी रहेगी। यह छूट पर्यटकों को आकर्षित करने और पिछले सीज़न में हुए नुकसान की भरपाई करने के उद्देश्य से दी जा रही है।

# आपदा जोखिमों के प्रति लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण व सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड निरमंड व आनी के ग्राम पंचायत चवाई, ग्राम पंचायत दलाश, ग्राम पंचायत निथर, ग्राम पंचायत बागा सराहन के बागी पुल गांव में आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। 'समर्थ 2025' जिला स्तरीय जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित इन कार्यक्रमों में सहारा कला जत्था के कलाकारों ने गीतों और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को आपदा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। कलाकारों ने लोगों को भूकंपरोधी भवन निर्माण, आपदाओं के समय बरती जाने वाली सावधानियों, तथा भूकंप, भूस्खलन व आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले उपायों के बारे में जागरूक किया। कलाकारों ने लोगों से आग्रह किया कि भवन निर्माण से पूर्व उचित वास्तुकार से परामर्श लेकर ही भूकंपरोधी निर्माण सामग्री का प्रयोग करें, जिससे आपदाओं के समय नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। कार्यक्रमों के दौरान चवाई पंचायत की प्रधान गीता भूषण, दलाश पंचायत प्रधान सत्येंद्र शर्मा, निथर पंचायत प्रधान जगदीश व बागा सराहन पंचायत उपप्रधान सालगी राम सहित अन्य पंचायत सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जहां से चढ़ी थी सफलता की सीढ़ी वहां पहुंचकर भावुक हुई महिला आयोग की अध्यक्ष

अनंत ज्ञान, मनाली

महिला आयोग की अध्यक्षा ने जहां से सफलता की पहली सीढ़ी चढ़ी थी वहां पहुंचकर वह भावुक हो गई।

मंगलवार काके विद्या नेगी की अपनी गृह पंचायत शनाग के बाहंग व पधर की महिलाओं ने उनके सम्मान में कार्यक्रम रखा था। जैसे ही विद्या नेगी कार्यक्रम में पहुंची तो अपनी साथी को शीर्ष पद पर देखकर उनकी सहेलियों व संघर्ष के साथियों की खुश का ठिकाना नहीं रहा। सभी ने उनका जोरदार स्वागत किया। महिला आयोग की अध्यक्षा विद्या नेगी की साथी महिला मुरतू देवी ने कहा कि उस जगह पर पहुंचकर, व्यक्ति को अपनी मेहनत, रातों की नींद और असफलताओं को याद करके भावुक होना स्वाभाविक है, जिनसे उसने सीख ली थी। नेगी के संघर्ष के साथी मूलू राम, बीर सिंह व बुध राम ने कहा कि यह वह क्षण होता है जब व्यक्ति अपनी सफलताओं के लिए ईश्वर, परिवार, दोस्तों और खुद के प्रति कृतज्ञता महसूस करता है। उन्होंने कहा कि नेगी शुरू से बहुत मेहनती रही है और आज भी दिन रात समाज सेवा में जुटी हुई है। विद्या नेगी ने कहा कि आज उन्हे महिला आयोग की अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार गृह पंचायत शनाग के गांव पधर बाहंग बुलाया गया। इसी छोटे से गांव से एक्टिव राजनीति की शुरुआत की थी। 1993 में यहां महिला मंडल को रजिस्टर किया था और आज भी वह महिलाएं मेरे साथ खड़ी है। इस सभी साथियों के सहयोग से 1995 में पंचायत प्रधान बनी थी। धन्यवादी हूं कि आज इन्होंने बुलाया और फिर से उन पुरानी यादों को ताज किया। महिलाओं के पास सीखने का अवसर, कमाने का साधन ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा होने चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला आयोग सिर्फ शिकायतें सुनने और निवारण करने तक ही समिति नहीं रहना चाहता। महिला आयोग चाहता है कि हर महिला



महिला आयोग की अध्यक्ष ग्रामीणों के साथ।

# धीमी गति से चल रहा भूतनाथ मंदिर से वोल्वो बस स्टैंड तक सड़क मार्ग का काम

एम बोकटापा, अनंत ज्ञान

**मनाली।** आपदा के दो माह बाद भी वोल्वो बस स्टैंड से भूतनाथ मंदिर तक की सड़क यातायात के लिए बहाल नहीं हो पाई है। यातायात पुराने नेशनल हाइवे पर चल रहा है। जिससे जाम की समस्या पैदा हो रही है। एनएचएआई के धीमी रफ्तार से चल रहे कार्य के कारण पर्यटन कारोबारियों में आक्रोश है।

पर्यटन कारोबारियों ने जल्द से जल्द इस सड़क को यातायात के लिए तैयार करने की मांग की है। 25 अगस्त को ब्यास नदी में आई बाढ़ से फोरलेन सड़क का बड़ा हिस्सा बह गया था। भूतनाथ मंदिर से वोल्वो बस स्टैंड तक तीन जगह सड़क का नामोनिशान मिट गया था। सड़क को बनाने का कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है। अभी तक सड़क के दोनों छोर मिला लिए गए है लेकिन वाहनों की आवाजाही के लिए सड़क अभी पूरी तरह से तैयार नहीं है। प्रशासन ने वाहनों का ट्रायल भी करवाया लेकिन वाहनों के लिए उपयुक्त नहीं पाई गई। गौरतलब है कि 2023 में आई आपदा के दौरान भी इस स्थान पर सड़क बनाने में देरी हुई थी।



मजबूरन स्थानीय पर्यटन कारोबारियों को श्रमदान कर खुद काम करने के लिए आगे आना पड़ा था। अब इस साल फिर इस सड़क को दो माह में भी तैयार नहीं किया गया। पुलिस थाना, नागरिक अस्पताल इलाके में इस वजह से जाम की स्थिति बन रही है। पर्यटन कारोबारी मोहन सिंह, तेजदर कुमार, प्रेम पाल ने कहा कि इस सड़क को जल्द तैयार कर यातायात बहाल किया जाना चाहिए। अन्यथा नववर्ष सीजन में भयंकर यातायात जाम कि समस्या का सामना करना पड़ सकता है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने कहा कि फिलहाल सड़क वाहनों के लिए उपयुक्त नहीं है। ट्रायल किया था लेकिन सफलता नहीं मिली। दो तीन दिन में सड़क तैयार होने की संभावना है।

**आयोजन** प्राइमरी स्कूल लोअर विंग में जिला स्तरीय इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप आयोजित

# कराटे चैंपियनशिप में डीएवी मनाली प्रथम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला कराटे संघ कुल्लू द्वारा प्राइमरी स्कूल लोअर विंग में जिला स्तरीय इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें मदर टच स्कूल, भारत भारती, एसवीएम वाशिंग, ब्रिलियंट ग्लोबल, साई स्टार, कुल्लू कॉन्वेंट,कुल्लू वैली स्कूल,डीएवी मनाली,राजकीय माध्यमिक विद्यालय मनाली, सुल्तानपुर, ढालपुर,जल्लुग्रां, डे स्टार स्कूल मनाली, डीएवी कटराईं, दिल्ली पब्लिक स्कूल मनाली, एसवीएम मनाली,हिमालयन कॉनिफेर स्कूल मनाली के लगभग 100 कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में 17 स्कूलों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रूप में संघ के चेयरमैन वेद प्रकाश उपस्थित रहे जिन्होंने विजेता खिलाड़ियों को मैडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में ऑफिशियल की भूमिका नेशनल रैफरी हरीश शर्मा, जज परस राम, कुमकुम शर्मा, अभि शर्मा, सानिया, राकेश कुमार, अंजनी ठाकुर,मीना शर्मा ने निभाई।





प्राइमरी स्कूल लोअर विंग में जिला स्तरीय इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन।

इस दौरान संघ के महासचिव केएस पराशर, सह सचिव नरोत्तम चंद, कोषाध्यक्ष सोनू कुमार, कोच खूब राम, सुरेश नेगी, अजय कुमार आदि उपस्थित रहे। संघ के महासचिव पराशर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर डीएवी मनाली व दूसरे स्थान पर ब्रिलियंट ग्लोबल स्कूल कुल्लू रहा।

लड़कों के कुमिते के विभिन्न आयु व भार वर्गों में विवान वशिष्ट, प्रणव शाशनी, आरव ठाकुर,रेयांश, मिहिर, जिग्मेद,रोहित, शिवम,अर्णव, लक्ष्य, ओम मगर, राहुल,तनीष, रूप लाल,वैभव, शोर्य राष्पा, अंशुल,आयुष, चन्नय शर्मा ने स्वर्ण पदक व अभि, अंश शिवा,अर्णव भारद्वाज, दीपक,सक्षम, आरव, अशांक, रितुल, वीरेन, समरथ, सोनम, विराज, अथर्व शाशनी ने रजत पदक और विहान, दार्शिक, रिशान, अनुभव, आरव, प्रणीत, विपुल, अभिनव अक्षायन, शुभ, अग्रिम, दिव्यांश, विहान, यश, ईशान,दक्ष ने कांस्य पदक हासिल किए। लड़कियों के वर्ग में फुरपा लामो, निर्विका, केयन्ना, मायरा, दर्पन, अन्वेषा, तृषा, वीनस, सान्वी, अनन्या, आराध्या, सिहोना, पदमा, सानिया, सुनेहा, सिमरन,आयेशा व ओजस्वी ने स्वर्ण पदक और सैजल, अनमोल, प्रियांशी,अवनी, सनाया, दृष्टि, चेष्टा, त्रिशा, आकृति, श्रीजा, लिओना, तेंजिन ने रजत पदक और अश्रीम ओजस्वी, काव्या, सुनैना, तानिया, इशिता, काव्या कश्यप ने कांस्य पदकों पर कब्जा जमाया। काता में सोनम, शुभ, लक्ष्य, तनीष, आरव, श्रीजा, अन्वेषा, अनन्या, सैजल शर्मा ने स्वर्ण पदक व ओजस्वी, प्रियांशी, कुमुद, ओजस्वी ठाकुर, नीरज सूरी, दिव्यांश, अनमोल व रोमन ने रजत पदक और अयांश, शिवम, राहुल, अंश शिवा, दक्ष, केयन्ना, अर्याना, सुनैना, तृषा, अनमोल व अवनी ने कांस्य पदक जीते।

# जिला स्तरीय सांस्कृतिक स्पर्धा में पीएम श्री आनी का जलवा कायम





जिला स्तरीय सांस्कृतिक स्पर्धा में विजेता रही टीम के साथ अन्य गणमान्य लोग।

अनंत ज्ञान, आनी

कुल्लू जिला के गडसा में आयोजित 14 वर्ष से कम आयु वर्ग की जिला स्तरीय सांस्कृतिक स्पर्धा में पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी ने एक बार फिर अपना परचम लहराया। विद्यालय की टीम ने लोकनृत्य प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार सातवीं बार जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया।

यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गौरव का विषय है, जिसने सांस्कृतिक क्षेत्र में अपनी निरंतर श्रेष्ठता को एक बार फिर सिद्ध किया है।विद्यालय की टीम ने लोकनृत्य के साथ-साथ समूहगान प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों के इस शानदार प्रदर्शन का श्रेय विद्यालय की शिक्षिका शास्त्री आशा ठाकुर को जाता है, जिन्होंने लोकनृत्य में बच्चों को विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया। वहीं, पीईटी कांशी राम ठाकुर और शिक्षक शादी लाल ने भी छात्रों को नृत्य की बारीकियों में निपुण बनाने में अहम भूमिका निभाई।विद्यालय प्रभारी नरेश ठाकुर ने इस उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों और मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई दी तथा आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खेम राज ठाकुर और समस्त शिक्षकों ने भी बच्चों की इस सफलता पर गर्व व्यक्त किया। पीएम श्री आनी की लोकनृत्य टीम अब चंबा में आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में जिला कुल्लू का प्रतिनिधित्व करेगी। स्कूल परिवार को उम्मीद है कि इस बार भी विद्यार्थी राज्य स्तर पर जिला का नाम रोशन करेंगे।

न्यूज ब्रीफ

### व्यक्ति ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, सोलन।** ओल्ड बस स्टैंड सोलन के समीप एक व्यक्ति ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस बारे में पुलिस चौकी शहर सोलन को सूचित किया गया जहां से पुलिस की टीम मौका पर पहुंची। तस्दीक करने पर मकान के छज्जे की रेलिंग से एक व्यक्ति फांसी का फंदा लगाकर लटका हुआ था, जिसकी मृत्यु हो चुकी थी। सरसरी तस्दीक करने पर उक्त व्यक्ति की पहचान श्याम सिंह पुत्र ध्यान सिंह निवासी गांव खशयार डाखा कलीड तह. ठियोग जिला शिमला उम्र 38 वर्ष के रूप में हुई। मौके पर मौजूद उसके परिजनों व अन्य लोगों के सामने मृतक को फंदे से उतारकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मृतक की गर्दन में रस्सी के निशान के ईलावा शरीर के अन्य हिस्सों पर किसी भी प्रकार के चोट खरोंच के निशान न पाए गए। मौके से एक प्लास्टिक की वायर, जिससे मृतक ने फंदा लगाया था उसको पुलिस ने कब्जा में लिया। इसके ईलावा मौके से कोई भी सुसाइड नोट व अन्य संदिग्ध वस्तु बरामद न हुई। मौका पर मौजूद मृतक की पत्नी व अन्य लोगों के ब्यान लेखबद्ध किए गए। सरसरी जांच पर पाया गया कि मृतक अपनी पत्नी व बच्चों सहित पूराना बस स्टैंड के समीप किराये के कमरे में रह रहा था। मृतक काम के सिलसिले में अपने घर चला गया था, तो इसी दौरान मृतक की पत्नी अपने भाई के क्वार्टर जो रेलवे ट्रैक के साथ है रह रही थी। 18 अक्तूबर को मृतक घर से अपनी पत्नी के पास सोलन आया था। 19 अक्तूबर को मृतक की पत्नी ने उसे खाना खाने के लिए कहा, तो उसने खाना खाने से मना कर दिया, जिस बात को लेकर उनकी आपस में थोड़ी बहसबाजी हो गई। उसके उपरांत जब मृतक की पत्नी कपड़ों को सुखाने के लिए रेलिंग पर डालने गई थी, तो उसी दौरान मृतक ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि मृतक व उसकी पत्नी का कुछ समय से आपस में अनबन चल रही थी। अभी तक की जांच के दौरान किसी ने भी उसकी मृत्यु पर किसी भी प्रकार शक शुबा जाहिर नहीं किया है फिर भी मामले में जांच प्राथमिकता के आधार पर हर पहलू पर जारी है।

### पटाखों से झुलसे 14 लोग पहुंचे सोलन अस्पताल

**अनंत ज्ञान, सोलन।** दीपावली की खुशी के बीच सोलन में 14 लोगों को अस्पताल पहुंचा दिया। दरअसल शहर के विभिन्न इलाकों से पटाखों से झुलसे 14 शहरवासी सोलन क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचे, जहां उनका इलाज किया गया। अस्पताल के सीनियर मेडिकल सुपरिटेंडेंट राकेश पंवर के अनुसार, इस बार दिवाली पर पटाखों से झुलसने के मामलों में भले ही कमी रही हो, लेकिन ये 14 केस चेतावनी हैं कि लापरवाही अभी भी जारी है। अधिकांश लोगों के हाथ और पैरों पर जलन या चोटें आईं। मेडिकल सुपरिटेंडेंट राकेश पंवर ने बताया कि इस बार उस लिहाज से बहुत कम केस आए हैं,लेकिन फिर भी लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। सीनियर मेडिकल सुपरिटेंडेंट ने कहा कि सोलन में अब लोग जागरूक हो रहे हैं और कम पटाखे जला रहे हैं, जिससे प्रदूषण और हादसे दोनों में कमी आई है। उन्होंने लोगों से अपील की कि आने वाले सालों में दिवाली की रोशनी बरकरार रखें, लेकिन पटाखों की आग से दूरी बनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदूषण सभी के लिए हानिकारक है, खासकर सांस की बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए इस लिए इस बार अभी और जागरूक रहने की आवश्यकता है।

### तंबाकू फ्री यूथ कैंपेन को व्यापारियों से मिला सहयोग

**अनंत ज्ञान, अर्की।** सिविल अस्पताल अर्की द्वारा 'तंबाकू फ्री यूथ कैंपेन 3.0' के तहत मंगलवार को पुराना बस स्टैंड अर्की में व्यापार मंडल के सदस्यों से भेंट कर तंबाकू मुक्त वातावरण के निर्माण के लिए सहयोग मांगा गया। इस अभियान का नेतृत्व ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मुक्त रस्तोगी ने किया, जबकि डॉ. विजय कुमार शांडिल ने व्यापारियों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे खुली सिगरेट या बीड़ी न बेचें तथा 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी प्रकार के तंबाकूउत्पाद न दें, क्योंकि यह कोटपा एक्ट के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। डॉ. शांडिल ने बताया कि तंबाकू का सेवन कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियों जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म देता है और यह गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं के लिए भी अत्यंत हानिकारक है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना और स्वस्थ समाज का निर्माण करना है। व्यापार मंडल अर्की ने इस पहल की सराहना की और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। व्यापारियों ने संकल्प लिया कि वे अपने प्रतिष्ठानों को तंबाकू मुक्त क्षेत्र घोषित करेंगे और लोगों को जागरूक करने में स्वास्थ्य विभाग का साथ देंगे। यह जानकारी सिविल अस्पताल अर्की द्वारा दी गई।

### 29 अक्तूबर को आयोजित होगा गोपाष्टमी पर्व

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा की अध्यक्षता में डीसी कार्यालय में पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित हुई। उन्होंने बताया कि आगामी 29 अक्तूबर को नाहन के समीप माता बालासुंदरी गोशाला में गोपाष्टमी का पर्व आयोजित किया जाएगा। उन्होंने समिति के सदस्यों से कहा कि वह समय रहते आयोजन संबंधी सभी कार्य पूर्ण कर लें। बैठक में पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण समिति की उपाध्यक्ष डॉ. नीरु शबनम, राजेंद्र बंसल तथा सतीश राणा के अतिरिक्त समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

### जहर निगलने से कंडाघाट निवासी की मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** आईजीएमसी शिमला द्वारा पुलिस थाना कण्डाघाट को सूचित किया कि एक अक्तूबर को जिस व्यक्ति को जहरखुरानी में उपचार के लिए शिमला लाये थे उसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई है। इस सूचना पर पुलिस थाना कंडाघाट की पुलिस टीम आईजीएमसी शिमला पहुंची, जहां पर रविंद्र कुमार पुत्र नेक राम निवासी गांव शडोग डाखा कंडाघाट जिला सोलन उम्र 50 वर्ष मृत हालत में पाया गया। मौके पर मृतक के परिजनों के बयान लेखबद्ध किए गए। सरसरी जांच पर पाया गया कि मृतक ने जब मृतक खरपतवार की स्प्रे कर रहा था तो उसकी स्प्रे करते समय तबियत खराब हो गई थी, जिस पर उसके परिवार के सदस्य उसे उपचार के लिए क्षेत्रिय अस्पताल सोलन ले गये थे जहां से उसे आगामी उपचार के लिए आईजीएमसी शिमला रेफर कर दिया गया था जहां पर उसकी 20 अक्तूबर को उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। अभी तक की जांच पर किसी ने भी उसकी मृत्यु पर कोई शक शुबा जाहिर न किया है तथा यही पाया जा रहा है की उसकी मृत्यु जहरीला पदार्थ खाने से हुई है फिर भी मामले में जांच हर पहलू पर प्राथमिकता से जारी है। मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर विसरा प्रीजर्व करवाया गया जिसे रासायनिक परीक्षण के लिए राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम के उपरांत मृतक के शव को अंतिम दाह संस्कार के लिए उसके परिजनों के हवाले किया गया। मामले में कार्रवाई की जा रही है।

### बहन का सुहाग उजाड़ने वाला भाई गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन/बद्दी।** सोलन जिले के बद्दी में दिवाली से चंद रोज पहले अपनी ही बहन का सुहाग उजाड़ने वाले भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपने पूर्व उप प्रधान जीजा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। क्योंकि यह बहन की इंटरकास्ट मैरिज से नाराज था। सोमवार को बद्दी के एसपी विनोद कुमार ने आरोपी की गिरफ्तारी की जानकारी दी। एसपी विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस आरोपी की तीन दिन से तलाश कर रही थी। एसपी विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस आरोपी की तीन दिन से तलाश कर रही थी। आरोपी के बारे में सुराग देने वाले को 50 हजार रुपये इनाम देने का ऐलान किया था। एसपी ने बताया कि पहले अटेम्प्ट टू मर्डर के अलावा, आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था, लेकिन अब पूर्व उपप्रधान सोहनलाल की मौत के बाद धारा 302 (हत्या) और एस सी /एस टी एक्ट जोड़ दिया गया। एसपी ने बताया कि आरोपी सुरेश कुमार को चिकनी गांव के पास सुबह 4 बजे हिरासत में लिया गया। एसपी ने बताया कि इस साल जनवरी 2025 में सोहन ने सुरेश की बहन से इंटरकास्ट शादी की थी। सोहनलाल अनुसूचित जाति से संबंध रखता था, जबकि युवती राजपूत थी। इसी रंजिश में आरोपी ने उसे गोली मार दी थी। आरोपी को नालागढ़ कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।

### निजी बस और स्कूटी की टक्कर, युवती की मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब-शिलाई से गुम्मा नेशनल हाईवे-707 मार्ग पर सिरमौरी ताल के समीप दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। यहां निजी बस और स्कूटी के बीच जोरदार टक्कर के बाद युवती की मौत हो गई, जबकि स्कूटी चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। गंभीर रूप से घायल युवक देहरादून अस्पताल में उपचाराधीन बताया जा रहा है। राजबन पुलिस चौकी टीम ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार एनएच-707 पर रविवार सायं निजी बस और स्कूटी की जोरदार टक्कर हो गई। बस पांवटा साहिब से शिलाई क्षेत्र की तरफ जा रही थी। वहीं युवती समेत दो लोग स्कूटी पर सवार होकर पांवटा साहिब की तरफ आ रहे थे। सिरमौरी ताल के समीप हादसे में स्कूटी पर चालक सत्यम (21) निवासी लक्ष्मीपुरखेड़ी, उत्तर प्रदेश तथा शिलाई क्षेत्र के बाग चचराडा की निवासी अमृता (19) पुत्री जगत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों को सिविल अस्पताल पांवटा साहिब उपचार के लिए पहुंचाया गया। वहां से दोनों को वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन रेफर कर दिया गया। हालत गंभीर होने पर नाहन से लड़की के परिजन आगामी उपचार के लिए पीजीआई चंडीगढ़ ले गए। घायल लड़की ने रस्ते में ही दम तोड़ दिया।चौकी प्रभारी राजबन एसआई ज्ञान सिंह ने बताया कि हादसे में घायल अमृता की मौत हो गई।

# बघाट बैंक के 12 बड़े डिफॉल्टरों पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** वित्तीय अनियमितताओं के चलते आरबीआई के प्रतिबंध झेल रहे बघाट सहकारी बैंक सोलन का प्रबंधन एक्शन मोड में आ गया है। वहीं शेयर होल्डर भी बैंक की वित्तीय स्थिति पर चिंता जता चुके हैं। ऐसे में डिफॉल्टरों पर कार्रवाई तय है। बैंक के 12 बड़े डिफॉल्टरों पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी है तो चार से रिकवरी की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

असिस्टेंट रजिस्ट्रार को-ऑपरेटिव सोसायटी (एआरसीएस) सोलन ने इन डिफॉल्टरों के खिलाफ लैंड रेवेन्यू एक्ट 1954 की धारा 75-ए के तहत जारी किए हैं। इस संबंध में बाकायदा सोलन एसपी को चिट्ठी लिखकर इन डिफॉल्टरों को गिरफ्तार करने की अपील की गई है। बैंक की तरफ से चार गाड़ियों को भी जब्त करने के निर्देश जारी किए हैं। साथ ही डिफाल्टरों की गिरफ्तारी किसी भी समय हो सकती है। इस कार्रवाई से


फाइल फोटो।

खाताधारकों को कुछ बेहतर होने उम्मीद जगी है। यह भी सामने आया है की ये 12 डिफॉल्टर करीब 33 करोड़ रुपये की रकम बैंक को दबाए बैठे हैं। ये वो डिफाल्टर हैं, जो काफी समय से बार-बार बैंक के बोलने के बाद भी यह पैसा जमा नहीं करवा रहे। लिहाजा आरसीएस का यह फैसला बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके अलावा एआरसीएस ने चार अन्य डिफॉल्टरों की गाड़ियों को जब्त करने के इन किए हैं।

डिफॉल्टरों ने कार लोन लिया था, लेकिन समय पर बैंक का पैसा वापस नहीं किया। यह पहला मौका है, जब बघाट बैंक ने डिफॉल्टरों के खिलाफ इतनी बड़ी कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि 2022 से लेकर अब तक आंकड़ों के मुताबिक 322 करोड़ एनपीए था। जो अब 138 करोड़ रह गया है। बैंक ने 184 करोड़ रिकवर कर लिए है। खाताधारकों के 470 करोड़ बैंक में जमा है, जबकि 22 करोड़ 11 हजार शेयर होल्डरों के अलग से जमा है। बैंक गड़बड़ झालों को लेकर पिछले कुछ वर्षों से चर्चाओं में है। लेकिन अब जब यहां कैपिंग हुई तो चर्चा तनाव में बदल गई।

> डिफॉल्टरों पर कार्रवाई तेज हो गई है। विभाग के पास 145 डिफॉल्टरों की फाइल पहुंची है। फिलहाल टॉप-50 डिफॉल्टर को सूचीबद्ध किया है, जिसमें पहले 12 को अरेस्ट करने के आर्डर हुए है। सभी खाताधारकों का पैसा पूरी तरह सुरक्षित है और डिफॉल्टरों से रिकवरी की प्रक्रिया तेजी से की जा रही है।
> **राज कुमार कश्यप, एमडी बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक।**

शहर के बुद्धिजीवी तबके का कहना है कि त्यौहारी सीजन में से 10 हजार रुपये निकलना कहां तक मुनासिब है। वहीं दूसरी तरफ फोरम शेयरहोल्डर ने भी इस मामले को लेकर मोर्चा खोला हुआ है। उन्होंने एसआईटी की मांग की है। साथ ही इस मामले में सरकार का हस्तक्षेप भी मांगा है। करोड़ रुपए का एनपीए में फंसा हुआ है, जिसे लेकर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने अगले 6 महीनों के लिए बैंक खाता धारकों को सिर्फ 10 हजार तक की निकासी की अनुमति दी है।

# पुंजविला स्कूल में शरारती तत्वों का उत्पात, गमले व नलके तोड़े

**अनंत ज्ञान, सोलन**



राजकीय प्राथमिक पाठशाला पुंजविला, सोलन में शरारती तत्वों ने तोड़फोड़ कर विद्यालय परिसर को भारी नुकसान पहुंचाया है। यह घटना दिवाली की छुट्टियों के दौरान हुई, जब स्कूल में छुट्टियां चल रही थीं। स्कूल प्रशासन द्वारा मामले की सूचना नजदीकी पुलिस थाना को दे दी गई है।

खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी हरी राम चंदेल ने बताया कि मंगलवार सुबह जब वह विद्यालय परिसर में पहुंचे तो उन्होंने देखा कि स्कूल के बरामदे में रखे सभी गमले टूटे पड़े थे। इसके साथ ही, पानी के वाटर कूलर के नलके और आसपास लगे अन्य नलके भी क्षतिग्रस्त कर दिए गए थे। शरारती तत्वों ने विद्यालय के कार्यालय और कक्षा कक्षों के ताले तोड़ने की भी कोशिश की, हालांकि वे इसमें सफल नहीं हो पाए। घटना के दौरान स्कूल की खिड़कियों में पटाखे फोड़े गए, जिससे खिड़की के शीशे टूट गए और कक्षाओं को भी आंशिक नुकसान पहुंचा है। चंदेल ने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब स्कूल को निशाना बनाया गया हो, इससे पूर्व भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं और पुलिस को इसकी जानकारी दी गई थी। सूत्रों के अनुसार, आस-पास के कुछ शरारती बच्चों की इस घटना में संलिप्तता की आशंका है, जिसकी जांच विभागीय स्तर पर की जा रही है। स्कूल प्रभारी और अध्यापकों को भी इस विषय में सूचित किया गया है ताकि वे आवश्यक कानूनी प्रक्रिया को आगे बढ़ा सकें।

चंदेल ने पुलिस विभाग से अपील की है कि मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए। साथ ही, उन्होंने अनुरोध किया कि पुलिस सप्ताह में कम से कम 1-2 बार शाम के समय क्षेत्र में गश्त लगाए, जिससे शरारती तत्वों में डर बना रहे और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# गिरिपार के गुंडाह में होगा एक शाम संस्कृति के नाम का आयोजन

**अनंत ज्ञान, शिलाई**

जिला सिरमौर का गिरिपार क्षेत्र अपनी पुरातन संस्कृति, परंपराएं और रीति-रिवाजों के लिए देश-भर में जाना जाता है, जिस आधार पर केंद्र सरकार ने गिरिपार को जनजातीय दर्जा प्रदान किया है।

इसी परिपेक्षय पर गुंडाह गांव मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऐतिहासिक लोक-संस्कृति संध्या (एक शाम संस्कृति के नाम) आयोजन किया जा रहा है। गिरिपार में पहाड़ी संस्कृति व परंपराओं की बात की जाए, तो गिरिपार क्षेत्र का जेलभोज क्षेत्र आज भी अपनी संस्कृति के लिए जाना जाता है , जबकि आज के दौर में पहाड़ी लोक संस्कृति का स्तर दिन-प्रतिदिन गिरता जा रहा है, जो कि कहीं न कहीं गंभीर स्थिति को दर्शाता है। इस प्रकार क्षेत्र के जागरूक व शिक्षित युवा ठाकुर कपिल शन्कवाण ने लोक संस्कृति को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की, जिसमें उन्होंने कहा कि 23 अक्तूबर को गुंडाह गांव मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऐतिहासिक लोक-संस्कृति संध्या (एक शाम संस्कृति के नाम) आयोजन किया जा रहा है। इसमें मुख्यतः पहाड़ी लोक कलाकार हिमाचल व उत्तराखंड के लोकप्रिय कलाकार अज्जू तोमर व अजय चौहान साथ में शुभम शर्मा, मोनिका शर्मा, ज्ञान सिंह आदि अपनी सुरीली आवाज से दर्शकों का खूब मनोरंजन करेंगे, जिस भव्य आयोजन के मुख्यातिथि रहेंगे। क्षेत्र के सम्मानित शख्सियत भवान सिंह चौहान और विशेषातिथि सूरत शन्कवाण, इस प्रकार कपिल शनकवान ने संस्कृति प्रेमियों से आह्वान किया है कि वह इस यादगार और ऐतिहासिक संस्कृति की शाम को अपनी उपस्थिति में और भी यादगार और सफल बनाएं।

# चिट्टा सप्लायर को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** दाड़लाघाट पुलिस ने चिट्टा तस्करी मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए जीरकपुर, पंजाब से मुख्य सप्लायर अमित गुप्ता को गिरफ्तार किया है। आरोपी को 19 अक्तूबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे चार दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया। मामले की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पहले गिरफ्तार दो आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया कि वे चिट्टा/हेरोइन जीरकपुर निवासी अमित गुप्ता से लेकर आए थे। तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गुप्ता को गिरफ्तार किया। जांच में यह भी पाया गया कि आरोपी अमित गुप्ता पहले भी नशा तस्करी के मामलों में शामिल रहा है। उसके खिलाफ थाना पतलीकूहल, कुल्लू (हि.प्र.) में 26 ग्राम चिट्टा और थाना लालड़ू, पंजाब में 50 ग्राम चिट्टा के मामलों में मुकदमे दर्ज हैं।

# विधायक ने 56 लाख से बने भवनों का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, नाहन**

विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए, विधायक अजय सोलंकी ने 56 लाख की लागत से निर्मित दो महत्वपूर्ण विकासात्मक भवनों का लोकार्पण किया।

इन भवनों के शुरू होने से क्षेत्रवासियों को मूलभूत प्रशासनिक सेवाएं गांव के समीप ही मिलनी शुरू हो जाएंगी। सैनवाला मुबारिकपुर को मिला पटवार भवनदिन के पहले कार्यक्रम में, विधायक अजय सोलंकी ने सैनवाला मुबारिकपुर (उप-तहसील माजरा, जिला सिरमौर) में □12 लाख की लागत से बने नवगठित पटवार सर्कल भवन कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक सोलंकी ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह नया भवन क्षेत्रवासियों को राजस्व संबंधी कार्यों में बड़ी सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह कदम प्रशासनिक सेवाओं की पहुंच गांव स्तर तक सुदृढ़ करेगा


पंचायत भवन का लोकार्पण करते विधायक अजय सोलंकी।

और इसे सुशासन और पारदर्शिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, पंचायत प्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

धौलाकुआं को मिला नवनिर्मित पंचायत घरइसके उपरांत, विधायक अजय सोलंकी ने ग्राम पंचायत धौलाकुआं में 44 लाख की लागत से निर्मित नवनिर्मित पंचायत घर का लोकार्पण किया। विधायक ने दोनों कार्यक्रमों में कहा कि प्रदेश सरकार के सतत प्रयासों से नाहन विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की गति निरंतर तेज़ी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने जनता की सहभागिता को विकास की असली ताकत बताया व आश्वासन दिया कि आने वाले समय में क्षेत्र के प्रत्येक गांव को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ने का कार्य निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर धौलाकुआं में मंडल अध्यक्ष ज्ञान चंद, पंचायत प्रधान शिवानी देवी, उपप्रधान तेजवीर और अन्य गणमान्य नागरिक तथा प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# कर्मचारियों को रोटरी क्लब ने किया सम्मानित


विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को सम्मानित करते रोटरी क्लब के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

समाजसेवी संस्था रोटी क्लब ने आज नाहन में सार्वजनिक अवकाश के बावजूद सेवाएं दे रहे विभिन्न विभागों के कर्मचारी को सम्मानित किया।

इस दौरान रोटरी क्लब से जुड़े सदस्यों ने पुलिसकर्मियों ,सफाई कर्मचारीयों और अस्पताल में सेवाएं दे रहे कर्मचारियों को उपहार देकर सम्मानित किया। वीओ 1 मीडिया से बात करते हुए रोटरी क्लब नाहन के अध्यक्ष मनीष जैन ने बताया कि दीपावली के सार्वजनिक अवकाश के दौरान सभी लोग घर पर रह कर दीपावली का पर मना रहे हैं मगर समाज के बीच कुछ ऐसे कर्मचारी है जो इस दौरान भी अपनी सेवाओं को दे रहे है, जिन्हें रोटरी क्लब द्वारा सम्मानित किया जा रहा है उन्होंने कहा कि क्लब के सदस्य द्वारा लोगों से ग्रीन दिवाली मनाने की भी अपील की जा रही है, ताकि पर्यावरण संरक्षण को सुनिश्चित किया जा सके।

# सिरमौर जिले में अफीम की लाइसेंसधारी खेती समय की मांग

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** ब्रिटिश काल में सिरमौर अफीम की खेती का एक प्रमुख केंद्र था। अंग्रेजों ने यहां के किसानों से जबरन अफीम उगवाई, जिसे चीन और अन्य देशों को निर्यात किया जाता था। इसे 'काला सोना' कहा जाता था क्योंकि यह ब्रिटिश व्यापार के लिए सोने से भी अधिक मूल्यवान था।

आजादी के बाद संयुक्त राष्ट्र और विश्व स्वास्थ्य संगठन के दबाव पर अफीम की खेती पर रोक लगी। सिरमौर, जो कभी इस खेती से समृद्ध था, धीरे-धीरे आर्थिक रूप से पिछड़ गया। विडंबना यह है कि आज उसी क्षेत्र के लोग मजदूरी के लिए शिमला के ऊपरी इलाकों की ओर पलायन कर रहे हैं। बड़ी विदेशी मुद्रा खर्च होती है। राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में सरकार की अनुमति से अफीम की खेती की जा रही है। सिरमौर की जलवायु और मिट्टी भी इस फसल के लिए उपयुक्त है। यदि यहां परमिट आधारित खेती शुरू की जाए, तो यह स्थानीय किसानों की आय बढ़ाने के साथ दवा उद्योग के लिए भी सहायक सिद्ध होगी।

अफीम की खेती को नशे से जोड़कर नहीं, बल्कि औषधीय दृष्टिकोण से देखना चाहिए। अफीम का 90 फीसदी हिस्सा दवाओं के निर्माण में उपयोग होता है। भारत, जो कभी अफीम का प्रमुख उत्पादक था, अब इसे विदेशों से आयात करता है, जिससे बड़ी विदेशी मुद्रा खर्च होती है। राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में सरकार की अनुमति से अफीम की खेती की जा रही है। सिरमौर की जलवायु और मिट्टी भी इस फसल के लिए उपयुक्त है। यदि यहां परमिट आधारित खेती शुरू की जाए, तो यह स्थानीय किसानों की आय बढ़ाने के साथ दवा उद्योग के लिए भी सहायक सिद्ध होगी।

# अरुण बने भाजयुमो के प्रदेश प्रवक्ता

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने अरुण शर्मा को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। अरुण शर्मा पूर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और विभिन्न हिंदूवादी संगठनों से जुड़े रहे हैं तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से प्रेरित होकर लंबे समय से संगठनात्मक कार्य कर रहे हैं। उनकी अनुभवशीलता और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। नियुक्ति पर अरुण शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, संगठन महामंत्री सिद्धार्थ, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष सनी शुक्ला और जिला सिरमौर के वरिष्ठ नेताओं का धन्यवाद किया। अरुण शर्मा ने कहा कि वे संगठन की विचारधारा, राष्ट्रवाद और युवा शक्ति को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य निष्ठा से करेंगे। उन्होंने युवाओं को संगठित कर पार्टी की नीतियों को समाज तक ले जाने का संकल्प भी व्यक्त किया।

**सहायक** सोलन एंपावरमेंट एंड डेवलपमेंट ने बताया पोषक तत्वों का महत्व

# शुगर और हाई बीपी के लिए रामबाण काला गेहूं

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश में काले गेहूं की पैदावार छोटे स्तर पर किसानों द्वारा की जा रही है और कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में इस पर शोध जारी है।

पिछले दिनों सोलन एंपावरमेंट एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन की तरफ से आयोजित कार्यक्रम



किसानों को काले गेहूं की खेती के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही इसके लाभ और विपणन की भी जानकारी दी गई। इसकी पैदावार सामान्य गेहूं के बराबर हो सकती है, लेकिन पोषक तत्वों की अधिकता के कारण इसका महत्व अधिक है। भविष्य में यह प्रदेश में जैविक खेती के लिए एक अच्छा विकल्प बन सकता है। काला गेहूं की एक विशेष किस्म है जो अपने काले रंग और उच्च पोषण मूल्य के कारण जानी जाती है। इसमें



एंथोसायनिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं, जो शरीर को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं, खासकर डायबिटीज और रक्तचाप को नियंत्रित करने में यह साधारण गेहूं की तुलना में अधिक आयरन, जिंक, फाइबर और आवश्यक अमीनो एसिड से भरपूर होता है, और इसमें शुगर की मात्रा कम होती है. इसकी खेती मुख्य रूप से उत्तरी राज्यों में होती है और यह किसानों के लिए पारंपरिक गेहूं की तुलना में अधिक लाभदायक भी काला गेहूं एंथोसायनिन और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर, दिल के स्वास्थ्य, मधुमेह नियंत्रण, पाचन और वजन प्रबंधन में मदद करता है, साथ ही त्वचा और बालों को भी लाभ पहुंचाता है। इसके प्रमुख फायदे में उच्च पोषण, फाइबर और प्रोटीन की मात्रा शामिल है, जो इसे एक स्वास्थ्यवर्धक अनाज बनाती है। हालांकि, इसके कोई प्रमुख नुकसान नहीं हैं, लेकिन गर्भवती महिलाओं को डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए, और जो किसान इसे उगाते हैं उन्हें यह ध्यान रखना चाहिए कि सामान्य गेहूं की तुलना में इसकी पैदावार कम होती है।

प्रोटीन और फाइबर की वजह से यह पेट को लंबे समय तक भरा रखता है, जिससे ओवरईटिंग से बचा जा सकता है और वजन घटाने में मदद मिलती है। इसमें मौजूद विटामिन ई और जिंक त्वचा को निखारने और बालों की ग्रोथ बढ़ाने में सहायक होते हैं। शरीर में आयरन की कमी को दूर करने और ताकत देने में मदद करता है, जिससे ऑक्सीजन लेवल भी कंट्रोल रहता है। डिप्टी डायरेक्टर कृषि डॉ देवराज कश्यप का कहना है की शोध में पाया गया है कि काले गेहूं में एंथोसायनिन और अन्य एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर में सूजन को कम करने और कैंसर जैसी बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद मैग्नीशियम और अन्य तत्व कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करते हैं और रक्तचाप को कम करने में सहायक होते हैं, जिससे हृदय संबंधी रोगों का खतरा कम होता है। इसका उच्च फाइबर और प्रोटीन कंटेंट ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है, जो मधुमेह रोगियों के लिए फायदेमंद है। फाइबर की अधिकता के कारण यह आंतों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है।

# सुक्खू की प्रदेश कांग्रेस सरकार आर्थिक दिवालिया: विनय गुप्ता

**अनंत ज्ञान, नाहन**

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विनय गुप्ता ने राज्य की सुक्खू सरकार पर आर्थिक दिवालिया होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पूरा देश धनतेरस और दिवाली का उत्सव मना रहा है, लेकिन प्रदेश सरकार जीवन के अंतिम पड़ाव में जी रहे पेंशनर्स को सड़कों पर धक्के खाने के लिए मजबूर कर रही है। अपनी जायज हकों की मांग को लेकर वह लंबे समय से प्रदर्शन कर रहे हैं। दुख इस बात का है कि सरकार उनकी मांगों को अनसुना करके उन्हें बुढ़ापे में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन के लिए मजबूर कर रही है।



पेंशनर्स सरकार से अपना हक मांग रहे हैं और मुख्यमंत्री अपने मंत्रियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करके पल्ला झाड़ रहे हैं। विनय गुप्ता ने कहा कि क्या किसी मंत्री की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करके पेंशनर्स की समस्या का हल होगा? पेंशनर अपने हक के लिए सड़कों पर हैं न कि सरकार के आपसी कलह के निवारण के लिए। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि सरकार के मंत्रियों द्वारा एक दूसरे पर आरोप लगाने से पेंशनर्स की समस्या का कोई हल नहीं निकलेगा। सरकार झूठे विज्ञापनों, तथ्यहीन आंकड़ों से अपनी सरकार की पीठ भले थपथपाले, लेकिन सच यही है कि इस सरकार की नाकामी का खामियाजा पूरा प्रदेश भुगत रहा है। आपदा से सरकारी इंफ्रास्ट्रक्चर व आम लोगों को जो नुकसान हुआ है उसकी एक पैसे की भरपाई अभी तक नहीं हो पाई है। बारिश का मौसम बीत गया है और सर्दियां सिर पर आ गई हैं लेकिन आपदा से किया गया कोई भी वादा सरकार निभा नहीं पाई है। विनय गुप्ता ने कहा कि पेंशनर्स जीवन भर प्रदेश सरकार और प्रदेशवासियों की सेवा करने के बाद उम्र के इस पड़ाव पर सड़कों पर हैं। 3 साल होने को हैं और उन्हें अपने मेडिकल बिलों का भुगतान तक नहीं हुआ है। इस उम्र में इलाज का खर्च भी बढ़ जाता है। ऐसे में तीन-तीन साल तक इलाज के बिलों के भुगतान की राह तकना किसी भी रिटायर्ड कर्मचारी के लिए बहुत मुश्किल है, ऐसे में सरकार द्वारा उन्हें दवाई के लिए तरसाना सरकार की संवेदनहीनता की निशानी है।

## न्यूज ब्रीफ

### दिवाली के दिन मां की गला रेतकर हत्या

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** दीपावली के दिन सोमवार सुबह एक बेटे ने अपनी मां की चाकू से गला काटकर हत्या कर दी। चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर घर पहुंचे, तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा खुलवाने की कोशिश की गई, लेकिन किसी ने भी दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद लोग छत के रास्ते घर के अंदर पहुंचे, तो देखा कि वहां महिला का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा था। मौके से महिला का आरोपी बेटा फरार हो चुका था। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने बताया कि 'आरोपी मानसिक तौर पर परेशान है, पुलिस के पहुंचने से पहले ही वह फरार हो गया था। पुलिस ने मौके पर साक्ष्य जुटाए हैं। मृत महिला की पहचान सेक्टर-40 निवासी सुशीला नेगी (39) के रूप में हुई। वह मूल रूप से उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल के बरसी भटोली की रहने वाली थी। बीते कई सालों से वह सेक्टर-40 में रह रही थी। हत्या महिला के छोटे बेटे रवि ने की है'। पुलिस ने बताया कि 'आरोपी पंजाब यूनिवर्सिटी का मुलाजिम है, आरोपी की पत्नी और बेटी अलग रहती हैं। 6 माह पहले ही बेटा अपनी मां के पास रहने आया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी वारदात में प्रयोग किया गया चाकू भी अपने साथ ले गया। पुलिस ने इस मामले में टीमें गठित कर दी हैं। पुलिस का कहना है कि मृत महिला के बड़े बेटे और आरोपी रवि की पत्नी से भी पूछताछ की जा रही है। आरोपी को जल्दी गिरफ्तार किया जाएगा'।

### छठ पूजा पर पूर्वांचल जाने के लिए बस व ट्रेन फुल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** उद्योग नगरी बहादुरगढ़ और बद्दी औद्योगिक क्षेत्र से छठ पूजा के लिए बिहार जाने वालों की भीड़ लगनी शुरू हो गई है। यहां काम करने वाले लोग और उनके परिजन बस, मेट्रो, रेलवे व दूसरे निजी वाहनों से पूर्वांचल स्थित अपने घरों को जा रहे हैं। यहां के टीकरी बार्डर, एमआईई, पुराना बस स्टैंड, देवीलाल पार्क, जाखौदा, रोहद आदि में स्थित टूर-ट्रैवलर कार्यालयों में पिछले दो-तीन दिन से पूर्वांचल वासियों की भीड़ जुट रही है। वे अपना सामान बैगों में पैक करके घर लौट रहे हैं। सभी लोग छठ पूजा के लिए घर जा रहे हैं। वह यहां पर अपने परिवार व सगे संबंधियों के साथ यह पर्व मनाएंगे। हर रोज पांच से सात बस प्राइवेट तौर पर जा रही हैं। 1800 से दो हजार रुपए किराया लिया जा रहा है। छठ पूजा पर्व नजदीक आने से हर रोज टूर-ट्रैवलर वाले 200 से 500 रुपए किराया बढ़ा रहे हैं। बिहार जाने वाले लोगों को सुबह ही बुला लिया जाता है और फिर यहां पर पूरी बस की सीटिंग फुल होने के बाद ही रवाना किया जाता है। इससे पूर्वांचलवासी काफी परेशान हैं। पूर्वांचल निवासी प्रदीप कुमार, शांति देवी रामदीन ने बताया कि मंगलवार को वे सुबह से ही बस का इंतजार कर रहे हैं। सुबह 11 बजे का समय दिया था। दोपहर के एक बज गए हैं लेकिन अब तक बस नहीं आई, ऐसे में वे समय पर बस नहीं पहुंच पाएंगे। ट्रेवलिंग एजेंसी कर्मचारी ने बताया कि बस की सीटिंग फुल होने के बाद रवाना कर दिया जाएगा। परिवहन के तमाम साधनों में बहुत भीड़ जुट रही है। साइबर कैफे के संचालक मनोज कुमार ने बताया कि सभी गाड़ियां फुल हैं। पूर्वांचल की ओर जाने वाली किसी भी गाड़ी में सीट उपलब्ध नहीं है।

### हाई कोर्ट ने 76 वकीलों को बनाया सीनियर एडवोकेट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय ने 76 वकीलों को सीनियर एडवोकेट के तौर पर नॉमिनेट किया है। अधिवक्ता अधिनियम, 1961 की धारा 16(2) के तहत इनकी चयन प्रक्रिया में कड़े नियम अपनाए गए हैं। अब इन सीनियर एडवोकेट को हर साल कुछ गरीबों के केस मुफ्त में लड़ने होंगे। वकीलों को वर्ष 2021 के बाद उच्च न्यायालय ने इस तरह का पहला पदनाम दिया है। सीनियर एडवोकेट के लिए वर्ष 2024 में 210 आवेदन मिले थे। अब एक कमेटी ने बातचीत के बाद 64 उम्मीदवारों को मंजूरी दे दी, तथा पूर्ण न्यायालय ने अतिरिक्त 12 को मंजूरी दे दी। इस कदम से उच्च न्यायालय में सीनियर एडवोकेट की कुल संख्या 300 से अधिक हो गई है। इन पदनामों के साथ मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीशों की ओर से एक प्रमुख शर्त जुड़ी है, प्रत्येक सीनियर एडवोकेट को प्रतिवर्ष कम से कम दस फ्री कानूनी सहायता मामलों का संचालन बिना फीस के करना होगा। कम से कम पांच महिला अधिवक्ताओं को भी सीनियर एडवोकेट बनाया गया है। इनमें पुनीत कौर सेखों, मोनिका छिब्बर, पूजा शर्मा (पूजा चोपड़ा), दिव्या शर्मा और प्रोमिला नैन के नाम शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री सैनी ने वृद्धाश्रम में मनाया दीपोत्सव, वृद्धजनों संग बांटी खुशियां


पंचकूला के सेक्टर-15 स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों के साथ दीपोत्सव मनाया।

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीपावली के पावन अवसर पर पंचकूला के सेक्टर-15 स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों के साथ दीपोत्सव मनाया।

इस अवसर पर उनके साथ उनकी धर्मपत्नी सुमन सैनी भी उपस्थित रहीं। मुख्यमंत्री ने वृद्धजनों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं, उन्हें मिठाइयां वितरित कीं और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री सैनी ने वृद्धजनों के साथ आतिशबाजी कर इस उत्सव की खुशियां सांझा कीं। उन्होंने कहा कि पंचकूला के वृद्धाश्रम में पहुंचकर सम्माननीय वृद्धजनों के साथ दीपोत्सव मनाना एक अत्यंत आत्मीय, प्रेरणादायी और आनंददायक अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि यह पर्व प्रेम, स्नेह और मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक है, जो हमें यह सिखाता है कि सच्चा उत्सव वही है, जिसमें हर चेहरे पर मुस्कान और हर हृदय में अपनत्व का प्रकाश झिलमिलाता हो। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, जिला रेड क्रॉस सोसायटी पंचकूला की सचिव सविता अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

## राजयोगी बृजमोहन भाई को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सुख शांति भवन फेज़ 7 में कल दिवाली का समारोह एक अनूठे आध्यात्मिक रंग में सम्पन्न हुआ।

इस पावन अवसर पर दिवाली के दीप प्रज्ज्वलित किए गए और इस संस्था के पूर्व महासचिव आदरणीय राजयोगी ब्रह्माकुमार बृजमोहन भाई जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मोहाली क्षेत्र के सैकड़ों भाई-बहनों ने भाग लिया जिन्होंने दीप प्रज्ज्वलन के साथ दिवाली के आध्यात्मिक महत्व को आत्मसात किया। मोहाली-रोपड़ सर्कल के राजयोग केंद्रों की संचालिका ब्रह्माकुमारी प्रेमलता बहन जी ने इस अवसर पर संदेश दिया कि दिवाली असल में आध्यात्मिक प्रकाश का पर्व है। अपनी आत्मा की ज्योति को जगाने व बाहरी सफाई के साथ साथ मन के विचारों को शुद्ध करें। इस पर्व पर नकारात्मक वृतियों का त्याग करें। इस अवसर पर रोपड़ राजयोग केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी डॉ. रमा दीदी ने कहा कि आत्म-ज्योति जगाने हेतू दीपराज परमज्योति परमात्मा पिता से राजयोग के माध्यम से सम्बंध स्थापित कर अन्य आत्माओं का दीपक जगायें और निर्विकारी जीवन जीयें तभी हम विश्व को पुनः दिव्यता की ओर ले जा सकते हैं।

इस अवसर पर पंजाब जोन के मीडिया सर्विस विंग के जोनल कोऑर्डिनेटर ब्रह्माकुमार कर्मचंद ने ब्रह्माकुमार बृजमोहन भाई जी जिन्होने अभी 9 अक्तूबर को देह त्याग दी थी, उनको को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और बताया कि वे एक आदर्श राजयोगी, कुशल वक्ता, लेखक, मार्गदर्शक, समाज सुधारक व संस्था के मुख्य प्रवक्ता थे, जिन्होंने पंजाब समेत विश्वभर में परमात्मा शिव का संदेश पहुंचाया।

## फरीदाबाद में 15 फुट ऊंचे आशादीप का प्रज्वलन-प्रकाश, एकता व आशा का महोत्सव: विपुल गोयल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

प्रकाश के पावन पर्व दीपावली के शुभ अवसर पर, हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल की गरिमामयी उपस्थिति में फरीदाबाद के लेबर चौक पर 15 फुट ऊंचे भव्य आशादीप के प्रज्वलन का भव्य आयोजन हुआ।

यह दीप न केवल एक प्रतीक है, बल्कि एकता, सद्भाव और आशा के अमृतमयी प्रकाश का संदेशवाहक बनकर समूचे फरीदाबाद को आलोकित करेगा। विपुल गोयल ने दीप प्रज्वलन के अवसर पर अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि दीपावली का पर्व अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और निराशा पर आशा की विजय का प्रतीक है। जब हम समाज के प्रत्येक वर्ग तक इस प्रकाश को पहुंचाने का संकल्प लेते हैं, तभी यह पर्व अपने सच्चे अर्थों में सार्थक होता है। इस भव्य आयोजन में स्थानीय नागरिकों, महिलाओं, युवाओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसने इस आयोजन को एक जनोत्सव का स्वरूप प्रदान किया। दीप जलाओ, आशा बढ़ाओ के गूंजते नारों ने वातावरण को उत्साह और उमंग से सराबोर कर दिया। यह 15 फुट ऊंचा आशादीप, परंपरा और पर्यावरणीय चेतना के अद्भुत समन्वय का प्रतीक है। जिसे पुराने घी और तेल के डिब्बों से रचनात्मक ढंग से निर्मित किया गया। आयोजन स्थल पर भजनों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और दीपदान के माध्यम से प्रेम, भाईचारे और सकारात्मकता का संदेश प्रसारित हुआ। फरीदाबाद वासियों ने इस पहल की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए इसे न केवल दीपावली का उत्सव, बल्कि अमृतकाल की भावना और नए भारत की आशा का प्रतीक बताया। गोयल ने कहा कि यह आशादीप हमारे उस अटूट संकल्प का प्रतीक है, जो प्रत्येक फरीदाबादी के हृदय में धड़कता है। फरीदाबाद को न केवल हरियाणा, बल्कि पूरे देश में उत्कृष्टता का पर्याय बनाना। दीपावली का अर्थ केवल घरों को रोशन करना नहीं, अपितु समाज और राष्ट्र में नई ऊर्जा, प्रेरणा और अवसरों का प्रकाश फैलाना है। जब हर कोई अपने घर को सजाने में व्यस्त है, हम सब मिलकर अपने शहर को आलोकित करने का महान कार्य कर रहे हैं। यही फरीदाबाद की पहचान है। यह शहर उत्सव भी मनाता है और विकास का दीप भी प्रज्वलित करता है।

## सीआरबी पब्लिक स्कूल सेक्टर 7-बी में दिवाली अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ मनाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



सीआरबी पब्लिक स्कूल सेक्टर 7-बी में दीपावली उत्सव अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी झालरों, दीपों और खूबसूरत रंगोलियों से सजाया गया, जिससे पूरा माहौल त्योहार की खुशियों से सराबोर हो गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के डायरेक्टर नवीन कुमार मित्तल, प्रधानाचार्या संगीता मित्तल और किंडरगार्टन के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा गणेश और लक्ष्मी जी की पूजा से हुई। दीपावली उत्सव में किंडरगार्टन से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने विभिन्न धार्मिक गीतों पर नृत्य किए और 'लव-कुश' नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अलावा, विद्यालय में दिया डेकोरेशन, कैंडल डेकोरेशन, वॉल हैंगिंग, तोरण और रंगोली मेकिंग जैसे कई रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। नन्हे बच्चों ने भी कार्ड मेकिंग और मिठाइयां बनाने की कला में भाग लिया। प्रधानाचार्या संगीता मित्तल ने बच्चों को दीपावली के धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व के बारे में बताया और पटाखों से होने वाले प्रदूषण से बचने तथा पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हरित दीपावली मनाने की प्रेरणा दी।

## आदर्श पब्लिक स्कूल में मनाया दिवाली समारोह

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आदर्श पब्लिक स्मार्ट स्कूल ने प्रकाश पर्व दिवाली बड़े उत्साह के साथ मनाई। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए मोमबत्ती, दीया और गमले सजाने जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। मुख्य आकर्षण रंगोली प्रतियोगिता रही। सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सुंदर रंगोली बनाई। कक्षा 8 के छात्र प्रांजल की टीम को प्रथम घोषित किया गया। प्रधानाचार्य श्रीमती सुनीता ठाकुर ने विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत की सराहना की। प्रधानाचार्य सुनीता ठाकुर ने उन्हें दिवाली का महत्व भी बताया। इस अवसर पर वायु और ध्वनि प्रदूषण के नुकसान के बारे में सभी को जागरूक करने के लिए पटाखों को न कहें विषय पर एक रैली का भी आयोजन किया गया।

## किंडर कैसल प्ले स्कूल का 'ग्लिटरट्टी' दिवाली फेस्टिवल रहा यादगार आयोजन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



किंडर कैसल प्ले स्कूल का भव्य दिवाली उत्सव, ग्लिटरट्टी-फैमिली फेस्ट, आयोजित किया गया, जो बेहद सफल रहा और ढकोली और आसपास के इलाकों से सैकड़ों परिवारों ने इसमें हिस्सा लिया। पूरा दिन का कार्यक्रम संगीत, हंसी, रचनात्मकता और उत्सव के उत्साह का एक जीवंत केंद्र बन गया।

पीरमुच्छला में सबसे बड़ी प्रदर्शनी के रूप में प्रचारित, यह उत्सव अपनी विविध गतिविधियों और आकर्षणों के साथ उम्मीदों पर खरा उतरा। कपड़ों, किताबों और स्वादिष्ट व्यंजनों से भरपूर 40 से ज़्यादा जीवंत स्टॉलों से लेकर बच्चों के लिए एक समर्पित खेल क्षेत्र, रोमांचक प्रतियोगिताओं और एक लाइव बैंड प्रदर्शन तक, हर आयु वर्ग के लिए कुछ न कुछ था। इस दिन एक अनोखा उभरते व्यवसायी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जहां यूकेजी के छात्रों ने आत्मविश्वास से अपने हस्तनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री की, यह एक ऐसी पहल थी जो मनमोहक और प्रेरणादायक दोनों थी। इस क्षेत्र में पहली बार आयोजित डिज्नी परेड ने लोगों को खूब आकर्षित किया, जिसमें मिकी, मिन्नी, गूफी, हल्क, स्पाइडरमैन जैसे कई लोकप्रिय किरदारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिससे बच्चे प्रसन्न हुए और शाम में जादू का एक नया रंग भर गया। अन्य मुख्य आकर्षणों में 92.7 एफएम द्वारा एक विशेष रेडियो जॉकी सत्र, एक जीवंत डीजे पार्टी, वैलेट पार्किंग, 500 से अधिक गुब्बारों से गुब्बारा उड़ाना और लग्ज़री कारों का प्रदर्शन शामिल था। किंडर कैसल प्ले स्कूल की प्रधानाचार्या जैस्मीन कौर ने कहा, ग्लिटरट्टी केवल दिवाली का उत्सव नहीं था, बल्कि हमारे समुदाय और बच्चों की असीम क्षमता का उत्सव था।

## देश-विदेश

# फेस्टिव सीजन में रिकॉर्ड 5.40 लाख करोड़ रुपए की बिक्री

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**नवरात्र** से लेकर दीपावली तक चलने वाले फेस्टिव सीजन में गुड्स की बिक्री रिकॉर्ड 5.40 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान करीब 65,000 करोड़ रुपए की सर्विसेज भी ग्राहकों की ओर से खरीदी गई हैं। यह जानकारी इंडस्ट्री द्वारा जारी आंकड़ों में दी गई। देश के फेस्टिव सीजन के इतिहास में यह बिक्री का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) की रिसर्च विंग, कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसायटी के अनुसार, यह पिछले साल नवरात्र से दीपावली की अवधि में हुई 4.25 लाख करोड़ रुपए की फेस्टिव सेल्स की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है। सर्वेक्षण में बताया कि इसमें रिटेल की हिस्सेदारी 85 प्रतिशत रही है। ऑफलाइन मार्केट में भी मांग अच्छी रही है। कन्फेक्शनरी, होम डेकोर, जूते-चप्पल, रेडीमेड कपड़े, टिकाऊ उपभोक्ता सामान और दैनिक उपयोग की वस्तुओं जैसी प्रमुख उपभोक्ता और खुदरा श्रेणियों में जीएसटी दरों में कमी से मूल्य प्रतिस्पर्धा में काफी सुधार हुआ, जिससे खरीदारी में इजाफा हुआ है। सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 72 प्रतिशत व्यापारियों ने बताया कि उनकी बिक्री में वृद्धि सीधे तौर पर जीएसटी में कमी के कारण हुई। दिवाली के व्यापार में उछाल से लॉजिस्टिक्स, परिवहन, खुदरा सहायता, पैकेजिंग और डिलीवरी जैसे क्षेत्रों में लगभग 50 लाख लोगों के लिए अस्थायी रोजगार पैदा होने का अनुमान है। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिका H1B वीजा के लिए नहीं देने होंगे 1 लाख डॉलर

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका ने H1B वीजा चाहने वालों के लिए बड़ी राहत दी है। अमेरिकी इमिग्रेशन विभाग ने कहा कि जो लोग अपने वीजा का 'स्टेटस बदलना' या अमेरिका में अपने रहने की अवधि बढ़ाना चाहते हैं, उन पर 1 लाख डॉलर की नई फीस लागू नहीं होगी। सरल भाषा में कहें तो, अगर कोई पहले एफ-1 छात्र वीजा या एल-1 वीजा पर अमेरिका आता है और बाद में H1B वीजा में बदलता है, तो उसे यह भारी शुल्क नहीं देना पड़ेगा। वह H1B वीजा लेकर अमेरिका में वापस आ सकता है बिना कोई जुर्माना दिए। बढ़ी हुई फीस का नियम 21 सितंबर, 2025 के बाद दाखिल होने वाले नए H1B वीजा आवेदन पर लागू होगा। पहले से जारी वीजा या पहले दाखिल हुए आवेदन पर यह लागू नहीं होगा। हर साल H1B वीजा पर 65,000 नए आवेदन की सीमा होती है। अमेरिका के किसी विश्वविद्यालय से मास्टर या उससे ऊपर की डिग्री वाले 20,000 आवेदन इस सीमा से बाहर हैं। (अनंत ज्ञान)

## पाक में आतंकवादियों ने सेना को बनाया निशाना, 5 सैनिकों की मौत

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** में आतंकियों ने सरकारी बलों को लगातार निशाना बनाया है। देश की सुरक्षा व्यवस्था के लिए यह गंभीर चिंता का विषय बन गया है कि सेना पर हमले लगातार हो रहे हैं, जिससे क्षेत्र में अस्थिरता का माहौल बढ़ रहा है। मंगलवार को बलूचिस्तान के एक हिस्से में बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने पाकिस्तानी सेना पर हमला किया, जिसमें 5 सैनिकों की जान चली गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हमला पाकिस्तान की सुरक्षा बलों के लिए बड़ी चुनौती साबित हुआ है। यह हमला सोमवार को हुए एक और घातक हमले के ठीक बाद आया है, जब खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने सेना को निशाना बनाया था। उस हमले में भी 5 सैनिक शहीद हुए थे। वहीं, स्थानीय सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 8 आतंकियों को मार गिराने का दावा किया था। उस दिन टीटीपी आतंकवादियों ने सुई नॉर्दर्न गैस पाइपलाइन (एसएनजीपीएल) को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की थी, जिसके बाद वहां तैनात जवानों पर हमला हुआ। (अनंत ज्ञान)

## सेंसेक्स 63 अंक चढ़कर 84,426 पर बंद, निफ्टी में भी रही तेजी



**एजेंसी, मुंबई**

दिवाली के मौके पर 21 अक्तूबर को मुहूर्त ट्रेडिंग में सेंसेक्स 63 अंक ऊपर 84,426 पर बंद हुआ। निफ्टी में 25 अंकों की तेजी रही। ये 25,869 के स्तर पर बंद हुआ। ऑटो, मीडिया और आईटी शेयरों में तेजी रही। पीएसयू बैंक और रियल्टी सेक्टर गिरे।

पिछले साल मुहूर्त ट्रेडिंग से अब तक सेंसेक्स 4702 अंक (5.90%) चढ़ा है। वहीं निफ्टी में 1565 अंक (6.44%) का उछाल रहा। 2024 में 1 नवंबर को मुहूर्त ट्रेडिंग हुई थी। तब सेंसेक्स 335 अंक की बढ़त के साथ 79,724 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में 99 अंक की उछाल रही, ये 24,304 पर बंद हुआ था। आम तौर पर मुहूर्त ट्रेडिंग शाम को होती है, लेकिन इस बार दोपहर 1:45 बजे से 2:45 बजे तक एक घंटे के लिए बाजार को खोला गया है। मुहूर्त ट्रेडिंग की परंपरा 69 साल पुरानी है। हिंदू रीति-रिवाजों में मुहूर्त एक ऐसा समय होता है, जब ग्रहों की चाल अनुकूल मानी जाती हैं। इसलिए शेयर बाजार के इन्वेस्टर्स इस दिन को निवेश की शुरुआत के लिए बेहद खास मानते हैं। ज्यादातर लोग देवी लक्ष्मी के प्रतीक के रूप में स्टॉक खरीदना पसंद करते हैं। (अनंत ज्ञान)

## मुश्किल लग रहा यूक्रेन के लिए रूस से युद्ध जीतना: ट्रंप

**एजेंसी, कीव**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें लगता है कि यूक्रेन, रूस को हरा सकता है, लेकिन अब उन्हें संदेह है कि ऐसा होगा।

ट्रंप की टिप्पणियों ने कीव के प्रति संशय को और बढ़ा दिया है, क्योंकि वह आने वाले हफ्तों में हंगरी के बुडापेस्ट में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ युद्ध समाप्त करने के मुद्दे पर आमने-सामने बातचीत करने की योजना बना रहे हैं। वे अब भी इसे जीत सकते हैं. मुझे नहीं लगता कि वे जीतेंगे, लेकिन वे अब भी इसे जीत सकते हैं। ट्रंप ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के साथ व्हॉइट हाउस में बैठक की शुरुआत में संवाददाताओं से कहा। ट्रंप ने पिछले महीने अपने लंबे समय से चले आ रहे रुख को पलट दिया था कि यूक्रेन को जमीन देनी होगी और वह रूस से खोई हुई सारी जमीन वापस जीत सकता है। लेकिन पिछले हफ्ते पुतिन के साथ एक लंबी बातचीत और उसके बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बैठक के बाद, ट्रंप ने एक बार फिर अपना रुख पलट दिया और कीव और मॉस्को से 'जहां हैं वहीं रुकें' और अपने क्रूर युद्ध को समाप्त करने का आह्वान किया। (अनंत ज्ञान)

## बिहार में पहली बार विपक्षी गठबंधन-एनडीए का सीएम फेस नहीं

### महागठबंधन में खींचतान, 243 सीटों पर 254 प्रत्याशी उतारे, 12 जगह एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे

**एजेंसी, पटना**

**बिहार** विधानसभा चुनाव के दूसरे और आखिरी फेज के लिए नॉमिनेशन की प्रक्रिया सोमवार को खत्म हो गई। चुनाव आयोग के मुताबिक, पहले फेज के चुनाव के लिए कुल 1,314 उम्मीदवार मैदान में हैं। 300 से अधिक प्रत्याशियों के पर्चे खारिज हो गए। 61 प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए। 243 सदस्यीय विधानसभा की 121 सीटों पर 6 नवंबर और दूसरे फेज की 122 सीटों के लिए 11 नवंबर को मतदान होना है। दूसरे फेज के प्रत्याशियों की स्थिति 23 अक्तूबर तक साफ होगी। विपक्षी गठबंधन में खींचतान, आरजेडी ने आखिरी दिन लिस्ट जारी की। दूसरे फेज के आखिरी दिन तक विपक्षी गठबंधन में फूट, टिकट बंटवारे पर नाराजगी और अंदरूनी बगावत दिखी। आरजेडी ने तो नॉमिनेशन का समय खत्म होने से 7 घंटे पहले, पहली बार 143 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की। इससे पहले उसके प्रत्याशी नॉमिनेशन भरते रहे। 243 सीटों पर 254 प्रत्याशी मैदान में उतार दिए हैं। यह विकासशील इंसान पार्टी की वजह से हुआ है। आरजेडी ने 143, कांग्रेस ने 61, सीपीआई (एम) ने 20, सीपीआई ने 9, सीपीएम ने 6 और मुकेश सहनी की पार्टी ने 15 प्रत्याशी हैं। इस तरह इनकी संख्या 254 हो जाती है। 12 प्रत्याशी एक दूसरे के खिलाफ उतारे हैं। बिहार चुनाव में ऐसा पहली बार हुआ कि एनडीए और विपक्षी गठबंधन ने टिकट बंटवारे को लेकर कोई ज्वाइंट प्रेस कॉन्फेंस नहीं की। सभी दल नॉमिनेशन के आखिरी समय तक लिस्ट जारी करते रहे। एनडीए और महागठबंधन में सीएम फेस को लेकर खींचतान है। पहली बार दोनों तरफ से कोई नाम सामने नहीं आया।आरजेडी इस बार भी सबसे ज्यादा सीटों पर लड़ रही है, लेकिन कांग्रेस और वामपंथी दलों के साथ शीट शेयरिंग पर तनातनी दिखी। कांग्रेस को पिछली बार मिली 66 में से सिर्फ 19 सीटें मिली थीं। इसलिए इस बार उन्हें 61 पर सीमित कर दिया गया। सीपीआई ने पिछली बार शानदार प्रदर्शन किया (19 में से 12 सीटें), इस बार 20 सीटें मिलीं। विकासशील इंसान पार्टी जो पिछली बार एनडीए में थी, इस बार विपक्षी गठबंधन के साथ है। (अनंत ज्ञान)

## मुंबई के गोरेगांव में चोर समझकर युवक की पीट-पीटकर हत्या, चार आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के गोरेगांव इलाके में कुछ लोगों ने एक युवक को चोर समझकर पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान 26 वर्षीय हर्षल परमा के रूप में हुई है। यह घटना तब हुई जब हर्षल किसी काम से गोरेगांव के एक इलाके से गुजर रहा था। उसी दौरान कुछ लोगों ने उस पर चोरी का शक जताया। बिना किसी पुख्ता सबूत के लोगों ने पहले उसे पकड़ा और फिर बेरहमी से पिटाई कर दी। पिटाई इतनी भयानक थी कि युवक की मौके पर ही हालत गंभीर हो गई। घायल अवस्था में उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। (अनंत ज्ञान)

## मार्च तक देश से खत्म होगा नक्सलवाद: राजनाथ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**लद्दाख** के हॉट स्प्रिंग्स में आज ही के दिन चीनी सैनिकों के हमले में 10 बहादुर पुलिस कर्मियों की शहादत की याद में पुलिस स्मृति दिवस मनाया जा रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके बलिदानियों को याद किया।

उन्होंने कहा कि सेना भारत की भौगोलिक अखंडता की रक्षा करती है, तो पुलिस भारत की सामाजिक अखंडता की रक्षा करती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि देश से नक्सलवाद की समस्या अगले साल मार्च तक समाप्त हो जाएगी। राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा के लिए पुलिस और अर्धसैनिक बलों को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने कहा कि आज पुलिस को न केवल अपराध से, बल्कि धारणा से भी लड़ना है। यह अच्छी बात है कि हमारी पुलिस अपने आधिकारिक कर्तव्य के साथ-साथ अपने नैतिक कर्तव्य का भी बखूबी निर्वहन कर रही है। आज देश के नागरिकों को विश्वास है कि अगर कुछ गलत होता है, तो पुलिस उनके साथ खड़ी रहेगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस देश की सुरक्षा में अपने आप को समर्पित कर देने वाले हमारे पुलिस और सभी अर्धसैनिक बलों के जवानों के त्याग को याद करने का दिन है। (अनंत ज्ञान)



रक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर अर्धसैनिक बलों को श्रद्धांजलि दी।

## परेशानी: हरियाणा के 15 जिलों में 500 तक पहुंचा, सुप्रीम कोर्ट की रोक के बावजूद रातभर आतिशबाजी

# दिल्ली-एनसीआर में हवा हुई जहरीली, एक्यूआई 400 पार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली-एनसीआर** में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ दिवाली की रातभर आतिशबाजी हुई। इसका असर यह हुआ कि मंगलवार की सुबह दिल्ली-एनसीआर में धुंध नजर आई और एयर क्वालिटी जहरीली हो गई।

दिल्ली के कई इलाकों जैसे अक्षरधाम, आईटीओ, एम्स का एक्यूआई 300 के ऊपर (सुबह 8 बजे) दर्ज किया गया। 38 में से 36 मॉनिटरिंग स्टेशनों पर पॉल्यूशन का लेवल रेड जोन में रिकॉर्ड हुआ। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, सोमवार रात 10 बजे तक ही एक्यूआई 344 पार पहुंच था। द्वारका में एक्यूआई 417, अशोक विहार में 404, वजीरपुर में 423 और आनंद विहार में 404 रहा था। वहीं, हरियाणा में सोमवार रात 12 तक 15 जिलों में एयर क्वालिटी इंडेक्स खतरनाक स्तर यानी 500 तक पहुंच गया था। मंगलवार सुबह रोहतक में एक्यूआई 320, नारनौल में 311, बहादुरगढ़ में 306 रिकॉर्ड किया गया है। राजस्थान में सुबह 8 बजे तक ओवरऑल एक्यूआई 243 रहा। भिवाड़ी में राज्य में सबसे ज्यादा एक्यूआई 318 रिकॉर्ड किया गया। 200 से ऊपर एक्यूआई 'खराब' कैटेगरी में आता है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में दिवाली पर रात 8 बजे से 10 बजे तक ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति दी थी, लेकिन लोगों ने देर रात तक पटाखे फोड़े। (अनंत ज्ञान)



## स्पोर्ट्स विंडो

### डेविस कप में नहीं खेलेंगे सिनर अल्काराज स्पेन की टीम में शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** टेनिस खिलाड़ी जानिक सिनर ने इस साल के डेविस कप फाइनल्स में हिस्सा न लेने का फैसला किया है। मौजूदा चैंपियन इटली ने टीम की घोषणा करते हुए उनकी गैरमौजूदगी की पुष्टि की। वहीं, विश्व नंबर 1 कार्लोस अल्काराज स्पेन की ओर से टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। सिनर, जो वर्तमान में विश्व में दूसरे स्थान पर हैं, ने पिछले साल स्पेन में इटली को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि, इस बार वे 18 से 23 नवंबर के बीच बोलोनिया (इटली) में होने वाले फाइनल-8 में नहीं खेलेंगे। इटली के कप्तान फिलिपो वोलांद्री ने कहा,'जैनिक सिनर ने 2025 के लिए अपनी उपलब्धता नहीं दी है। डेविस कप हमेशा उनका घर रहेगा और मुझे पूरा विश्वास है कि वे जल्द ही टीम का हिस्सा होंगे। इस बीच, हमारे पास एक मजबूत टीम है जो पूरी ताकत से खेलेगी।' इटली की टीम में माटेओ बेरेटिनी, सिमोने बोलेली, फ्लावियो कोबोली, लोरेंजो मुसेत्ती और आंद्रेया वावासोरी शामिल हैं। सिनर इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन और विम्बलडन का खिताब जीत चुके हैं और चारों ग्रैंड स्लैम के फाइनल तक पहुंचे थे। वे डेविस कप से एक हफ्ता पहले ट्यूरिन में एटीपी फाइनल्स में खिताब बचाने उतरेंगे। इस टूर्नामेंट में अल्काराज भी हिस्सा लेंगे। (अनंत ज्ञान)

### हम जिस तरह खेले उससे खुश नहीं चमत्कार का इंतजार करेंगे: अटापट्टू

**एजेंसी, मुंबई।** श्रीलंका ने बांग्लादेश के खिलाफ सात रन की जीत से महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीद को जीवंत रखा है लेकिन उसकी कप्तान चमारी अटापट्टू अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश नहीं हैं। अटापट्टू ने कहा कि उनकी टीम किसी चमत्कार का इंतजार करेगी और 24 अक्टूबर को कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ अपने अंतिम लीग मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। श्रीलंका अंक तालिका में सातवें स्थान पर था, लेकिन बांग्लादेश को हराकर उसने तालिका में छठा स्थान प्राप्त कर लिया। इससे वह सेमीफाइनल के अंतिम स्थान के लिए भारत और न्यूजीलैंड के साथ दौड़ में शामिल हो गया है। अटापट्टू ने कहा, 'जिस तरह से हमने बल्लेबाजी की, मैं उससे खुश नहीं हूं, क्योंकि हमने अच्छी शुरुआत की थी लेकिन हम इसे जारी नहीं रख सके। एक कप्तान के रूप में मैं हमारे खेलने के तरीके से खुश नहीं हूं। हमारी टीम वास्तव में बहुत अच्छी है लेकिन हम अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।' (अनंत ज्ञान)

### अमेरिकी ओपन : अभय सिंह दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी माकिन से हारे

**एजेंसी, फिलाडेल्फिया।** भारत के अग्रणी खिलाड़ी अभय सिंह यहां 226,000 डॉलर इनामी पीएसए प्लेटिनम प्रतियोगिता अमेरिकी ओपन स्क्वाश के राउंड ऑफ16 में वेल्स के तीसरे वरीय जोएल माकिन से हार गए। एशियाई खेलों में कई पदक जीतने वाले और विश्व में 30वें नंबर के खिलाड़ी 27 वर्षीय अभय को सोमवार को विश्व में चौथे नंबर के खिलाड़ी से 2-11, 5-11, 4-11 से हार का सामना करना पड़ा। अभय ने पिछले महीने दोहा में खेली गई प्रतियोगिता में दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी करीम गवाद को हरा कर अपने कौशल का शानदार परिचय दिया था लेकिन वेल्स के खिलाड़ी के खिलाफ उनकी एक नहीं चली और वह किसी तरह की खास चुनौती दिए बिना हार गए। (अनंत ज्ञान)

### सारा टेलर की खूबसूरत अदा

**इंग्लैंड।** विकेटकीपर बल्लेबाज सारा टेलर इंग्लैंड की महान खिलाड़ी हैं। सारा के खेल और उनकी खूबसूरती को फैंस काफी ज्यादा पसंद करते हैं। सारा अपनी सुंदरता और स्मार्ट व्यक्तित्व के लिए भी प्रसिद्ध हैं।



# अपनी बादशाहत साबित करने के लिए भिड़ेंगे ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड

## महिला वनडे विश्व कप: दोनों टीमें अब तक रही हैं अजेय, नेट रन रेट में ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर

**अनंत ज्ञान, इंदौर**

गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड पहले ही महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं और ऐसे में बुधवार को जब ये दोनों टीम शीर्ष स्थान के लिए होने वाले मुकाबले में आमने सामने होंगी, तो उनका लक्ष्य एक-दूसरे पर अपनी बादशाहत साबित करना और अपनी जीत की लय बरकरार रखना होगा।

दोनों टीमें अब तक अजेय रही हैं। इन दोनों टीम ने अभी तक चार मैच जीते हैं जबकि दोनों का एक-एक मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड के 1.490 की तुलना में 1.818 के बेहतर नेट रन रेट के कारण अंक तालिका में शीर्ष पर है। इस मैच में जो भी टीम जीत हासिल करेगी उसका शीर्ष स्थान पक्का हो जाएगा। इसके अलावा उसे सेमीफाइनल से पहले मनोवैज्ञानिक बढ़त भी हासिल हो जाएगी। एलिसा हीली की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को अभी तक कुछ अवसरों पर चुनौती का सामना भी करना पड़ा है, लेकिन उसका प्रदर्शन शानदार रहा है। पहले दो मैच में बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे, लेकिन एशले गार्डनर और बेथ मूनी के शानदार प्रदर्शन से वह न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ जीत हासिल करने में सफल रही थी। इसके बाद लगातार दो मैच में शतक लगाने वाली कप्तान हीली और भरोसेमंद फोएबे लिचफील्ड के नेतृत्व में उनके शीर्ष क्रम ने अपनी लय हासिल कर ली है। इंग्लैंड के बल्लेबाजों को तेज गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा है और नई गेंद की विशेषज्ञ मेगन शट जैसी गेंदबाज इसका फायदा उठाने के लिए उत्सुक होंगी। ऑस्ट्रेलिया को इंग्लैंड पर मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल है, क्योंकि इस वर्ष के शुरू में उसने घरेलू मैदान पर उन्हें सभी प्रारूपों में परास्त किया था। इंग्लैंड यहां की परिस्थितियों को बेहतर तरीके से जानता है। कुछ दिन पहले उसने यहां भारत को पराजित किया था। (अनंत ज्ञान)

**संभावित टीमें**

**ऑस्ट्रेलिया:** एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), फोबे लिचफील्ड, बेथ मूनी (विकेटकीपर), जॉर्जिया वोल, एशले गार्डनर, किम गर्थ, हीथर ग्राहम, अलाना किंग, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिनक्स, एलिस पेरी, एनाबेल सदरलैंड, डार्सी ब्राउन, मेगन शट, जॉर्जिया वेयरहैम।

**इंग्लैंड:** नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, सारा ग्लेन, एमी जोन्स, हीथर नाइट, एम्मा लैम्ब, लिन्सी स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज।

मैच: दोपहर 3 बजे से

# मंधाना एकदिवसीय रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बरकरार

**एजेंसी, दुबई**

**भारतीय** उपकप्तान स्मृति मंधाना आईसीसी की मंगलवार को जारी नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बनी हुई हैं। उन्होंने इंग्लैंड की कप्तान नेट स्किवर ब्रंट पर 83 अंक की बढ़त बना ली है। गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा तीसरे स्थान पर हैं जबकि इंग्लैंड की बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एकलेस्टोन शीर्ष पर हैं। स्मृति ने मौजूदा विश्व कप में लगातार अर्धशतक बनाए हैं।



उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ इंदौर में पिछले मैच में भारत की करीबी हार के दौरान 88 रन की पारी खेली थी। स्मृति ने हाल ही में शानदार प्रदर्शन किया है। इस बाएं हाथ की बल्लेबाज को विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के लिए सितंबर 2025 के लिए आईसीसी की महीने की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर चुना गया था। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली विश्व कप में लगातार शतकों के दम पर एक स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर हैं। फॉर्म में चल रही दक्षिण अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्स (एक स्थान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर) ने भी बल्ले से अपने प्रदर्शन के दम पर शीर्ष 10 में अपनी जगह मजबूत की है। शीर्ष 10 के बाहर भी कुछ बदलाव हुए हैं, जिसमें भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर (तीन स्थान के फायदे से 15वें स्थान पर), ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज फीबी लिचफील्ड (पांच स्थान के फायदे से 17वें स्थान पर) व इंग्लैंड की अनुभवी हीथर नाइट (15 स्थान के फायदे से 18वें पायदान पर) सभी को विश्व कप में बल्ले से उनके शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। (अनंत ज्ञान)

## ऑस्ट्रेलिया सीरीज से होगा साफ, रोहित व कोहली विश्व कप तक खेलेंगे या नहीं: पोंटिंग

**एजेंसी, दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा वनडे श्रृंखला में प्रदर्शन यह निर्धारित करेगा कि यह स्टार भारतीय जोड़ी 2027 विश्व कप तक खेल सकती है या नहीं। अब केवल वनडे प्रारूप में खेलने वाले कोहली और रोहित मार्च के बाद जब अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए उतरे तो उनकी शुरुआत अच्छी नहीं रही और वे पर्थ की उछाल भरी पिच पर ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों के सामने ज्यादा देर तक नहीं टिक पाए। भारत यह मैच सात विकेट से हार गया था। तीन मैचों की श्रृंखला का दूसरा एकदिवसीय मैच वीरवार को एडिलेड में होगा, जहां की परिस्थितियां पर्थ की तुलना में भारतीय बल्लेबाजों के लिए अधिक अनुकूल होंगी। पोंटिंग ने पूर्व भारतीय मुख्य कोच रवि शास्त्री के साथ 'आईसीसी रिव्यू' पर बात करते हुए कहा कि इस दिग्गज जोड़ी को केवल 2027 वनडे विश्व कप के बारे में सोचने के बजाय अपने लिए अल्पकालिक लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए। पोंटिंग ने कहा कि केवल 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के बारे में नहीं सोचना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## शाहीन अफरीदी बने नए वनडे कप्तान, रिजवान की छुट्टी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पाकिस्तान** क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बड़ा फैसला लेते हुए मोहम्मद रिजवान को वनडे टीम की कप्तानी से हटा दिया है और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को नया कप्तान नियुक्त किया है। यह घोषणा रावलपिंडी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रहे टेस्ट मैच के पहले दिन के बाद की गई। इस मैच में रिजवान (33) और अफरीदी (25) दोनों ही खेल रहे हैं। पीसीबी की ओर से जारी बयान में रिजवान का नाम तक नहीं लिया गया और उनके हटाए जाने की कोई आधिकारिक वजह नहीं बताई गई। बोर्ड ने सिर्फ इतना कहा कि यह निर्णय इस्लामाबाद में चयन समिति और टीम के व्हाइट-बॉल कोच माइक हेसन के बीच हुई बैठक के बाद लिया गया। दरअसल, पिछले सप्ताह पीसीबी ने एक बयान में यह स्पष्ट रूप से नहीं कहा था कि रिजवान दक्षिण अफ्रीका दौरे की वनडे सीरीज में कप्तान बने रहेंगे। इसके बजाय बोर्ड ने बताया था कि हेसन ने पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी से बैठक बुलाकर नया कप्तान चुनने का अनुरोध किया है। सूत्रों के मुताबिक, यह निर्णय सिर्फ कोच की सिफारिश पर नहीं बल्कि बोर्ड के उच्च स्तर पर भी व्यापक समर्थन के साथ लिया गया है। शाहीन अफरीदी इससे पहले जनवरी 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में कप्तान बने थे, लेकिन वह कार्यकाल सफल नहीं रहा। पाकिस्तान को उस सीरीज़ में 4-1 से हार का सामना करना पड़ा था और बाद में उन्हें कप्तानी से हटा दिया गया था। तब बाबर आज़म ने दोबारा टी20 टीम की कमान संभाली थी। (अनंत ज्ञान)



## लेवरकुसेन के खिलाफ मैच के लिए उस्मान डेम्बेले की पीएसजी में वापसी

**एजेंसी, लेवरकुसेन**

**बैलन** डी'ऑर विजेता उस्मान डेम्बेले को छह हफ्ते की चोट से उबरने के बाद पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) की टीम में शामिल किया गया है। वह मंगलवार को बायर लेवरकुसेन के खिलाफ होने वाले चैंपियंस लीग मैच में वापसी कर सकते हैं। डेम्बेले की वापसी कोच लुइस एनरिके के लिए राहत लेकर आई है, क्योंकि इस सीजन टीम को लगातार चोटों से जूझना पड़ा है।

28 वर्षीय फ्रांसीसी फॉरवर्ड को सितंबर की शुरुआत में फ्रांस के लिए खेलते हुए हैमस्ट्रिंग चोट लगी थी। वह कतर के एक विशेष क्लिनिक में इलाज के बाद पिछले हफ्ते प्रशिक्षण पर लौटे। डेम्बेले ने स्ट्रासबर्ग के खिलाफ हुए रोमांचक 3-3 ड्रॉ में हिस्सा नहीं लिया था, लेकिन अब उम्मीद है कि वे जर्मनी में कुछ मिनट खेल सकते हैं। यूरोपीय चैंपियन पीएसजी इस सीजन चैंपियंस लीग में लगातार तीसरी जीत की तलाश में है। लेवरकुसेन के सेंटर-बैक और फ्रांस टीम के साथी लोइक बाडे ने कहा कि डेम्बेले को रोकने का कोई गुप्त तरीका नहीं है। वह एक संपूर्ण खिलाड़ी हैं जिनमें कई खूबियां हैं। उन्होंने बैलन डी'ऑर जीता है, इसका मतलब है कि वे असाधारण प्रतिभा वाले हैं। वे दोनों पैरों से खेल सकते हैं और उनके खेल में कोई कमजोरी नहीं है। उन्होंने कहा अिक उन्हें रोकने के लिए टीम के रूप में सोचना होगा, सामूहिक रूप से रक्षा करनी होगी और कॉम्पैक्ट रहना होगा। (अनंत ज्ञान)




## एचपीसीए ने बीसीसीआई वुमन अंडर-19 टी-20 टीम की घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बीसीसीआई वुमन अंडर-19 (टी-20) एलिट टूर्नामेंट 2025-26 के लिए एचपीसीए ने टीम घोषित कर दी है। 15 सदस्यीय टीम की कमान धन्य लक्ष्मी को सौंपी गई है। एचपीसीए टीम नागपुर में अपना पहला मुकाबला त्रिपुरा के खिलाफ खेलेगी। एचपीसीए सचिव अवनीश परमार ने बताया कि 15 सदस्यीय टीम में कैप्टन धन्य लक्ष्मी, वंशिका शर्मा, अहाना शर्मा, पल्लवी ठाकुर, वैष्णवी, अंशिका सिंह सानी, अर्चना ठाकुर, कुंजम गिरी, भूमिका नालवा, उर्वी शर्मा, कनु प्रिया, अंशिता संदल, आर्या अगिनहोत्री व वैभवी अगिनहोत्री शामिल हैं। इसके अलावा सपोर्टिंग स्टाफ में कोच तिलक राज, असिस्टेंट कोच सुनील कुमार, फिजियो रिभा शर्मा गुप्ता, ट्रेनर प्रीति रानी, वीडियो एनालिस्ट संदीप भास्कर व मैनेजर विजय कुमार शर्मा शामिल हैं। अवनीश परमार ने बताया कि हिमाचल की टीम 26 अक्तूबर को अपना पहला टी-20 मैच त्रिपुरा, 27 अक्तूबर को बंगाल, 29 अक्तूबर को असम, 31 अक्तूबर को मुंबई और 2 नवंबर को कर्नाटक के साथ खेलेगी। यह सभी मैच नागपुर में खेले जाएंगे। उन्होंने एचपीसीए टीम खिलाड़ियों को टी-20 टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं देते हुए बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। (अनंत ज्ञान)

**धन्य लक्ष्मी को सौंपी कमान, 26 से नागपुर में मुकाबला**

# ऋषभ पंत बने भारत-ए टीम के कप्तान

## साउथ अफ्रीका-ए के खिलाफ बेंगलुरु में होगी दो मैचों की सीरीज, पहला मुकाबला 30 से

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत चोट से उबरने के बाद एक बार फिर मैदान पर लौट रहे हैं। उन्हें दक्षिण अफ्रीका 'ए' के खिलाफ होने वाली दो चार दिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए भारत 'ए' टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। यह मुकाबले 30 अक्तूबर से 9 नवंबर तक बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जाएंगे।

पंत जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर टेस्ट के दौरान पैर की हड्डी में फ्रैक्चर के कारण टीम से बाहर हो गए थे। अब उनके पूरी तरह फिट होने के बाद यह सीरीज उनकी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी का प्रतीक होगी।

माना जा रहा है कि इस प्रदर्शन के बाद वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में भारत की सीनियर टीम में भी वापसी करेंगे। बीसीसीआई ने दोनों मैचों के लिए अलग-अलग टीमें घोषित की हैं। साई सुदर्शन को दोनों मैचों के लिए उपकप्तान बनाया गया है।

पहले मैच की टीम में घरेलू क्रिकेट का रंग देखने को मिलेगा क्योंकि यह मुकाबला ऑस्ट्रेलिया दौरे से टकरा रहा है। 18 वर्षीय आयुष म्हात्रे को पहली बार मौका मिला है, वहीं, राजत पाटीदार और आयुष बडोनी भी टीम में शामिल हैं। टीम में बल्लेबाजों के रूप में देवदत्त पडिक्कल, सुदर्शन, और एन. जगदीशन मौजूद रहेंगे।

ऑलराउंडर विभाग में हर्ष दुबे, तनुश कोटियन और मनव सूथार शामिल हैं, जबकि गेंदबाजी की कमान यश ठाकुर, अंशुल कम्बोज, और सरांश जैन संभालेंगे। दूसरे मुकाबले के लिए टीम में कई टेस्ट नियमित खिलाड़ी जोड़े गए हैं। केएल राहुल, ध्रुव जुरेल, अभिमन्यु ईश्वरन, प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज टीम में शामिल किए गए हैं। इसके अलावा आकाश दीप, खलील अहमद और गुर्नूर बराड़ को भी जगह मिली है। वहीं, पहले मैच की टीम से म्हात्रे, पाटीदार, कम्बोज, ठाकुर, बडोनी और सरांश को बाहर किया गया है। (अनंत ज्ञान)



**संभावित टीमें**

**ऋषभ** पंत (कप्तान/विकेटकीपर), आयुष म्हात्रे, एन. जगदीशन (विकेटकीपर), साई सुदर्शन (उपकप्तान), देवदत्त पडिक्कल, राजत पाटीदार, हर्ष दुबे, तनुश कोटियन, मनव सूथार, अंशुल कम्बोज, यश ठाकुर, आयुष बडोनी, सरांश जैन।

**ऋषभ** पंत (कप्तान/विकेटकीपर), केएल राहुल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), साई सुदर्शन (उपकप्तान), देवदत्त पडिक्कल, रुतुराज गायकवाड़, हर्ष दुबे, तनुश कोटियन, मनव सूथार, खलील अहमद, गुर्नूर बराड़, अभिमन्यु ईश्वरन, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप।

## लक्ष्य फ्रेंच ओपन के पहले दौर में हारकर बाहर

**पेरिस।** भारत के लक्ष्य सेन मंगलवार को यहां पुरुष एकल के पहले दौर में आयरलैंड के एनहात एनगुएन के खिलाफ सीधे गेम में हारकर फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गए। हांगकांग ओपन के फाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य शुरुआत से ही लय में नहीं दिखे और उन्हें दुनिया के 29वें नंबर के खिलाड़ी एनगुएन के खिलाफ 7-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। अल्मोड़ा के 24 वर्षीय लक्ष्य ने पिछले हफ्ते डेनमार्क ओपन के पहले दौर में तीन गेम में एनगुएन को हराया था लेकिन पेरिस में उनका प्रदर्शन अनियमित रहा। भारतीय खिलाड़ी ने बार-बार शॉट बाहर और नेट पर मारे जबकि अपने प्रतिद्वंदी के तीखे स्मैश के खिलाफ लय हासिल करने के लिए संघर्ष करते रहे। लक्ष्य की शुरुआत अच्छी नहीं रही और वह जल्द ही 2-7 से पिछड़ गए। रैली में अधिकतर कड़ी मेहनत करने के बावजूद लक्ष्य फिनिशिंग शॉट पर बार-बार लड़खड़ा गए। एक और शॉट बाहर मारने के बाद वह ब्रेक तक 5-11 से पीछे हो गए और फिर कभी नहीं उबर पाए। एनगुएन ने जल्द ही स्कोर 19-7 किया और फिर बेहतरीन क्रॉस कोर्ट विनर लगाकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। (अनंत ज्ञान)

**महिला वर्ल्ड कप** चौथे स्थान के लिए 4 टीमें रेस में, भारत और न्यूजीलैंड मजबूत दावेदार

# 3 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचीं, बांग्लादेश बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**महिला** वनडे वर्ल्ड कप में सेमीफाइनल की 3 टीमें कन्फर्म हो गई हैं। वहीं, बांग्लादेश की टीम नॉकआउट की रेस से बाहर हो चुकी है। सेमीफाइनल के लिए एक जगह खाली है, जिसके लिए भारत और न्यूजीलैंड मजबूत दावेदार है। वहीं पाकिस्तान और श्रीलंका के पास भी क्वालिफाई करने का मौका है। 7 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, 4 बार की विजेता इंग्लैंड और टी-20 वर्ल्ड कप में पिछली 2 बार की रनर-अप साउथ अफ्रीका ने वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड 9-9 प्वॉइंट्स के साथ टॉप-2 में है। दोनों के बीच नंबर-1 पर पहुंचने की रेस है। वहीं, साउथ अफ्रीका को नंबर-1 पर पहुंचने के लिए ऑस्ट्रेलिया को हराना होगा। सोमवार को श्रीलंका ने कोलंबो में बांग्लादेश को हरा दिया। इसके साथ बांग्लादेश टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। टीम को 6 मुकाबलों में एक ही जीत मिली, टीम अब भारत के खिलाफ आखिरी मैच जीतकर भी 4 अंक तक ही पहुंच सकेगी। श्रीलंका और पाकिस्तान की टीमें भी 1-1 मैच हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें सेमीफाइनल में पहुंचने की मजबूत दावेदार हैं। दोनों के 5 मैचों में 4 प्वॉइंट्स हैं। भारत ने श्रीलंका और पाकिस्तान को हराया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका से हार का सामना करना पड़ गया। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को हराया, लेकिन टीम ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका से हार गई। पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ टीम के मुकाबले बेनतीजा रहे। बेहतर रन रेट के कारण भारत चौथे और न्यूजीलैंड पांचवें नंबर पर हैं। (अनंत ज्ञान)



### टीम इंडिया का समीकरण

**भारत** को सेमीफाइनल में एंट्री करनी है तो न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी दोनों मैच जीतने ही होंगे। टीम बांग्लादेश को हराकर भी सेमीफाइनल में पहुंच सकती है। इसके लिए उन्हें न्यूजीलैंड के इंग्लैंड से हारने की दुआ करनी होगी, साथ ही अपना रन रेट भी न्यूजीलैंड से बेहतर रखना होगा। दोनों मैच हारने पर टीम इंडिया बाहर हो जाएगी।
न्यूजीलैंड के 2 मैच भारत और इंग्लैंड के खिलाफ हैं। दोनों मैच जीतकर टीम सेमीफाइनल में एंट्री कर लेगी। एक मैच हारकर भी टीम नॉकआउट में पहुंच सकती है, उन्हें बस भारत के दोनों मैच हारने की दुआ करनी होगी। दोनों मैच हारने पर टीम बाहर हो जाएगी।

## फील्ड एथलीट ऑफ द ईयर 2025 के लिए नामित खिलाड़ियों की घोषणा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विश्व एथलेटिक्स अवॉर्ड्स 2025 के लिए वोटिंग प्रक्रिया जारी है और इस बीच वर्ल्ड एथलेटिक्स ने महिलाओं और पुरुषों के 'फील्ड एथलीट ऑफ द ईयर' के लिए नामित खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है। इन दोनों श्रेणियों में पांच-पांच खिलाड़ियों को नामित किया गया है। वोटिंग के बाद प्रत्येक श्रेणी से दो-दो फाइनलिस्ट चुने जाएंगे। यह नामांकन 2025 में हुए शानदार प्रदर्शनों को ध्यान में रखते हुए किया गया है, जिसमें सबसे बड़ा आकर्षण टोक्यो में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप रही। वलेरी ऑलमैन, तारा डेविस-वुडल (यूएसए), अन्ना हॉल (यूएसए), निकोला ऑलिसलेगर्स (ऑस्ट्रेलिया), कैम्रिन रॉजर्स वहीं, 2025 पुरुष फील्ड एथलीट ऑफ द ईयर के लिए मोंडो डुप्लांटिस (स्वीडन), मत्तिया फुरलानी (इटली), ईथन कैट्जबर्ग (कनाडा), 4. हेमिश केर (न्यूजीलैंड), पेड्रो पिचार्डो (पुर्तगाल)। वोटिंग की प्रक्रिया वर्ल्ड एथलेटिक्स के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म-फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स पर शुरू हो चुकी है। वोटिंग की अंतिम तिथि 26 अक्तूबर है। विजेताओं की घोषणा 30 नवंबर को की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिका, मेक्सिको, कोस्टा रिका और जमैका ने महिला विश्व कप की मेजबानी के लिए जताई दावेदारी




**एजेंसी, मेक्सिको सिटी**

**अमेरिका,** मेक्सिको, कोस्टा रिका और जमैका के फुटबाल संघों ने 2031 महिला फुटबाल विश्व कप की संयुक्त मेजबानी के लिए अपनी दावेदारी की घोषणा की। यह टूर्नामेंट पहली बार 48 टीमों के साथ खेला जाएगा। फीफा ने मई में महिला विश्व कप को 32 से बढ़ाकर 48 टीमों तक विस्तार देने को मंजूरी दी थी।

नए प्रारूप में 12 समूह होंगे और कुल मैचों की संख्या 64 से बढ़कर 104 हो जाएगी-जो 2026 पुरुष विश्व कप के बराबर होगी। संघों ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि उनका प्रस्ताव 'इतिहास का सबसे प्रभावशाली टूर्नामेंट' आयोजित करने का लक्ष्य रखता है, जो उत्तरी अमेरिका, मध्य अमेरिका और कैरेबियन क्षेत्र में महिला फुटबॉल के लिए स्थायी विरासत छोड़ेगा। अमेरिकी फुटबाल संघ की अध्यक्ष सिंडी पार्लो कोन ने कहा कि हम अपने कॉनकाकाफ साझेदारों-मेक्सिको, कोस्टा रिका और जमैका के साथ 2031 महिला विश्व कप की बोली का नेतृत्व करने पर गर्व महसूस कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि यह टूर्नामेंट महिला फुटबाल के लिए एक नई वैश्विक पहचान बनाए और 2031 से आगे तक सकारात्मक प्रभाव छोड़े। मेक्सिकन फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मिकेल एर्रियोला ने कहा कि यह संयुक्त प्रस्ताव फीफा और कॉनकाकाफ का इन मेजबान देशों पर भरोसा दर्शाता है। (अनंत ज्ञान)